कर्म वो आईना है जो हमारा स्वरूप हमें दिखा देता है।

# दैनिक जलते दीप

संस्थापकः स्व. श्री माणक मेहता | जोधपुर एवं जयपुर से एक साथ प्रकाशित | वर्ष 51 अंक 117 | जोधपुर, गुरुवार 30 जनवरी 2020 | मूल्यः ₹ 3.00 | पृष्ठः 12 | ईमेलः jaltedeep@gmail.com

## सरसरी नजर

### निर्भया मामला : दोषी विनय ने अपनाया अंतिम रास्ता, राष्ट्रपति को भेजी दया याचिका

**एजेंसी, नई दिल्ली।** निर्भया मामले में फांसी की सजा से राहत पाने के लिए चारों दोषियों में से एक विनय कुमार शर्मा ने बुधवार को राष्ट्रपति के पास दया याचिका भेज दी है।

इससे पहले निर्भया मामले में एक अन्य दोषी मुकेश की दया याचिका खारिज हो चुकी है। फांसी का वक्त नजदीक आता देख सभी दोषी इससे बचने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। एक अन्य दोषी अक्षय सिंह ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में सुधारात्मक याचिका दायर की, जिसे कोर्ट ने सुनवाई के लिए मान लिया है।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की बेंच दोषी अक्षय ठाकुर की क्यूरेटिव पिटिशन पर सुनवाई करेगी।

### ओडिशा में बस हादसे में छह की मौत, 30 घायल

**एजेंसी, गंजाम।** ओडिशा के गंजाम जिले में बुधवार तड़के एक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 30 लोग घायल बताए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी के मुताबिक बस अचानक पलट कर पहाड़ी सड़क से नीचे गिर गई। गंजाम जिला कलेक्टर विजय अमृत कुलंगे ने बताया कि रायगढ़ा जिले के टिकिरी से ब्रह्मपुर जा रही एक निजी बस तप्तपानी के पास पलट गई और सड़क से कम से कम 30 फुट नीचे गिर गई। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, दुर्घटना में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और करीब 30 अन्य घायल हो गए।

# सीएए–एनआरसी के जवाब में यूथ कांग्रेस का एनआरयू

- राष्ट्रीय बेरोजगार रजिस्टर–एनआरयू– के लिए यूथ कांग्रेस का अभियान
- अब तक हजारों युवाओं को अभियान से जोड़ा
- अब ब्लॉक स्तर के कॉलेजों में जाकर एनआरयू की मुहिम से युवाओं को जोड़ेंगे
- यूथ कांग्रेस बेरोजगार युवाओं को अभियान से जोड़ केंद्र सरकार पर दबाव बनाएगी

**जलतेदीप विसं, जयपुर**

केंद्र सरकार को घेरने के लिए यूथ कांग्रेस अब बेरोजगारी को बड़ा मुद्दा बनाकर इसो अभियान के रूप में चलाने का फैसला किया है। एनआरयू और सीएए की काट के रूप में राष्ट्रीय बेरोजगार रजिस्टर यानी एनआरयू को लाया गया है। मंगलवार को राजधानी में राहुल गांधी की रैली में एनआरयू की विधिवत लॉन्चिंग कर दी गई है। एनआरयू की मांग को यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता जिला और ब्लॉक स्तर तक अभियान के रूप में लेकर जाएंगे।

एनआरयू की मांग के लिए टॉल फ्री नंबर 8151994411 पर मिस कॉल करके समर्थन की अपील की जा रही है। टॉल फ्री नंबर पर मिस कॉल करते ही ब्यौरा दर्ज हो जाता है। और यूथ कांग्रेस की तरफ से रिटर्न मैसेज आता है । इस मुहिम के जरिए बेरोजगार युवाओं का डेटाबेस बनाया जा रहा है। इस डेटाबेस की मदद से केंद्र सरकार पर दबाव बनाया जाएगा।

एनआरयू के समर्थन में आ रहे मिस कॉल का पूरा रिकॉर्ड रखा जा रहा है। लॉन्चिंग के दिन करीब 10 हजार युवाओं ने इसके सर्मानि में मिस कॉल किया। राजस्थान में अब एनआरयू के समर्थन में राजधानी से लेकर जिला और ब्लॉक स्तर पर अभियान शुरु किया गया है। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता ब्लॉक स्तर के कॉलेजों में जाकर एनआरयू की मुहिम से युवाओं को जोड़ेंगे। यूथ कांग्रेस बेरोजगार युवाओं को अभियान से जोड़कर केंद्र सरकार पर दबाव बनाएगी। एनआरयू की इस मुहिम को यूथ कांग्रेस देशव्यापी अभियान के तहत कई फेज में चलाएगी। इस कवायद से माना जा रहा है कि बेरोजगार युवाओ को पार्टी से जोड़ने के लिए एक टूल साबित होगा।

### कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की सभी कार्यकारिणी भंग, 20 फरवरी तक नई कार्यकारिणी

- सीएए के खिलाफ कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग करेगा प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन
- अल्पसंख्यक वर्ग में केवल मुस्लिम ही नहीं हैं, ईसाई, जैन, बौद्ध, सिख भी हैं : कागजी
- कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष आबिद कागजी ने कहा, कई नेता निष्क्रिय थे, जल्द नई कार्यकारिणी का गठन होगा

कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के नए प्रदेशाध्यक्ष आबिद कागजी ने प्रदेश से लेकर जिला और ब्लॉक स्तर की सभी कार्यकारिणी को भंग कर दिया है। प्रदेश,संभाग, जिला और ब्लॉक स्तर पर पहले की गई सभी नियुक्तियां रद्द कर दी हैं। 20 फरवरी तक नए सिरे से कार्यकारिणी बनेगी।

कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष आबिद कागजी ने कहा, कई नेता निष्क्रिय थे, जल्द नई कार्यकारिणी का गठन होगा। नई कार्यकारिणी में हर अल्पसंख्यक वर्ग से प्रतिनिधि शामिल होंगे। अल्पसंख्यक वर्ग में केवल मुस्लिम ही नहीं है, ईसाई, जैन, बौद्ध, सिख भी हैं। अब प्रदेश से लेकर जिला और ब्लॉक स्तर की नई कार्यकारिणी में सभी अपल्पसंख्यक वर्गों को शामिल किया जाएगा। आबिद कागज़ी ने कहा, सीएए एनआरसी जैसे काले कानूनों का विरोध जारी है, प्रदेश स्तर पर बड़ा प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई जा रही है। नई कार्यकारिणी का गठन 20 फरवरी तक हो जाएगा, नई कार्यकरिणी के गठन के बाद सीएए के खिलाफ प्रदर्शन होगा।

# बीटिंग रिट्रीट समारोह संपन्न, पहली बार गाया गया वंदे मातरम



**जलतेदीप ब्यूरो, दिल्ली**

भारत ने 26 जनवरी की परेड से दुनिया को अपनी ताकत दिखाने के बाद बुधवार को 29 जनवरी को राजधानी दिल्ली में 'बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी' का आयोजन हुआ। रायसीना रोड पर राष्ट्रपति भवन के सामने इसका प्रदर्शन किया जाता है।

इस भव्य कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। इस दौरान पारंपरिक धुन पर तीनों सेनाओं का मार्च चला। इसका आयोजन रायसीना रोड स्थित राष्ट्रपति भवन के सामने किया जाता है। चार दिनों तक चलने वाले गणतंत्र दिवस समारोह का समापन बीटिंग रिट्रीट के साथ ही होता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति चीफ गेस्ट होते हैं।

### क्या है बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी

बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी को मुख्य रूप से गणतंत्र दिवस का समापन समारोह कहा जाता है। यह सेना का अपने बैरक में लौटने का प्रतीक होता है।

- बीटिंग रिट्रीट समारोह का समापन हो गया है। सेना की सभी टुकड़िया बैंड बाजे के साथ अपने बैरक पर वापस चली गई हैं। राष्ट्रपति भवन, संसद भवन और कई अन्य सरकारी इमारतों को सुंदर लाइटों से सजाया गया था।
- बीटिंग रिट्रीट के समापन के बाद रायसीना हिल को तिरंगे की लाइटों से नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को सजाया गया था।
- विजय चौक पारंपरिक धुन पर तीनों सेनाओं की धुन बजाई गई। समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पीएम मोदी, उपराष्ट्रपति वेकैंया नायडू और लोकसभा स्पीकर ओम माथुर मौजूद थे।
- बीटिंग रिट्रीट कार्यक्रम में सेना का बैंड मार्च वापस जाते समय सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां... की धुन बजाई गई।
- बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी बहुत पुरानी परंपरा है। इसे सूरज ढलने के बाद मनाते हैं। भारत में बीटिंग रिट्रीट की शुरुआत साल 1950 में हुई थी। 1950 के बाद बीटिंग रिट्रीट कार्यक्रम को दो बार रद करना पड़ा था। पहली बार 26 जनवरी 2001 को गुजरात में आए भूकंप के कारण और दूसरी बार 27 जनवरी 2009 को 8 वें राष्ट्रपति वेंकटरमन का लंबी बीमारी के बाद निधन होने के कारण रद हुआ था।

## अब 24 सप्ताह में भी कराया जा सकेगा गर्भपात, केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी

**जलतेदीप ब्यरों, नई दिल्ली।** देश में गर्भपात कानून को आसान बनाने के लिए मोदी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गर्भपात कराने की अनुमति के लिए अधिकतम सीमा 20 सप्ताह से बढ़ाकर 24 सप्ताह करने की अनुमति दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस उद्देश्य के लिए गर्भपात अधिनियम (मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट) 1971 में संशोधन किया जाएगा । इसके लिए संसद के आगामी सत्र में विधेयक लाया जाएगा।

## यूथ कांग्रेस के चुनाव की घोषणा, 18 से 21 फरवरी के बीच होगी वोटिंग

जयपुर(कासं)। यूथ कांग्रेस के संगठन चुनावों की घोषणा कर दी गई है। यूथ कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण से घोषित कार्यक्रम के मुताबिक 1 से 5 फरवरी तक नामांकन होंगे। 7 और 8 फरवरी को नामांकनों की जांच और आपत्तियां ली जाएंगी। 9 फरवरी को चुनाव चिन्हों का आवंटन होगा, 10 फरवरी को चुनाव प्लानिंग होगी। 18 से 21 फरवरी के बीच वोटिंग होगी। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष और पदाधिकारियों के चुनाव होने हैं 7 साल बाद यूथ कांग्रेस को नया निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष मिलेगा। सात साल से अशोक चांदना ही इस पद पर बने हुए हैं।





अंतरायकर्म निवारण पूजा करती महिलाएं। जलतेदीप

## संबोधि धाम में आज होगा सरस्वती महापूजन

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। कायलाना रोड स्थित संबोधि धाम में स्वर्गीय पोकरदास मालू की स्मृति में अंतराय कर्म निवारण पूजा का आयोजन किया गया। संत ललितप्रभ, संत चंद्रप्रभ और मुनि शांतिप्रिय सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित महापूजन में कर्मों की शुद्धि के लिए अष्ट प्रकारी पूजा संपन्न की गई। पूजा में संतों ने अष्ट कर्म निवारण हेतु आध्यात्मिक भजन गुनगुनाए तो माहौल भावपूर्ण हो गया। महा पूजन के पश्चात भगवान आदिनाथ की आरती की गई। कार्यक्रम में पवन जैन, अशोक मालू, संपत राज पारख, वीरेंद्र मोहनोत, योगिता यादव सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

संबोधि धाम के महामंत्री अशोक पारख ने बताया कि कल संबोधि धाम में सुबह 9 से 12 बजे तक महापूजन का आयोजन होगा जिसमें 25 फुट ऊंची प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक धूमधाम से किया जाएगा। कार्यक्रम में अनेक स्कूलों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे और नृत्य प्रस्तुत करेंगे । संबोधि धाम ट्रस्ट मंडल ने शहर वासियों को बच्चों और युवाओं के बौद्धिक और मानसिक विकास के लिए सपरिवार भाग लेने का अनुरोध किया है।

## कांग्रेस का सीएए के विरोध में धरना एवं हस्ताक्षर अभियान आज

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। जोधपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के तत्वावधान में सीएए के विरोध में 30 जनवरी को दोपहर 4 बजे से सांय 6 बजे तक धरना देकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा। अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष दानिश फौजदार ने बताया कि इससे पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 72वी पुण्यतिथि पर मेडिकल कॉलेज चौराहा स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि दी जाएगी एवं सीएए के विरोध में धरना व हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

## पुस्तकालय भवन के लिए सुझाव दिए

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। राजस्थान पुस्तकालय सूचना सेवा संघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भरत सांखला एवं अखिल राज. राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शर्मा के नेतृत्व में एक शिष्ट मण्डल जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित से मिला।

सांखला व शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा सुमेर पुस्तकालय के नए भवन के लिए जिला कलक्टर से मिलकर नक्शा बनाने के लिए निर्देशित किया गया था। जिसमें कुछ आवश्यक सुझाव भी दिये कि पुस्तकालय हेतु बनने वाला नये भवन का क्षेत्रफल बढाया जाय, सभागार में कम से कम 200 व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था हो, पुस्तकालय में पार्किंग की समुचित व्यवस्था हो ताकि पाठक को वाहन गुमने का खतरा न रहे। शिष्टमंडल में पुस्तकालयाध्यक्ष अनिल अरोडा, चन्दरसिंह राठौड़ व राजेन्द्र शर्मा साथ थे।

## स्वैच्छिक भार वृद्धि घोषणा योजना कल तक

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। जोधपुर डिस्कॉम ने कृषि कनेक्शन के अनाधिकृत बढ़े हुए भार की स्वैच्छिक भार वृद्धि घोषणा योजना 31 जनवरी तक लागू रहेगी। प्रबंध निदेशक अविनाश सिंघवी ने बताया कि ऐसे कृषि उपभोक्ताओं जिनके पूर्व में दो मोटर स्वीकृत हैं व उनके भार में वृद्धि करना चाहते है तो इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्वैच्छिक भार वृद्धि घोषणा योजना के तहत कृषि उपभोक्ताओं का विद्युत भार जांच में बढ़ा हुआ पाया जाए तो उनसे कोई पैनल्टी राशि नहीं ली जाएगी, उनके द्वारा धरोहर राशि 15 रुपए प्रति एच पी प्रतिमाह की दर से दो माह के लिए जमा कराने पर भार नियमित कर दिया जायेगा। उसी कुए पर दूसरी मोटर लगाकर भार वृद्धि करते है या दूसरे कुए पर जो उसी खसरा, खेत, परिसर, मुरब्बा में हो दूसरी मोटर चलाने के लिए भार बढाते हैं तो उन्हें इस योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि उपभोक्ता इस योजना का लाभ नहीं उठाते तो इस योजना की अवधि समाप्ति पर जांच के दौरान उनका भार स्वीकृत भार से अधिक पाये जाने पर ऐसे उपभोक्ताओं से बढ़े हुए भार पर कृषि नीति के अनुसार राशि वसुली जायेगी। उन्होंने बताया कि दो वर्ष तक कटे हुए कनेक्शनों को उपभोक्ता भार वृद्धि के साथ जुड़वाना चाहता है तो वह इस योजना का लाभ ले सकता हैं। यह योजना 31 अगस्त 2019 तक जारी कृषि कनेक्शन पर लागू होगी।

## नर्स ग्रेड द्वितीय की भर्ती को हाईकोर्ट में चुनौती

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नर्स ग्रेड द्वितीय भर्ती मामले में दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

बीकानेर जिले के रामलाल नायक की ओर से राजस्थान हाईकोर्ट के अधिवक्ता रजाक के. हैदर और पंकज साई ने रिट याचिका दायर कर कोर्ट को बताया कि विभाग ने एक पैर से 40 प्रतिशत और उससे अधिक निःशक्त अभ्यर्थी को पात्र बताया है लेकिन दूसरी तरफ विभाग ने सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी 45 प्रतिशत निःशक्तता के प्रमाण-पत्र को दरकिनार कर उसकी अभ्यर्थना रद्द कर दी है जबकि इसी प्रमाण-पत्र के आधार पर इसी विभाग ने वर्ष 2013 में उसे जीएनएम पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया था। सुनवाई के बाद जस्टिस दिनेश मेहता ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का आदेश दिया। अगली सुनवाई सात फरवरी को होगी।

## बीकानेर निवासी रतनू को मिलेगा कला एवं संस्कृति संरक्षण सम्मान

बीकानेर, 29 जनवरी (निसं)। राजस्थान के जाने-माने डिंगल कवि और राजस्थानी लोक संस्कृति के विद्वान साहित्यकार बीकानेर निवासी भंवर पृथ्वीराज रतनू को भारत के कला एवं संस्कृति ट्रस्ट नई दिल्ली द्वारा 1 फरवरी को कला एवं संस्कृति संरक्षण सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। आर्ट एण्ड कल्चरल ट्रस्ट नई दिल्ली के वाइस चेयरमैन शूलपाणी सिंह ने बताया कि विशिष्ट क्षेत्रों में महारत हासिल प्रतिभाओं को ट्रस्ट द्वारा नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर के स्टीवन सभागार में उपराष्ट्रपति एम.वैंकेया नायडू के हाथों यह विशिष्ट सम्मान रतनू को प्रदान किया जाएगा। उनके अलावा 10 लोगों को यह विशिष्ट सम्मान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, रामदास अठावले, अर्जुन राम मेघवाल एवं गोवा की पूर्व राज्यपाल श्रीमति मृदूला सिन्हा मौजूद रहेंगी।

## आक्रोश रैली में भाग लिया

ब्यावर, 29 जनवरी (निसं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को केंद्र सरकार की जन विरोधी आर्थिक नीतियों,बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी के विरोध में जयपुर के रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में आयोजित युवा आक्रोश रैली में पीसीसी सचिव पारस मल जैन व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोहन लाल मेवाड़ा के नेतृत्व में पार्षद राजेश शर्मा, भुवनेश शर्मा, घनश्याम फुलवारी, राजेंद्र तुनगारिया, भरत बाघमार, सेवादल जिला अध्यक्ष सीपी शर्मा, डा. जेपी टेलर, डा. वीएस पंवार, प्रो. जलालुद्दीन काठात, सोमदेव साहू, पुरुषोत्तम चंदनानी, अशोक पंडित, फतेह सिंह रावत, इरफान, शैलेंद्र सांखला, अशोक बोहरा, मगन सौलंकी, सोनू बोहरा, घनश्याम नारोलिया, जयंती चांदावत, जगदीश शर्मा व छोटूराम माली समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# संभाग स्तरीय अमृता हाट एक से

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। प्रदेश में दूर दराज के क्षेत्रों में कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी एवं उनके उत्पादों की बिक्री व मार्केटिंग को विभाग के स्तर से समुचित समर्थन मिले इसके लिए संभाग स्तर पर पंचम अमृता हाट का आयोजन एक से सात फरवरी तक अरबन हाट परिसर पाली रोड़ में किया जा रहा है। मेले का विधिवत शुभारंभ एक जनवरी को सांय 4:30 बजे स्थानीय जन प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के सानिध्य में सम्पन्न होगा।

महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक फरसाराम विश्नोई ने बताया कि महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री के प्रदर्शन एवं विपणन के लिए हाट में राज्य के विभिन्न जिलों से स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों की लगभग 80 स्टॉल्स लगाई जायेगी। मेले में भाग लेने वाली स्वयं सहायता समूह सदस्यों को विभाग की ओर से निःशुल्क स्टॉल्स, आवासीय व्यवस्था, भोजन एवं यात्रा भत्ता उपलब्ध करवाया जायेगा। अमृता हाट का समय प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक होगा जिसमें प्रवेश व पार्किंग की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। हाट में प्रतिदिन एक व्यक्ति द्वारा न्यूनतम 300 रुपए तक के उत्पाद क्रय करने पर लक्की ड्रॉ की व्यवस्था होगी जिसमें प्रतिदिन ड्रॉ के 5 लक्की विजेताओं को 500, 400, 300, 200 व 100 रुपए की निःशुल्क खरीददारी विभाग द्वारा करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अमृता हाट में विभागीय महिला स्वयं सहायता समूहों, उद्योग विभाग, राजविका, एनएलयूएम द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हैण्डीक्राफ्ट उत्पाद लाख की चूड़ीया, मोजड़ी, पेपरमेसाी, आर्टिफिशियल फ्लोवर्स, टोराकोटा, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, उनी व सूती रेडिमेड गारमेंट, कशीदाकारीयुक्त, चिकन जरी, पेचवर्क, कांच जड़ाई, वुडन क्राफ्ट, मार्वल की कलात्मक वस्तुएं आदि के हस्त निर्मित उत्पाद, बंधेज, लहरियां, मोतड़ा, कोटाडोरियां की साड़िया, सलवार शूट, रोहट एवं सालावास की दरियां व चद्दरे, बाड़मेर की अजरख प्रिन्ट चद्दरें, गुजराती सामान, देवी-देवताओं की पोशाकें,श्मीरी वूलन गारमेंट, ड्राई फरूट्स, सोजत की मेहन्दी, खाद्य उत्पादों में अंथाना की मिर्ची का अचार, मुरब्बा, मसालें, पापड़ मंगोड़ी, सूखी सब्जीयां आदि उपलब्ध मेले में फूड कोर्ट की सुविधा रहेगी जिसमें इडली डोसा, पानी-पुड़ी, चाट-मसाला, पावभाजी, चाउमीन, डाबेली, दाल के पकौड़े, जूस, आईसक्रीम, व अन्य चटपटे खाद्य पदार्थ उपलब्ध होगे। हाट स्थल पर बच्चों के लिये झूलों की व्यवस्था की जायेगी। हाट स्थल पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सेल्फी पॉइंट स्थापित किया जायेगा। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, घूंघट मुक्त राजस्थान अभियान के तहत घूंघट प्रथा को समाप्त करने के लिए जागरूकता कार्ययाला व अन्य विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार व जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

## आत्मा का भी करें संपोषण : आचार्य महाश्रमण

### आज होगा त्रिदिवसीय मर्यादा महोत्सव का आगाज

हुब्बल्ली, 29 जनवरी । हुब्बल्ली शहर को अपनी पावन वाणी से समय का सदुपयोग करने की प्रेरणा प्रदान करते हुए शांतिदूत आचार्यश्री महाश्रमण जी ने कहा कि हमारी सृष्टि में समय एक ऐसा तत्व है जो सबको समान रूप से प्राप्त होता है। क्षेत्र और काल के बिना कोई कार्य नहीं हो सकता । समय ऐसा तत्व है जो फ्री में सभी को प्राप्त होता है परंतु इसका हम कैसा उपयोग करते हैं यह विचारणीय है। तीन चीजें हैं - सदुपयोग, दुरुपयोग एवं अनुपयोग। हम समय का दुरुपयोग तो करे ही नहीं अपितु सदुपयोग कर समय को सार्थक करें।

उपरोक्त उद्बोधन देते हुये आचार्यवर ने आगे कहा कि हम प्रतिदिन आत्मावलोकन करें। आज के दिन मैंने क्या सुकृत किया। गृहस्थ व्यापार करते हैं। कुछ समय धर्म में भी लगाना चाहिए। 24 घंटों में 60 घड़ियां होती है। 58 घड़ी कर्म की तो 2 घड़ी धर्म में भी व्यक्ति लगाएं। एक सामायिक प्रतिदिन हो जाए तो उससे आत्मा को भी खुराक प्राप्त हो जाती है। नाश्ता, भोजन जैसे शरीर का पोषण करते हैं हम आत्मा का भी धर्म से पोषण करें। आत्मा को भूले नहीं, व्यक्ति व्यस्त भले हो जाए परंतु दिमाग अस्त-व्यस्त ना हो। शरीर नश्वर है, यह आत्मा ही स्थाई है, आगे जाने वाली है। इसे भूले नहीं और समय को सार्थक करने का प्रयास करें।



आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीआरएल ग्रुप ऑफ कंपनीज के डायरेक्टर पद्मश्री डॉ. विजय शंखेश्वर जी ने पूज्यवर का अभिनंदन करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आचार्य महाश्रमण मर्यादा महोत्सव व्यवस्था समिति के अध्यक्ष सोहनलाल कोठारी ने स्वागत वक्तव्य दिया। व्यवस्था समिति सलाहकार महेंद्र सिंघी ने अतिथियों का परिचय दिया। तेरापंथ सभा हुब्बल्ली के ट्रस्टी उमराव सिंह बैद, रमेश चोपड़ा, राजेंद्र पारख, मुन्नालाल पारख, संदीप पालगोता, कन्या मंडल संयोजिका अंकिता श्रीश्रीमाल ने भी विचारों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अणुव्रत न्यास की ओर से कैलेंडर का विमोचन किया गया।

कल गुरुवार 30 जनवरी से हुब्बल्ली के संस्कार नगर स्थित बाल संस्कार स्कूल में जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्म संघ का अतिविशिष्ट 156 वां मर्यादा महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम का आगाज होगा। आचार्य श्री महाश्रमण जी की सन्निधि में होने वाले इस महा महोत्सव में देश-विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां सम्मिलित होंगे। प्रथम दिन का मुख्य आकर्षण साधु-साध्वियों के सेवा केंद्रों की घोषणा रहेगा। दूसरा दिन आचार्य महाप्रज्ञ जन्म शताब्दी का कार्यक्रम एवं महोत्सव के अंतिम दिन अनेक घोषणाएं आचार्य श्री द्वारा की जाएगी। तीनों दिन मुख्य कार्यक्रम लगभग 12 बजे से प्रारंभ होगा।

## अवैध बजरी परिवहन करते 1 ट्रेक्टर, 1 जेसीबी व 1 सेपरेटर मशीन पकड़ी

भीलवाड़ा, 29 जनवरी (निसं)। जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में स्पेशल टास्क फोर्स की अवैध बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

फोर्स के प्रभारी आईएएस अतहर आमिर खान ने बताया कि बीती रात अवैध बजरी परिवहन करते 3 ट्रेक्टर, 1 जेसीबी व 1 सेपेराटोर मशीन जब्त की। मंडपिया में अवैध बजरी ले जा रहे एक ट्रेक्टर को पुलिस चैकी मंडपिया को सौंप दिया गया। पटियाला में ट्रेक्टर को जब्त कर लिया गया और पुलिस स्टेशन मंगरोप को सौंप दिया गया। रुपाहेली में एक ट्रेक्टर, 1 जेसीबी और 1 अवैध गार्नेट खनन में लगी मशीन को जब्त किया गया।

## दादी अणदल सती मेला कल

बाप, 29 जनवरी (निसं)। क्षेत्र के कानासर में दादी अणदल सती मन्दिर मै 31जनवरी को मेला आयोजित होगा।

मेला कमेटी के अध्यक्ष भैराराम गोदारा ने बताया कि 30 जनवरी की शाम को जागरण का आयोजन होगा। सुबह हवन व आरती से मेले की शुरूआत होगी।

## 'इतनी सी भूल' काव्य संग्रह का पोस्टर लॉन्च

उदयपुर, 29 जनवरी (निसं)। मूलतः उदयपुर हाल अहमदाबाद निवासी कंटेंट राइटर महिमा जावरिया के काव्य संग्रह 'इतनी सी भूल',के पोस्टर का विमोचन किया गया। एम स्क्वायर के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि ये विमोचन उदयपुर के भूतपूर्व मेयर रविन्द्र श्रीमाली,कांग्रेस नेता पंकज शर्मा,ऋवि राव अजात शत्रु व अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। प्रदीप कालरा ने बताया कि लेखन में विशेष रुचि रखने वाली और प्रोफेशन से चार्टर्ड अकाउंटेंट महिमा जावरिया द्वारा रचित पुस्तक इतनी सी भूल का पोस्टर विमोचन किया गया। महिमा ने बताया कि इतनी सी भूल उनकी पहली पुस्तक है जिसमें उन्होंने प्रेम के दर्द, तन्हाई, प्रेम की भावना, समाज का दोहरा रूप जैसी कई संवेदनशील भावनाओं को अपनी कविताओं के द्वारा व्यक्त किया है।



## चैलेंजर ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता 9 से

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। मां बिल्डर्स के तत्वावधान में चैलेंजर ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता 9 फरवरी से खेली जाएगी। लीग आधार पर खेली जाने वाली प्रतियोगिता में 12 टीमें भाग लेगी। टी-20 नियमों के आधार पर खेली जाने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने कह इच्छुक टीमें 2 फरवरी तक अपनी प्रविष्टियां जमा करवा सकते हैं।



सम्मानित होते भट्टड़। जलतेदीप

## भट्टड को सम्मानित करने पर आभार जताया

बाप, 29 जनवरी (निसं)। उपखण्ड में गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपखण्ड अधिकारी महावीर सिंह द्वारा सामाजिक कार्यकता गोपाल भठड़ को सम्मानित करने पर व्यापारियो ने एसडीएम का आभार जताया।

**प्लास्टिक हटाओ :** बाप में प्लास्टिक हटाओ गाय बचाओ अभियान का आगाज किया गया। जिसके तहत गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम स्थल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान में जागरूकता वृक्ष लगाया गया। वृक्ष पर प्लास्टिक रोकथाम के नारों की तख्तियां लगाई गई। उपखंड अधिकारी महावीर सिंह ने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। विकास अधिकारी धनदान देथा, तहसीलदार बाप, घण्टियाली नायब तहसीलदार रमजान खान, शिक्षा विभाग के बुधराम विश्नोई सहित अधिकारियों ने जागरूकता अवलोकन किया। टीम में कमलेश पंवार, विजय कुमावत, सुरेश पालीवाल, रमेश पालीवाल, गोपाल भट्टड, मनीष कुमार बिस्सा ने इस कार्य मे सहयोग किया। महिला सेवा के याकूब अली ने कहा कि परियोजना भी इस कार्य को जागरूकता अभियान के रुप में चलायेगी।

## गैंगस्टर श्याम पूनिया गिरफ्तार

### राज्य स्तर पर टॉप 6 अपराधियों में है शुमार

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। जिले में 007 नाम से कुख्यात गैंग के सरगरा श्याम पूनिया को दबोच लिया है। वह अपने साथियों के साथियों के साथ पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ। उसके साथ ही पुलिस ने गैंग के दो सदस्यों को भी पकड़ा है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राहुल बारहठ ने बताया कि जोधपुर एवं बीकानेर रेंज में 007 नाम से कुख्यात गैंगस्टरों की धरपकड़ के लिए गठित विशेष टीम ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिला में पुलिस मुठभेड़ के दौरान कुख्यात गैंगस्टर श्याम पूनिया, श्रीराम मांजु एवं श्रवण विश्नोई को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। मुठभेड़ के समय श्याम पूनिया द्वारा पुलिस दल पर जान से मारने की नीयत से फायर किए गए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायर किए जिस पर श्याम पूनिया एवं श्रवण विश्नोई गोली लगने से घायल हो गए। दोनों का कोल्हापुर अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस अधीक्षक राहुल बारहठ के अनुसार वांछित अपराधी भिंयासर भोजासर निवासी श्याम पूनिया पुत्र गोरधनराम विश्नोई आले दर्जे का बदमाश, गैंगस्टर एवं हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरूद्ध पुलिस थाना भोजासर, बाप, लोहावट, पुलिस थाना सुजानगढ़ जिला चुरू, पुलिस थाना गंगाशहर जिला बीकानेर में हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, नकबजनी, चोरी, धोखाधड़ी, उद्धापन के 15 प्रकरण दर्ज है। श्याम पूनिया राज्य स्तर पर टॉप 6 एवं जोधपुर रेंज स्तर पर टॉप 10 में चिन्हित वांछित अपराधी है। श्याम पुनिया की गिरफ्तारी पर पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा 20 हजार एवं पुलिस महानिरीक्षक जोधपुर रेंज द्वारा 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। श्याम पुनिया काफी लम्बे समय से फरार चल रहा था। श्याम पुनिया 007 गैंग का मुखिया है।

## पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त भाजपा कार्यकर्ता निष्कासित

बीकानेर, 29 जनवरी (निसं)। गत निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारो के सामने चुनाव लड़ने और समझाईश के बाद भी नामांकन वापस नही लेने को पार्टी नेतृत्व ने गंभीरता से लेते हुए निष्काषन आदेश जारी किया है। शहर जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि भाजपा प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल के निर्देश पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त कार्यकर्ताओ का निष्काषन आदेश जारी किया गया है,निकाय चुनावों में निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले जामनलाल गजरा, श्रवण चौधरी, भगवती प्रसाद गौड़, श्रीमती भावना सत्ती, किशन चौधरी व नेमीचंद कुलड़िया को निष्कासित किया गया है।

## शाहपुरा, कोटडी एवं बनेडा पंचायत समितियों में 74.81 प्रतिशत मतदान

भीलवाडा, 29 जनवरी (निसं)। पंचायत आम चुनाव-2020 के तहत तृतीय चरण में बुधवार को जिले की शाहपुरा, कोटडी एवं बनेडा पंचायत समितियों में पंच एवं सरपंच पद के लिये शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। ग्रामीणजनों ने उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया। सायं 5 बजे तक शाहपुरा पंचायत समिति में 75.34 प्रतिशत, कोटडी पंचायत समिति में 73.51 प्रतिशत तथा बनेडा पंचायत समिति में 75.87 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। तीनों पंचायत समितियों का 74.81 प्रतिशत मतदान हुआ है। बुधवार प्रातः 8 बजे चाकचैबन्द सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच पंच, सरपंच पदों के लिए प्रारंभ हुए मतदान में सर्दी के बावजूद प्रातः से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिली। शांतिपूर्वक तथा सुचारु रुप से प्रारंभ हुए मतदान में महिला मतदाताओं में भी खासा उत्साह नजर आया तथा उनकी भी लंबी कतारे मतदान केन्द्रों पर नजर आने लगी।

## फाउंटेन किंग-समाजसेवी देवेंद्र धोका का राजस्थान संघ में सम्मान

बेंगलूरु, 29 जनवरी । राजस्थान के पाली जिले के समाजसेवी एवं फाउंटेन किंग के नाम से मशहूर देवेंद्र धोका का यहां शंकरपुरम स्थित राजस्थान संघ कर्नाटका के कार्यालय में अभिनंदन किया गया । इससे पूर्व उन्होंने यहां से संचालित विविध सामाजिक सरोकारों के तहत रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। संघ के फाउण्डर चेयरमैन रमेश मेहता व अध्यक्ष श्रीमती रतनीबाई मेहता ने धोका को संघ की मोक्षवाहिनी, नीति वस्त्र भंडार व मेट्रिमोनियल सेवाओं के बारे में विस्तार से बतलाया। उल्लेखनीय है कि गत 20 वर्षों से यहां प्रवासी राजस्थानियों द्वारा गठित इस संघ की बेंगलूरु में विशिष्ट पहचान है। इस अवसर पर धोका को मेमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। मेहता के साथ श्रीमती शकुंतला दामोदर, दिलीप पिरगल भी मौजूद रहे।



## एक करोड 8 लाख रुपए से विकसित हो रहा है मानसागर पार्क

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश अनुसार महामंदिर क्षेत्र में स्थित मानसागर पार्क में 1 करोड़ 8 लाख रूपए की राशि से विभिन्न जनोपयोगी विकास कार्य लगभग पूर्ण किए जा चुके हैं। जेडीए के अधीक्षण अभियंता महेंद्र सिंह ने बताया कि मानसागर पार्क में ओपन जिम बच्चों के लिए खेल सुविधाओं के साथ म्यूजिकल फ उंटेन की व्यवस्था भी की गई है। पार्क में ओपन जिम के तहत स्काईवॉकर,रोवर सिट अप बोर्ड, ट्विस्टर, सीटेट पुलर, स्पिनर, लेग प्रेस, सर्फिंग बोर्ड आदि के साथ बच्चों के लिए डबल स्विंग, सीसॉ, मैरी राउंड डीलक्स स्लाइड आदि सहित लगभग चार लाख रुपए के उपकरणों को स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष पार्क के रखरखाव व संधारण कार्य के लिए 15.43 लाख रूपए की राशि, 16.63 लाख की राशि से स्टोन फर्श, वाकिंग ट्रैक, 9.34 लाख राशि के स्प्रिंकलर सिस्टम आदि के साथ लगभग 63 लाख रुपए की राशि से म्यूजिकल फ उंटेन भी स्थापित किया जा रहा है।

## आरटीई पुनर्भरण राशि नहीं मिलने से निजी स्कूलों में आर्थिक संकट

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। निजी विद्यालयों का सरकार द्वारा आरटीई पुनर्भरण राशि समय पर जारी नहीं करने से प्रदेश के निजी विद्यालय आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। स्कूल वैलफेयर एसोसियेशन राजस्थान (स्वराज) के प्रदेश महासचिव मुकेश मांडण ने इस आशय का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले सत्र के सभी आरटीई क्लैम बिल्स सरकार के पास भेजे इतना समय बीत जाने के बाद भी किश्त जारी नहीं की गई। सरकार हर बैठक में तरह-तरह की पाबंदियों और अव्यवहारिक नियमों को लागू करके निजी शिक्षण संस्थानों का गला घोंट रही है। एक ओर सरकारी विद्यालयों का बजट बढाया जाता रहा है, किन्तु निजी विद्यालयों की आरटीई बिल राशि में अव्यवहारिक एवं मनमर्जी से कटौती की जा रही है एवं आरटीई मद का पैसा अन्यत्र लगाया जा रहा है। इस सत्र के क्लैम बिल्स भी विद्यालयों द्वारा विभाग को भिजवा दिये गये हैं किन्तु उनके भुगतान का सरकार की ओर कोई सकारात्मक प्रयास न किया जाना निराषा का वातावरण उत्पन्न कर रहा है। स्वराज के प्रदेश महासचिव ने बताया कि सरकारों का निजी शिक्षण संस्थानों के प्रति इस प्रकार रवैया राज्य में बेरोजगारी और व्यवसायिक वातावरण को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है। उन्होने राज्य सरकार से आरटीई का भुगतान समय पर करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री को लिखे पत्रों का कोई जबाब तक नहीं मिलता जबकि राज्य में सिटिजन चार्टर लागू है।

## जीएसटी ऑडिट की तारीख बढाने की मांग

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। मरूधरा टैक्स बार एसोसिएशन वेस्टर्न राजस्थान के अध्यक्ष पीएम चौपड़ा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ज्ञापन देकर प्रेषित कर वेट व प्रवेश कर में एमेनेस्टी स्कीम लाने, टैक्स बोर्ड में मेंबर्स के रिक्त पदों की पूर्ति करने तथा जीएसटी ट्राइब्यूनल व जीएसटी ऑफिस के लिए शीघ्र भवन बनाने तथा पिछले तीन माह से वैट में पेंडिंग रिफण्डों को शीघ्र जारी करने की मांग की है। श्री चौपड़ा ने कहा है कि अभी मार्केट में बहुत मंदी है। इसलिए ऐमेनेस्टी स्कीम जारी होने व रिफण्ड मिलने से औद्योगिक जगत को बहुत फायदा होगा व राहत मिलेगी। श्री चौपड़ा ने जीएसटी काउंसिल व स्टेट कमीश्नर जीएसटी से जीएसटी ऑडिट रिटर्न जीएसटीआर 9 तथा जीएसटीआर 9 सी की अंतिम तिथि जो कि 31 जनवरी है उसको 28 फरवरी तक बढाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि अभी एडवोकेट और सीए आदि जीएसटी रिवोकेशन, जीएसटी मिसमेच, टीडीएस रिटर्न आदि के सभी कामों में व्यस्त हैं। इन सब को ध्यानमें रखते हुए इस तिथि को 28 फरवरी किया जाए।

## नगर निगम की स्वच्छता रैली आज

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए नगर निगम की ओर से गुरुवार को स्वच्छता रैली का आयोजन किया जाएगा। आयुक्त सुरेश कुमार ओला ने बताया कि रैली में सफाई कर्मी स्वच्छता के सैनिक के रूप में शिरकत करेंगे। उम्मेद स्टेडियम में सुबह 11 बजे रैली रवाना होकर तीन अलग-अलग स्थानों पर जाकर संपन्न होगी।

## अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों की उपलब्धियों का संकलन होगा

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। जिला खेल अधिकारी, क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण संस्था केन्द्र द्वारा जिले के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों की खेल उपलब्धियों का संकलन किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी गोविन्द सिंह परिहार ने बताया कि जिले के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी अपना नवीनतम फोटो एवं उच्चतम उपलब्धियों से संबंधित प्रमाण पत्र श्री उम्मेद राजकीय स्टेडियम कार्यालय में तीन दिन में जमा करवा सकते है। इसमें ओलम्पिक एवं पैरा ओलम्पिक खेल के पदक विजेता, एशियन, पैरा एशियन गेम्स में पदक विजेता, कामनवेल्थ एवं पैरा कामनवेल्थ गेम्स के पदक विजेता, वर्ल्डकप, पैरा वर्ल्डकम के पदक विजेता, वर्ल्ड चैम्पियनशिप, पैरा वर्ल्ड चैम्पियनशिप के पदक विजेता, क्रिकेट वर्ल्डकप एवं वर्ल्ड चैम्पियनशिप के विनर एवं रनर अप, पोलो वर्ल्डकप व वर्ल्ड चैम्पियनशिप के रनर अप, एशियन चैम्पियनशिप एवं पैरा एशियन चैम्पियनशिप के पदक विजेता, क्रिकेट एशिया कप एवं चैम्पियनशिप के विनर एवं रनर अप, साउथ गेम्स, पैरा साउथ एशियन गेम्स के पदक विजेता, नेशनल गेम्स एवं पैरा नेशनल चैम्पियनशिप के पदक विजेता, नेशनल चैम्पियनशिप एवं पैरा नेशनल चैम्पियनशिप के पदक विजेता, पोलो नेशनल चैम्यियनशिप के विनर एवं रनर अप तथा क्रिकेट रणजी ट्रॉफी के विनर एवं रनर अप को सम्मिलित किया जायेगा।

## बादशाह मेले का गणपति पूजन

ब्यावर, 29 जनवरी (निसं)। बुधवार को सूरजपोल गेट बाहर स्थित श्री प्रसन्न गणपति मंदिर में अग्रवाल समाज की ओर से 11 मार्च को आयोज्य ऐतिहासिक बादशाह पर्यटन मेले की विधिवत तैयारी के लिए गणपति पूजन कर मेले की सफलता की कामना की गई। इस मौके अग्रवाल समाज के अध्यक्ष निर्मल बंसल, मेला संयोजक भरत कुमार मंगल, आरसी गोयल, नितेश गोयल, अशोक अग्रवाल, अनिल सर्राफ, जगदीश रायपुरिया, पवन रायपुरिया, श्रवण बंसल, राजेश्वर अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, मनीष बंसल, प्रेम बालोतरिया, सुशील सिंघल, टीसी गोयल व शैलेंद्र गुप्ता इत्यादि मौजूद थे।





# हे शारदे मां... हे शारदे मां... अज्ञानता से हमें तार दे मां...

## वसंत पंचमी पर स्कूल-कॉलेजों सहित कई स्थानों पर हुआ सरस्वती पूजन

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। ज्ञान व वाणी की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती उपासना का पर्व बसंत पंचमी बुधवार को मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल-कॉलेजों सहित कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए।

मां सरस्वती की पूजा के लिए समर्पित बसंत पंचमी का पर्व बुधवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान शहरभर में कई कार्यक्रम हुए। विद्यालयों में सरस्वती पूजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर की विभिन्न स्कूलों में इस अवसर पर बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर किया। वहीं अनेक विद्यालयों व देवालयों में सरस्वती का पूजन किया गया।

मंदिरों में वासंती पोशाकों से शृंगारित देव प्रतिमाओं को पीले चावल (बीणज), केसर खीर और पीले फलों का भोग लगाया गया। संगीत साधक वीणा वादिनी के साथ वाद्ययंत्रों का पूजन भी किया गया।

एनआईआईटी के जोधपुर केंद्र पर विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने समारोहपूर्वक बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया। मां सरस्वती के मंदिर संस्थान में सभी विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने श्रद्धा के साथ पूजा एवं प्रसाद कर आशीर्वाद लिया। पीले वस्त्र पहन शिक्षा की दात्री मां सरस्वती को नमन करते हुए केंद्र निदेशक मुकेश बंसल ने सभी विद्यार्थियों को कहा कि बैंकिंग हो या कंप्यूटर, एकाउंटिंग हो या टेक्नोलॉजी, एनआईआईटी जोधपुर एक विद्या मंदिर के रूप में हमेशा अव्वल रूप से सभी को अच्छे कैरियर प्रदान करता रहा है।

इसी तरह रातानाडा कृष्ण मंदिर में स्कूली बच्चों ने बसंत पंचमी मनाई। यहां पर मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा की गई। वहीं कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

नेतल पब्लिक अकादमी नारनाड़ी में वसंतोत्सव पर बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। विद्यार्थी पीले वस्त्रों में आए। कल विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। संस्था सचिव मनमोहन शर्मा ने बताया कि समारोह तीन दिन चलेगा। संचालन चेतना शर्मा, गायत्री और रेणु ने किया।

बीआर बिड़ला पब्लिक विद्यालय में बसंत पंचमी कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय विद्यालय प्राचार्य पंकज शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया। समस्त विद्यार्थियों ने 'या कुन्देन्दु तुषारहार धवला या शुभ्रवस्त्रावृता' का सस्वर गायन कर मां को श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने पुस्तकों की पूजा कर मां शारदे से उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद मांगा। विद्यालय निदेशक श्रीमती अर्चना बिड़ला ने अपने सम्बोधन में बसंत पंचमी पर्व के बारे में बताया।

सेन्ट्रल एकेडमी विद्यालय की पाल शाखा में बसन्त पंचमी उत्सव का आयोजन समारोहपूर्वक किया गया। शाला प्राचार्या श्रीमती ममता झा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके इस शुभदिन का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात कक्षा प्रथम से नवम तक के विद्यार्थियों द्वारा बसन्त पंचमी एवं प्रकृति विषयक विभिन्न विचार, आलेख, कविता, श्लोकवाचन, सरस्वती वन्दना की नृत्यमयी प्रस्तुति, समूहगान इत्यादि ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। कार्यक्रम के अन्त में शाला प्राचार्या ममता झा ने छात्रों को बसन्त पंचमी की शुभकामनाएं दी।

बंसती पंचमी के अवसर पर बालिका आदर्श विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक शास्त्रीनगर में विद्यारम्भ संस्कार व बसन्तोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में क्षेत्र की महिलाओं व बालिकाओं ने मंगल गीत गाए। शोभायात्रा के दौरान विद्यालय के मंछापूर्ण महादेव मंदिर में शास्त्रों का पूजन किया गया। शोभा यात्रा में आदर्श विद्या मन्दिर केशव परिसर के प्राचार्य भोमराज जोशी, प्रधानाचार्य श्रीमती धनपूर्णा गहलोत एवं नन्दा मेहता व गणमान्य लोग सम्मिलित हुए। इसके साथ ही यज्ञ-हवन के साथ भैया/बहिनों का विद्यारम्भ संस्कार किया गया।

हवन के बाद भैया बहिनों से पोथी पूजन करवाया गया। इसी प्रकार कमला नेहरू नगर स्थित महिला टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दीपाली, मृणाली, रिंकू भाटी, सरोज सैन, ललिता, चेतना गौड, रिया मिश्रा व अनुराधा ने गीत, कविता, वन्दना व प्रार्थनी की प्रस्तुति दी। अंत में प्राचार्य डॉ.उमा लौहार ने आभार जताया। संचालन अनुष्का शरीन व अंजली ने किया।

## मतदान सामग्री राजकीय पोलिटेक्निक महाविद्यालय में जमा होगी

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। जिले की पंचायत समिति बिलाड़ा एवं शेरगढ में पंचायत आम चुनाव 2020 के मतदान के पश्चात 30 जनवरी को मतदान दलों द्वारा मतदान सामग्री राजकीय पोलोटेक्निक महाविद्यालय (छात्र) में स्थापित 03 काउण्टरों पर जमा की जाएगी तथा ई वी एम राजकीय पोलोटेक्निक महाविद्यालय(छात्र) के कमरा नम्बर सी-5 (स्ट्रांग रूम) में संग्रहित की जाएगी।

पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी(पंचायत) कलेक्टर प्रकाष राजपुरोहित के आदेषानुसार पंचायत समिति बिलाड़ा एवं शेरगढ के मतदान दलों की वापसी के समय राजकीय पोलोटेक्निक महाविद्यालय में स्थापित 3 काउण्टरों पर सुरक्षा, कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए पुलिस उपायुक्त जिला पष्चिम आयुक्तालय जाब्ता तैनात कर सुरक्षा, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना सुनिष्चित करेंगे।

**यातायात व्यवस्था :** उन्होंने बताया कि मतदान के पष्चात मतदान दलों के वापसी के समय कॉलेज परिसर में प्रवेष करने वाले प्रषासनिक अधिकारियों एवं मतदान दलों के वाहनों की यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात प्रभारी होंगे। प्रभारी अधिकारी रूट चिन्हित कर यातायात व्यवस्था के लिए जाब्ता तैनात कर व्यवस्थाएं सुनिष्चित करेंगे। पुलिस उपायुक्त पष्चिम एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात आयुक्तालय द्वारा मतपेटियां संग्रहण स्थल पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखना सुनिष्चित करेंगे तथा पुलिस बल 30 जनवरी को दोपहर 2 बजे से तैनात करना सुनिष्चित करेंगे।



पुस्तक का विमोचन करते। जलतेदीप

## राजस्थानी शोध संस्थान में डिंगल साहित्य का खजानाः लखावत

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष औंकारसिंह लखावत ने राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी का अवलोकन किया।

उन्होने पुरालेखीय सम्पदा की सराहना करते हुए कहा कि शोध संस्थान में चारणी साहित्य का अद्भुत खजाना होने के साथ ही डिंगल रचित साहित्य की भरमार है। जिनमें चारण साहित्य के प्राचीन दोहे, गीत, छप्पय, नीसांणी, वचनिका, झमाल व छन्द शास्त्र बहुत महत्वपूर्ण है, जिसको प्रकाश में लाना आवश्यक है। राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति के विकास में राजस्थानी शोध संस्थान विगत कई वर्षों से महत्वपूर्ण ग्रन्थों का सम्पादन एवं प्रकाशन कर रहा है। जिससे राजस्थानी भाषा की मान्यता का पक्ष भी मजबूत हुआ है। इस अवसर पर इन्होंने संस्थान के सहायक निदेशक, डॉ. विक्रमसिंह भाटी के द्वारा लिखित पुस्तक 'दहिया राजवंश का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास' पुस्तक का भी विमोचन किया।

## शहीद दिवस आज

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। मानजी का हत्था पावटा स्थित भारत सेवा संस्थान में कल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पुष्पाजंलि कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। संस्थान के प्रभारी नरपतसिंह कच्छवाहा ने बतायाकि प्रात 11 बजे महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पुष्पाजंलि कार्यक्रम आयोजित होगा।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आमजन को प्रेरित करने हेतु गांधीजी के अहिंसा व सेवा व मार्ग एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला जायेगा। जिसके लिए शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, शिक्षाविद, विधायकों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान द्वारा संचालित प्रतियोगी परीक्षा अध्ययन केंद्र के अध्ययनरत विद्यार्थी व संस्थान के कर्मचारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# बिलाड़ा और शेरगढ़ पंचायत समितियों में उत्साहपूर्वक मतदान

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। प्रदेश में पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के लिए बुधवार को उत्साह से मतदान किया गया। वोटिंग सुबह 8 बजे शुरू हुई जो शाम 5 बजे तक चली। इसमें 49 पंचायत समितियों की 1700 सरपंच पदों का चुनाव हुआ। इसमें सरपंच के पद के लिए 10,865 और पंच के लिए 28,223 उम्मीदवार खड़े थे। तीसरे चरण में प्रदेश भर में 17 सरपंच और 6953 पंच निर्विरोध चुन लिए गए हैं। जोधपुर जिले में बिलाड़ा और शेरगढ़ पंचायत समितियों के लिए मतदान हुआ।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर मदनलाल नेहरा ने बताया कि पंचायत समिति बिलाड़ा में 97 व पंचायत समिति शेरगढ़ के अस्सी मतदान केंद्रों पर 29 ग्राम पंचायतों के 87 सरपंच व 67 वार्ड पंच के चुनाव तृतीय चरण में हुए है। शेरगढ़ पंचायत समिति में 29 ग्राम पंचायतों के लिए सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हो गया। यहां युवाओं में गांव की सरकार चुनने का खासा उत्साह नजर आया।

हल्की ठंड होने के बावजूद मतदान केंद्रों पर कतारे लग गई। यहां कुल 80 मतदान बूथों पर हो मतदान हुआ और लोगों में मतदान के प्रति खास उत्साह भी देखा गया। चुनाव को लेकर पुलिस की ओर से भी आवश्यक इंतजाम किए गए। यह पहला मौका है जब सरपंचों के चुनाव भी ईवीएम मशीन के माध्यम से ही करवाए गए है। 80 मतदान केन्द्रों पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 4 एरिया मजिस्ट्रेट व 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए जो लगातार व्यवस्थाओं को बनाए रखने में जुटे रहे। सोलंकियातला, रावतसर, सुवालिया, लुम्बानसर व रामगढ़ संवेदनशील व सोमेसर, दासानिया, पाबूसर, चतुरपुरा, तेना, शेरगढ़, साई, देवीगढ़ व सोइंतरा अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए।

**यह है चुनावी स्थिति :** बता दे कि पहले चरण के चुनाव में सरपंच के 2726 पदों के लिए चुनाव के परिणाम सामने आ चुके हैं। इसमें 81.51 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया। वहीं दूसरे चरण में 2312 ग्राम पंचायतों में सरपंच-पंच के लिए 82.78 फीसदी मतदान हुआ था। तीसरे चरण में सरपंच पद के लिए 10 हजार 865 और पंच के लिए 28 हजार 223 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। तीसरे चरण में 24 जिलों की 1700 ग्राम पंचायतों के लिए मतदान हुआ है।

तीसरे चरण में प्रदेशभर में 17 सरपंच और 6,953 पंच निर्विरोध चुन लिए गए हैं। तीसरे चरण में 49 पंचायत समितियों की 1700 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों के लिए 17,620 उम्मीदवारों ने 17,713 नामांकन-पत्र दाखिल किए थे। नामांकन-पत्रों की जांच के बाद इनमें से 16,910 नामांकन वैध पाए गए हैं। नाम वापसी की तिथि तक इनमें से 6,028 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए थे। इस प्रकार तीसरे चरण में अब सरपंच पद के लिए कुल 10,865 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पंच पद के लिए 1700 ग्राम पंचायतों के 17,516 वार्डों के लिए 45,754 उम्मीदवारों ने 45,770 नामांकन-पत्र दाखिल किए थे। नामांकन-पत्रों की जांच के बाद 44,620 उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए। इनमें से 9,444 उम्मीदवारों ने नाम वापसी के दिन अपने नाम वापस ले लिए थे। तीसरे चरण में प्रदेशभर में 6,953 पंच निर्विरोध चुन लिए गए हैं।

## डिस्कॉम की किसानों के लिए सरलीकृत योजना

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। जोधपुर डिस्कॉम के ऐसे कृषि उपभोक्ता जिनके द्वारा अपने बकाया बिलों की 50 प्रतिशत राशि जमा कराने पर उन्हें शेष राशि मार्च तक मासिक किष्तों में जमा कराने की सुविधा प्रदान की हैं। प्रबंध निदेशक अविनाश सिंघवी ने बताया कि कृषि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए उनके बकाया बिलों के भुगतान के लिए यह सरलीकृत योजना 31 जनवरी तक लागू की हैं। प्रबंध निदेशक ने बताया कि ऐसे किसान जिनके कनेक्शन 1 अप्रैल 2019 से पूर्व कटे हैं वे भी इस एमनेस्टी स्कीम का लाभ उठा सकते है जिनके विद्युत कनेक्शन 1 अप्रैल 2019 के बाद कटे है वे भी इस सरलीकृत योजना के तहत बकाया का पचास प्रतिशत जमा कराकर नियमानुसार पुनः कनेक्शन जुड़वा सकते हैं व शेष राशि मार्च तक समान किश्तों में जमा करा सकते हैं।

## उत्कर्ष में कार्यशाला के पंजीयन जारी

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। सब-इंस्पेक्टर परीक्षा का लिखित एवं शारीरिक क्षमता परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद सभी चयनित अभ्यर्थी अपनी साक्षात्कार की तैयारी को हर दृष्टिकोण से मजबूत बनाने के लिए जुटे है।

उत्कर्ष के निदेशक निर्मल गहलोत ने बताया कि संस्थान राज्य प्रशासनिक सेवाओं में चयनित विद्यार्थियों के मॉक इंटरव्यू व साक्षात्कार कार्यशाला का आयोजन एक से आठ फरवरी तक किया जाएगा। जिसकी विडियो रिकॉर्डिंग तथा बोर्ड के सभी सदस्यों का लिखित रूप में फीडबैक अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया जायेगा, जिससे वे स्वयं का विश्लेषण व परीक्षण कर सुधार कर सकें। कार्यशाला में कई दक्ष साक्षात्कारकर्ता एवं कई पुलिस अधिकारी भी शामिल होंगे।

## विद्यार्थियों को संगीत की बारिकियों से अवगत कराया

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। केन्द्रीय विद्यालय सीमा सुरक्षा बल में स्पीक मैके कार्यक्रम के तहत सितार वादक पंडित प्रतीक चौधरी एवं तबला-वादक उस्ताद फिउद्दीन साबरी ने प्रस्तुति दी।

इस मौके कलाकारों ने संगीत की बारीकियों से बच्चों को अवगत कराते हुए कहा कि विदेशो मे हमारी पहचान भारतीय संगीत परंपरा, सभ्यता एवं संस्कृति के कारण ही है।

प्राचार्य डॉ. एमएमए उस्मानी ने कलाकारों का स्वागत किया। अंत में प्रधानाध्यापक आरएल दवे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




पुस्तिका का विमोचन करते बेनीवाल व सांखला। जलतेदीप

## विद्यार्थियों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती संगीता बेनीवाल के मुख्य आतिथ्य में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय माता का थान में बुधवार को चाइल्ड लाइन द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'स्वच्छ सोच और स्वच्छ व्यवहार बनाए स्वच्छ समाज एवं सुरक्षित देश' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती बेनीवाल ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही बालकों से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में भारत सेवा संस्थान के अध्यक्ष जसवंतसिंह कच्छवाहा तथा बाल कल्याण समिति के धनपत गुर्जर अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं ने स्वच्छता, बालश्रम, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, बाल भिक्षावृति एवं बाल शोषण पर पेन्टिंग बनाकर समाज को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। विजेताओं को श्रीमती बेनीवाल ने पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने राज्य सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की प्रमुख योजनाओं से संबंधित पुस्तिका का विमोचन तथा विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। चाइल्ड लाइन के समन्वयक दिनेश राज ने चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098 एवं आत्मरक्षा से संबधित जानकारी दी।

## अभिषेक जैन को मिलेगा उम्मीद रत्न सम्मान

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। समाजसेवी अभिषेक जैन को जयपुर के उम्मीद रत्न सम्मान से नवाजा जाएगा।

उम्मीद हेल्पलाइन फाउंडेशन द्वारा इस सम्मान से नवाजा जा रहा है। इसी कड़ी में उम्मीद रत्न के लिए जोधपुर से अभिषेक जैन का चयन किया गया। उम्मीद हेल्पलाइन फाउंडेशन के अध्यक्ष उत्तम जैन ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 23 फरवरी को जयपुर में भैरोसिंह शेखावत स्मृति भवन में किया जाएगा जिसमें देशभर की कई जानी मानी हस्तियां उम्मीद रत्न सम्मान से सम्मानित होगी।

## काजरी में वित्तीय प्रबन्धन पर संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। काजरी में वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली पर वित्त एवं प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित हुई।

काजरी निदेशक डॉ. ओपी यादव ने कहा कि सूचना संचार का देश में तेजी से हर क्षेत्र विभागों में विभिन्न कार्यो को करने में उपयोग बढ़ रहा है। वर्तमान में जानकारी लेने के लिए क्लिक द माउस फाइन्ड इन्फोरमेशन ऑन कम्प्यूटर का युग है। उन्होंनें सभी को नवीनतम प्रोग्रामस संचार



प्रौद्योगिकियों से अपडेट रहकर कार्य कार्यो को शीघ्रता से करने का आह्वान किया।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली पर कार्यशाला के दौरान आईसीएआर, नई दिल्ली के निदेशक (वित्त) जीपी शर्मा ने काजरी में एफएमएस, ईआरपी, पर प्रतिभागियों को वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। साथ ही वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली को अपनाने में आने वाली समस्याओं के निराकरण करने तथा कम्प्यूटर पर कार्य करने के तरीके सुझाए। कार्यशाला के दौरान बजट आंवटन, उपलब्धतता एवं निर्धारित समय पर व्यय, बैंक समाधन विवरण पर जोर देते हुए प्रतिभागियों को समय-समय पर परिषद द्वारा जारी दिशा निर्देशनों का पालन करने को कहा। संस्थानों में लम्बित ऑडिट पैरा को समय पर समाधान करने पर बल दिया। आईसीएआर की राजस्थान में स्थित आठ संस्थाओं से आए विभिन्न प्रतिभागियों को नवीनतम संचार प्रौद्योगिकियों से अवगत करवाते हुए शीध्र कार्य निष्पादन पर जोर दिया ताकि कार्य समय पर एवं सही हो। उन्होंनें वित्त से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और प्रतिभागियों की शंकाओं को दूर किया। काजरी के मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी सुनीता आर्य ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं कार्यशाला के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी साथ ही बताया कि कम्प्यूटर पर कार्य करने पर कार्यो को गति मिलेगी तथा कार्य व्यवस्थित तरीके से होगा। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी केएल मीणा भी उपस्थित रहे। आईसीएआर के राजस्थान में आठ संस्थाओं के लगभाग 70 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र बोहरा ने किया।

## एलबीएन में मनाया फन एंड फ्रोलिक डे

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। लक्की बाल निकेतन सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में फन एण्ड फ्रोलिक डे का आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी, केजी, प्रेप के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया।

कक्षा नर्सरी के बच्चों ने रेस में भाग लिया एवं बास्केटबॉल द्वारा उन बच्चों ने एक्टीविटी की। कक्षा केजी के बच्चों ने रेस में भाग लिया उन्हें अनेक प्रकार के खेल खिलाये गए। बाधा दौड़ और ड़ांसिंग दौड़ में बच्चों ने बहुत उत्साह दिखाया। कक्षा प्रेप के छात्र-छात्राओं ने भी रेस में भाग लिया जिसमें अनेक प्रकार के व्यायाम एवं खेल खिलाए गए। बच्चे व्यायाम एवं खेल खेलने के बाद बहुत ही चुस्त एवं फुर्तीला अनुभव कर रहे थे। अध्यापिकाओं एवं प्राचार्य कुलदीप सिंह राठौड़ ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आये छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## योग एवं चिकित्सा शिविर में तीन सौ रोगियों की जांच

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। बासनी तंबोलिया स्थित राजकीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र में चतुर्थ स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। प्रातः महन्त विश्वनाथ महाराज द्वारा महर्षि पतंजलि का पूजन के साथ शिविर का शुभारम्भ किया गया।

योग केंद्र प्रभारी डॉ. कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि शिविर में अंध एवं मूक बधिर विद्यालय के विद्यार्थियों व स्थानीय निवासियों के लिए योगाभ्यास के साथ ही विशेषज्ञ वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. महेन्द्र कच्छवाह व डॉ. रोशन गहलोत के परामर्श में 300 रोगियों का उपचार कर निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। सौंदर्य प्रसाधन हेतु घरेलू औषधीयों के उपयोग का प्रदर्शन किया गया। चतुर्थ स्थापना दिवस पर कोजाराम चौधरी, महेश परिहार, कालूसिंह व गोकुलराम चौधरी द्वारा औषधीय पादपों का रोपण किया गया। शिविर में नर्सेज नीलम परिहार महेन्द्र सिंह डूडी, सुनंदा राइका, किरण मालवीय, अल्का प्रजापत, ओमसिंह ,मदन सिंह ,जगदीश परमार, नेमाराम राव, सरोज कंवर, बुद्धाराम, गुरजीतरामधारी आदि ने भाग लिया।

## माहेश्वरी स्मृति व्याख्यानमाला आज

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। शिक्षाविद एवं फिल्मविज्ञ प्रो. मोहनस्वरूप माहेश्वरी स्मृति व्याख्यानमाला 30 जनवरी को दोपहर 12.15 बजे रेजीडेंसी रोड स्थित बृहस्पति भवन सभागार केंद्रीय कार्यालय जयनारायण विवि में आयोजित की जाएगी। जनविचार मंच की ओर से आयोजित व्याख्यानमाला में शहर के प्रबुद्ध नागरिक, फिल्म से जुड़े हुए लोग एवं मेहनतकश मजदूर व किसान तथा नौजवान शिरकत करेंगे।

व्याख्यानमाला में वर्तमान राजनैतिक परिस्थितियां एवं लोकतंत्र को चुनौती के विषय पर चर्चा की जायेगी। व्याख्यानमाला में शहर विधायक श्रीमती मनीषा पंवार,पूर्व कुलपति प्रो. भवरसिंह राजपुरोहित, राजस्थान लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. एसएस टाक, महाराजा गंगासिंह विवि बीकानेर के पूर्व कुलपति प्रो. गंगाराम जाखड़ अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र के राष्ट्रीय महासचिव कॉ. गोपीकिशन सहित अनेक वक्ता अपना उद्बोधन देंगे।

## कलाल समाज का सामूहिक विवाह आज, 28 जोड़े जीवन के हमसफर बनेंगे

जोधपुर, 29 जनवरी (कासं)। पूज्य सिंध कलाल समाज सामुहिक विवाह समारोह कल 28 जोडे परिणय सूत्र में बंधेंगे। समारोह नागौरी गेट कलाल कॉलोनी पंचायत भवन गली नंबर 7 में होगा। आज प्रातः आयोजन समिति की तरफ से कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर पीले चावल एवं पेम्पलेट विवरण कर सामुहिक विवाह में आज आमंत्रण दिया। गुलाबचंद खिंची, संयोजकने बताया कि दोपहर 2 बजे पंचायत भवन में सामुहिक बारातें रवाना होकर अंबेडकर स्टेडियम किला रोड पहुंचेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्रसिंह सोलंकी, पूर्व चेयरमेन जेडीए, विशिष्ट अतिथि अब्दुल करीम जॉनी, पूर्व पार्षद होंगे। पंडित सेवाराम वैदिक रीति से विवाह करवाएंगे।

दैनिक जलते दीप

जोधपुर, गुरुवार 30 जनवरी 2020

## यूरोपीय संसद में

अभी हम नहीं कह सकते कि उनकी बात वहां पूरी तरह सुनी ही जाएगी। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यूरोपीय संसद को लिखे अपने पत्र में जो कहा है, उसे तमाम यूरोपीय देशों की अपनी संसदीय संस्थाएं गंभीरता से लेंगी, इसकी पूरी उम्मीद है। ऐसे समय में, जब भारत के नागरिकता संशोधन कानून पर यूरोपीय संसद में एक साथ छह प्रस्ताव रख दिए गए हैं, लोकसभा अध्यक्ष के लिए यह पत्र लिखना जरूरी भी था। ऐसा ही एक पत्र उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने भी लिखा है, जो राज्यसभा के सभापति भी हैं। यूरोपीय संसद के अध्यक्ष डेविड मारिया सिसोली को लिखे पत्र में लोकसभा अध्यक्ष ने कहा है कि एक निर्वाचित सदन को दूसरे निर्वाचित सदन के फैसलों पर सवाल नहीं उठाने चाहिए, यह उसकी संप्रभुता का मामला है। उन्होंने अपने पत्र में इस कानून की जरूरत भी समझाई है। हालांकि यह उम्मीद फिलहाल नहीं दिख रही कि भारतीय कानून के खिलाफ रखे गए इन प्रस्तावों पर चर्चा इन पत्रों के बाद रुक जाएगी, लेकिन भारत ने जो कदम उठाए हैं, उसका असर जरूर यूरोप में दिखने लगा है। फ्रांस ने इस प्रस्ताव पर अपना रुख स्पष्ट करके इसे भारत का आंतरिक मामला बताया है। दूसरी तरफ, यूरोपीय संघ ने भी इस प्रस्ताव से हाथ झाड़ लिया है। यह भी कहा है कि यूरोपीय संसद के ऐसे प्रस्तावों का न तो यूरोपीय संघ के फैसलों पर कोई असर पड़ता है और न ही यूरोपीय आयोग के फैसलों पर। यूरोपीय संसद भले ही भारतीय संसद के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा निर्वाचित सदन हो, लेकिन अभी तक उसका रूप सजावटी ही है। यूरोपीय देशों के कामकाज और कानूनों में उसकी कोई दखल नहीं है और ऐसे में वह दुनिया भर के मसलों, मानवाधिकार वगैरह पर चर्चा का मंच भर है। भारत के नागरिकता संशोधन कानून पर यूरोपीय संसद उस समय चर्चा करने जा रही है, जब चंद रोज बाद ही उसे एक बड़ा झटका लगने वाला है। इसी 31 जनवरी को ब्रेग्जिट के बाद ब्रिटेन के 73 सदस्य इसको अलविदा कह देंगे। यह शुरू से ही स्पष्ट है कि ये सारे प्रस्ताव पाकिस्तान प्रायोजित हैं, और इनका मकसद भारत के खिलाफ माहौल बनाना भर है। माहौल बनाने का यह मामला सिर्फ नागरिकता संशोधन कानून से जुड़ा नहीं है। यह काफी समय से कहा जा रहा है कि ब्रेग्जिट के बाद ब्रिटेन और यूरोप में व्यापार के मामले में भारत को बड़ा फायदा मिल सकता है। इन प्रस्तावों का असल निशाना दरअसल इन्हीं संभावनाओं पर है। इन्हीं संभावनाओं को आकार देने के लिए अगले महीने विदेश मंत्री एस जयशंकर वहां जा रहे हैं और उसके बाद मार्च महीने में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्रूसेल्स जाने का कार्यक्रम है। ब्रूसेल्स ही वह शहर है, जहां यूरोपीय संसद की ज्यादातर बैठकें होती हैं। अब विदेश मंत्रालय ने भी मोर्चा संभाल लिया है और ब्रूसेल्स में भारतीय राजदूत गायत्री कुमार सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने उन यूरोपीय सांसदों से सीधे बात की है, जो ये प्रस्ताव लेकर आए हैं। खबर है कि उनमें से कुछ को अपनी बात समझाने में वह कामयाब भी रहे हैं। यूरोपीय संसद में जिस तरह से मामला उठाने की कोशिश हुई है, उसमें सबसे अच्छा विकल्प भी यही है कि इस लड़ाई को राजनयिक स्तर पर ही लड़ा जाए, वैसे भी इस प्रस्ताव को बहुत दूर जाना नहीं है।

## संवेदनशील निर्णय

आखिर राज्य सरकार ने एक संवेदनशील निर्णय लेते हुए प्रदेश के सिलिकोसिस पीड़ितों की संतानों को पालनहार योजना के लाभ देने का निर्णय ले ही लिया। हाल ही में इस संदर्भ में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वित्त विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। प्रस्ताव के अनुसार परिवार में माता अथवा पिता के सिलिकोसिस पीड़ित होने की स्थिति में 0 से18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चोंको सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित पालनहार योजना के लाभ देय होंगे। इसके लिए पालनहार योजना की पात्रता सूची में सिलिकोसिस पीड़ित परिवार की श्रेणी जोडी जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित परिवारों के कल्याण के लिए गहलोत सरकार ने पिछले महीने ही राजस्थान सिलिकोसिस नीति 2019 घोषित की थी। मुख्यमंत्री गहलोत के निर्णय से प्रदेशभर में सिलिकोसिस पीड़ित परिवारों के करीब 15 हजार 8 सौ 28 बच्चे लाभांवित हो सकेंगे। पालनहार योजना के तहत 0 से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रति माह 500 रूपये तथ 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रतिमाह 1000 रूपये का अनुदान देने का प्रावधान है। यह बात जरूर है कि इस योजना के तहत दिये जाने वाले अनुदानों के कारण राज्य सरकार पर 193 करोड़ रूपये से अधिक का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा, लेकिन इससे सिलिकोसिस पीड़ितों के बच्चों को संबल और राहत मिलेगी। प्रदेश में सिलिकोसिस पीड़ित बहुत बड़ी संख्या में है। इसका कारण यह है कि प्रदेश में बहुत बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के पत्थर घडने तक के कामों में काफी बडी संख्या में लोग जुड़े हैं। इन कामों में लगे लोगों को सिलिकोसिस की बीमारी होती है। दरअसल पत्थर के काम करने वाले लोगों को सिलिकोसिस बीमारी से बचने के उचित साधन उपलब्ध नहीं कराये जाते। इस कारण पत्थरों के महीन कला सांस द्वारा उनके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। इसलिए सिलिकोसिस से बचाव के उपाय अपेक्षित होते हैं। यह अच्छी बात है कि आखिर राज्य सरकार ने इस मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए सिलिकोसिस पीड़ित लोग वैसे भी आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। ऐसे लोग अपने बच्चों को शिक्षा दिलवाने में भी कठिनाई महसूस करते हैं। पत्थर का काम कभी बंद तो हो नहीं सकता, इसलिए राज्य सरकार का दायित्व है कि वह सिलिकोसिस पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए उचित एवं अपेक्षित कदम उठाए।

## ।। दसवां वेद ।।

-जुगल परिहार

**दूहो दसमों वेद समझै तेनै सालै**

### 8777. ज्यां रा मन मैला हुया

**लोभ-ईस्खा लाग, ज्यां रा मन मैला हुया।**
**ना जाणै निरभाग, सुजन-दुजन सुखदानजी।।**

जिनके मन लोभ और ईर्ष्या के कारण मैले हो जाते हैं। वे भाग्यहीन यह नहीं जानते कि कौन अच्छा है और बुरा। सच्चाई जानने के लिए लोभ ईर्ष्या से दूर रहना आवश्यक है।

किसी राजा के दो लड़के थे। बड़ा लड़का अंधा था,जिसके प्रति राजा सदय और सहानुभूतिपूर्ण था। छोटा लड़का सुंदर और सुशिक्षित था, लेकिन बड़ेके प्रति पक्षपातपूर्ण व्यवहारदेखकर क्षुब्ध सा रहता था। उसने अपनी मां से इस व्यवहार की चर्चा की तथा एक बार छिपकर भोजन के समय पिता को मार डालने का निश्चय किया। जब वह मार डालने के इरादे से गया तो राजा रानी दोनों बातचीत कर रहे थे। राजा कह रहा था कि छोटा तो गददी पर बैठगा ही, अतः उसके प्रति ज्यादा सदय होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती। वह योग्य सुशिक्षित और सुंदर भी है। लेकिन जहां तक बड़े लड़के का प्रश्न है, वह अंधेपन के कारण राज्य भार नहीं संभाल सकता और शास्त्रीय दृष्टि से भी वह उसका अधिकारी नहीं। यह सब सुनकर छोटा लड़का ठक सा रह गया। उसने सोचा कि मैंने बड़ा पाप किया, जो इस प्रकार के पिता को मार डालने का संकल्प किया और वह भी छिपकर। अब तो इस पाप का प्रायश्चित करना चाहिए। उपाय पूछने के लिए वह एक ऋषि के पास गया। उसने ऋषि की बहुत सेवा सुश्रूषा की और जब वह लौटने लगा तो अपनी समस्या उनके सामने रखी। ऋष्जि ने कहा कि इसका समाधान तो दूसरे ऋषि करेंगे, जो यहां से बहुत दूर रहते है। मैं तुम्हें ये खड़ाऊं देता हूं,जिनकी सहायता से तुम चाहे जहां जा सकते हो। खडाऊं की सहायता से वह दूसरे ऋषि के पास पहुंचा। उनकी भी उसने खूब सेवा की और लौटते समय ऋषि को अपनी समस्या बताई। ऋषि ने इस पर कहा कि तुम्हारे इस प्रश्नका समाधान तो एक अन्य ऋषि करेंगे। मैं तुम्हारी सेवा से प्रसन्न होकर यह झोला देता हूं, जिससे तुम अपनी इच्छा की वस्तु प्राप्त कर सकोगे। इसके बाद वह अपनी समस्या के समाधान के लिए तीसरे ऋषि के पास गया। सेवा का वही क्रम जारी रखा। उसके अपनी बात बताने पर ऋषि ने कहा कि अब तुम खड़ाऊं की सहायता से बैकुंठ पहुंच जाओ और विष्णु भगवान के दर्शन करो। इससे तुम पाप निवृत हो जाओगे। खडाऊं के साथ साथ तुम्हारे पास झोला भी है,जो मांगने पर तुम्हें इष्ट वस्तु देगा। मैं भी तुम्हें एक फंदा देता हूं, जो तुम्हारे काम आएगा। ऋषि के निर्देश के अनुसार वह बैकुंठ पहुंचा औश्र उसने भगवान विष्णु के दर्शन किए। वह पाप निवृत हो गया। बैकुंठ में उसने एक स्त्री को भाग्य लेख लिखते देखा। भाग्य लेख लिखने वाली वह स्त्री भवितव्यता थी। **(क्रमशः)**

# गांधीगीरी तो ठीक, गांधीगर्दी नहीं!

**पुण्यतिथि पर विशेष**

> राष्ट्र की आधुनिक अवधारणा-परिभाषा के अनुरूप भारत को राष्ट्र-राज्य के रूप में एक शासन के अंतर्गत लाना अंगरेजों की एक बड़ी उपलब्धि गिनी जा सकती थी। भारतीय उपमहाद्वीप से अंगरेजों की विदाई के साथ वह नष्ट-भ्रष्ट क्यों कर हुई? अंगरेज भारत से ही नहीं, विदा तो बर्मा (म्यांमार), मलाया (मलेशिया), सिलोन (श्रीलंका) और सिंगापुर से भी हुए थे। फिर विभाजन नहीं, विखंडन भारत में ही क्यों हुआ, वहां क्यों नहीं? क्या पंजाब या बंगाल के दो-दो टुकड़े हो जाने से वे मिट सकते हैं। विदर्भ काठियावाड़, तेलंगाना, मारवाड़, मेवाड़ आदि को राजनीतिक मानचित्र में न दर्शाए जाने से क्या वे नहीं रहेंगे? क्या एक राष्ट्रीयता के दो, या फिर तीन राष्ट्र बन सकते हैं? क्या तीन टुकड़ों में टूट जाने के बाद भी राष्ट्रीयता जस की तस बनी रह सकती है, संक्रमणग्रस्त नहीं होती?

कृति-सागर व पर्वतों ने भौगोलिक रूप से भारत की एक विशिष्ट इकाई-राष्ट्र के रूप में संरचना की है। मानव सभ्यता के उद्गम के साथ ही एक अनूठे सामाजिक-सांस्कृतिक सम्मिश्रण से यहां हजारों-हजार वर्षों में एक राष्ट्रीयता संपुष्ट हुई। वर्ष 1492 में भारत की खोज में निकले इतालवी नाविक क्रिस्टोफर कोलंबस भटककर अमेरिका जा पहुंचे। गलतफहमी में ही वहां के मूल निवासियों को नाम दिया गया। रेड-इंडियंस और यूरोपियनों को मिल गई एक नई जमीन! जहां भारत एक प्राचीन राष्ट्र है, वहीं अमेरिका एक नया-आधुनिक राष्ट्र। दोनों लोकतांत्रिक पद्धति से संचालित है। भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है, तो अमेरिका सबसे समृद्ध।

राष्ट्र की आधुनिक अवधारणा-परिभाषा के अनुरूप भारत को राष्ट्र-राज्य के रूप में एक शासन के अंतर्गत लाना अंगरेजों की एक बड़ी उपलब्धि गिनी जा सकती थी। भारतीय उपमहाद्वीप से अंगरेजों की विदाई के साथ वह नष्ट-भ्रष्ट क्यों कर हुई? अंगरेज भारत से ही नहीं, विदा तो बर्मा (म्यांमार), मलाया (मलेशिया), सिलोन (श्रीलंका) और सिंगापुर से भी हुए थे। फिर विभाजन नहीं, विखंडन भारत में ही क्यों हुआ, वहां क्यों नहीं? क्या पंजाब या बंगाल के दो-दो टुकड़े हो जाने से वे मिट सकते हैं। विदर्भ काठियावाड़, तेलंगाना, मारवाड़, मेवाड़ आदि को राजनीतिक मानचित्र में न दर्शाए जाने से क्या वे नहीं रहेंगे? क्या एक राष्ट्रीयता के दो, या फिर तीन राष्ट्र बन सकते हैं? क्या तीन टुकड़ों में टूट जाने के बाद भी राष्ट्रीयता जस की तस बनी रह सकती है, संक्रमणग्रस्त नहीं होती?

अमेरिका में गोरे लोग काले लोगों को यों कहें कि यूरोपियंस अफ्रीकियों को अपने निजी गुलाम के रूप में रखा करते थे। वर्ष 1860 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार अब्राह्म लिंकन ने दास प्रथा को खत्म करने का वायदा कर चुनाव लड़ा और जीता। जब उन्होंने अपने वायदे के मुताबिक दास प्रथा को गैरकानूनी करार दिया, तो अमेरिका के 11 दक्षिणी राज्य इसे जारी रखने पर अड़ गए, जबकि 25 उत्तरी राज्य इस कुप्रथा को समाप्त करने पर सहमत हो गए। जब जोर दिया गया, तो दक्षिणी राज्यों ने संयुक्त राष्ट्र अमेरिका अर्थात देश से अलग होने की मुहिम छोड़ दी। लिंकन अपने वायदे पर कायम रहे।



वहां 12 अप्रैल 1861 को गृहयुद्ध शुरू हो गया, जो नौ अप्रैल 1865 तक चला। राष्ट्र का एका भंग न होने देने के लिए अब्राह्म लिंकन ने गृहयुद्ध से भी गुरेज नहीं किया। उक्त गृहयुद्ध में दास प्रथा हटा देने वाले एका समर्थक पच्चीस उत्तरी राज्यों के तीन लाख 65 हजार लोग और दास प्रथा जारी रखने व एका तोड़ने पर आमादा ग्यारह राज्यों के दो लाख 60 हजार लोग हताहत हुए। सवा छह लाख लोगों के प्राणों की आहुति देकर भी अब्राहम लिंकन ने अमेरिका की एकता भंग नहीं होने दी। आज अमेरिका एक आधुनिक और संपन्न राष्ट्र ही नहीं, दुनिया की एकमात्र महाशक्ति भी बना हुआ है। गांधी के प्रभुत्व वाली जिस कांग्रेस ने भारत की अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का वचन देकर जनता को अपने साथ जोड़ा था और इसी वायदे के साथ अंगरेजों की विदाई पूर्व 1946 के चुनाव में लोगों को मत अर्थात् विश्वास हासिल किया था, उसने 14-15 जून 1947 का दिल्ली में हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में तीन जून 1947 के माउंटबेटन के विभाजन के प्रस्ताव की पुष्टि करते हुए देश की जनता से वायदाखिलाफी के लिए माफी मांगने की जहमत भी नहीं उठाई।

विभाजन तो दो भाइयों के बीच एक ही घर में जमीन-जायदाद का बैठकर बंटवारा होना होता है। लेकिन इसके विपरीत जो कुछ भारत में बंटवारे के नाम पर हुआ, वह तो टूटन थी, जिसमें जानमाल का भयंकर नाश हुआ।

तथ्य यह है कि 1861-65 में अमेरिका का एका बचाने में जान-माल की जितनी हानि नहीं हुई, उससे कहीं अधिक जान-माल की क्षति भारत का एका भंग करने में 16 अगस्त 1946 से अगस्त 1948 तक अपने उपमहाद्वीप में हुई। ऐतिहासिक तथ्य तो यही बताते हैं।

पाकिस्तान और बांग्लादेश के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। अपने यहां भी सर्वसाधारण भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे तंत्र से त्रस्त हो चुका है। जब देश की प्रजा समझ लिया गया जन, विशिष्ट बन चुके तंत्र पर अंकश लगाने के लिए सड़कों पर आया, तो संसदीय लोकतंत्र का मंत्र फूंककर उसे हवा में उड़ाने का काम किया गया।

देश में आखिर यह कैसा लोकतंत्र है? दिसंबर 2011 के अंत में संसद की सर्वोच्चता की सचाई के बारे में भी लोकपाल विधेयक पर लोकसभा व राज्यसभा में हुई चर्चा-कार्यवाही से लोग भलीभांति जान गए। वे जान गए कि कोई भी राजनीतिक पार्टी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की इच्छुक नहीं है। विदेशों में अवैध रूप से जमा भारतीय पूंजी को वापस लाने या काले धन को बरामद करने की बात कहकर, तो कोई आरक्षण का प्रावधान किए जाने, तो कोई आरक्षण न होने देने की आड़ लेकर बिल को या तो फाड़ देते हैं, अन्यथा उसे पारित न होने देने का जुगाड़ बैठा लेते हैं।

अंगरेजों की विदाई के साथ ही गांधी ने एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में कांग्रेस की यात्रा को पूरा हुआ मान लिया था। उन्होंने सलाह दी थी कि अब कांग्रेस को भंग कर दिया जाए। सत्तालोलुप उनके चेलों ने महात्मा की सलाह नहीं मानी। गांधी को राष्ट्रपिता की संज्ञा देते हुए स्वतंत्र भारत के संसदीय लोकतंत्र की गाड़ी चला दी। अब तक कि इस यात्रा में गांधी के नाम पर जो कुछ देश के राजनीतिज्ञ करते रहे हैं, वह तो धूर्तता ही है। अब तो देश की सभी पार्टियों का कांग्रेसीकरण हो चुका है। कभी इस तो कभी उस नाम से शासन का डंडा हथियाए ये लोग गांधीगर्दी से गांधीगीरी को कुचलने पर उतारू हैं।

# तकनीक ने बदल डाली दुनिया

**– निरंकार सिंह**

नई-नई तकनीकों के आविष्कारों से हमारे रहन-सहन के साथ-साथ कामकाज के तरीके भी बदल रहे हैं। अब आपके सुख-दुख के साथी बनेंगे कृत्रिम मानव रोबोट। ये देखने में बिल्कुल इंसानों की तरह होंगे। नियान नाम के इस रोबोट की खासियत होगी कि यह न सिर्फ इंसानों जैसा दिखता है, बल्कि उनकी तरह बात भी करता है। यह जज्बातों का इजहार भी बखूबी कर सकता है। अकेलेपन के शिकार लोगों के लिए यह ऐसा दोस्त साबित हो सकता है, जिससे सारी बातें कही जा सकें। इसे नई चीजें सीखने में महारत हासिल है। साथ ही, अनुभव के आधार पर यह नए काम को और बेहतर तरीके से कर सकता है। इस नायाब कृत्रिम रोबोट को सैमसंग ने तैयार किया है। कंपनी ने नियान के छह अवतार लांच किए हैं। इनमें किसी को बैंकर, किसी को योग सिखाने वाले, तो किसी को न्यूज एंकर के रूप में। इन सबके हावभाव, चाल-ढाल और बोल-चाल का लहजा अलग-अलग है। अमेरिका के लॉस वेगास में एक इलेक्ट्रॉनिक शो के दौरान कंपनी की यूनिट स्टार लैब नियान को पहली बार दुनिया के सामने लाई है। यह मानव रोबोट नई भाव-भंगिमाएं प्रदर्शित करता है और हिंदी में भी संवाद कर सकता है।



पिछले एक दशक में लोगों की जीवन शैली में काफी बदलाव आया है। सेहत से जुड़ी जानकारी देने वाली फिटनेस और स्मार्ट वॉच लोगों की जिंदगी में जगह बना चुकी है। सेहतमंद रखने में मदद करने की क्षमता के चलते ये लोगों को पसंद आने लगीं। भविष्य में ऐसे ही और भी गैजेट्स और स्मार्ट बेल्ट बाजार में आने वाले हैं। इंटरनेट की उपलब्धता बढ़ने से गैजेटों का इस्तेमाल भी बढ़ा है। एलेक्सा और गूगल असिस्टेंट ने दफ्तरों में निजी सहायक (पीए) की जगह ले ली है। वॉयस कमांड के जरिए लोग घर के किसी भी कोने से घर के सामान को चला सकते हैं।

अमेरिका में डिजिटल होम पहले से ही इस्तेमाल हो रहे हैं। इस दशक में बिना ड्राइवर वाली कारें भी सड़कों पर उतरी हैं। टेस्ला जैसी कंपनियों की इन कारों की बाजार में मांग है। इंटरनेट से जुड़ कर गूगल मैप और कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल करके ये कारें लोगों को बिना किसी जोखिम के उनकी मंजिल तक पहुंचाती हैं। कई बड़ी कंपनियां इस तरह की कारें बनाने के अभियान पर जुट गई हैं। हो सकता है कि ये कारें भारत के लिए सही न हों। यहां पर इस तरह की कारों के साथ डाटा सुरक्षा से जुड़े मसले हैं। इस दशक में ड्रोन को लेकर महत्त्वपूर्ण प्रगति हुई है। ड्रोन कैमरे से आसमान से जमीन की तस्वीरें लेने में आसानी होती है। हवाई टैक्सी जैसे विकल्प इसके चलते ही संभव हुए हैं। इससे लोगों को यातायात जाम से निजात मिल सकती है। उबर कंपनी ने लॉस एजेंलिस, डलास और मेलबर्न में हवाई टैक्सी शुरू करने का एलान भी किया है। कंपनी ने ड्रोन टैक्सी चलाने की तैयारी लगभग पूरी कर ली है। इस साल इसका परीक्षण होना है और 2023 में व्यावसायिक स्तर पर इसकी सेवाएं शुरू हो जाएंगी।

ऑनलाइन नक्शा अब हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गया है। ओला, उबर जैसी सेवाएं गूगल मैप के जरिए काम करती हैं। इसकी मदद से बाहर से खाना तक मंगा सकना संभव हो गया है। यातायात और खाने की इन सेवाओं ने लोगों की जिंदगी को आसान बनाया है। मोबाइल के जरिए पैसे का लेनदेन एक समय पर बहुत ही सीमित था। लेकिन अब गूगल पे, पेटीएम और फोन पे जैसे कई ऐप आ गए हैं और जिंदगी को आसान बना दिया है। हालांकि इसमें कोई दो राय नहीं कि इससे जोखिम बढ़े हैं। भारत में इस तरह के ऐप का इस्तेमाल बढ़ने में नोटबंदी ने भी भूमिका निभाई है। लेकिन स्मार्टफोन का बढ़ता इस्तेमाल भी इसका एक अहम कारण है। पिछले एक दशक में ऑनलाइन खरीदारी बहुत तेजी से बढ़ी है।

भारत में लोगों ने किराने के सामान से लेकर महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान और घर के सामान से लेकर सोना तक ऑनलाइन खरीदना शुरू कर दिया है। ऑनलाइन खरीदारी में छूट-रियायत, आसानी और समय बचने से लोगों में इसे लेकर दिलचस्पी बढ़ी है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में ऑनलाइन कारोबार आज एक सौ बीस अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

गूगल, माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियां कृत्रिम मेधा (एआइ) आधारित ऑपरेटिव सिस्टम के लिए काम कर रही हैं। एआइ की मदद से हमारी जिंदगी में रोबोटों का इस्तेमाल दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। इसका इस्तेमाल खिलौनों में भी किया जा रहा है। रेलवे की टिकट बुकिंग, फिटनेस गजेट में भी इनका इस्तेमाल हो रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि शेयर बाजार और कारोबार प्रबंधन में भी इनका इस्तेमाल हो सकता है। भारत में सोशल नेटवर्क का इस्तेमाल बढ़ा है। वाट्सऐप और वाइबर जैसे ऐप ने लोगों के बात करने का पूरा तरीका ही बदल दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक हर साल दुनिया भर में सोशल मीडिया का उपयोग करने वालों की संख्या तेरह फीसद की दर से बढ़ रही है। भारत में ये दर इकतीस फीसद है। जनवरी, 2018 तक भारत में एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर बिताया जाने वाला औसत समय दो घंटा छब्बीस मिनट था। सोशल मीडिया इस्तेमाल के मामले में तीन घंटे सत्तावन मिनट के साथ फिलीपीन सबसे ऊपर है। जापान में ये औसत समय अड़तालीस मिनट है। ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, हैलो और शेयर चैट भी हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में घुल मिल गए हैं।

पिछले दशक में टीवी का इस्तेमाल भी पूरी तरह बदल चुका है। एलसीडी, एलईडी टीवी एक स्मार्ट टीवी की तरह काम करने लगे हैं। अमेजन प्राइम, नेटफ्लिक्स और हॉट स्टार टीवी देखने के पैटर्न में बहुत बड़ा बदलाव लेकर आए हैं। क्लाउड स्टोरेज बहुत आम बन गई है। एक ड्राइव, ड्रॉप बॉक्स, गूगल फोटो स्मार्टफोन में होना आम बात है। हमारी तस्वीरें अपने आप गूगल फोटोज में सेव हो जाती हैं। कई उद्योग क्लाउड कंप्यूटरिंग का इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने इस दशक में कई सफलताएं पाई हैं। पहले ही प्रयास में मंगलयान सफल हुआ और चंद्रयान-2 भी छोड़ा गया। बड़ी संख्या में अंतरिक्ष में उपग्रह भेजे गए। अगले दशक में गगनयान और सूर्ययान की बारी है।

उद्योग जगत में रोबोट तकनीक का प्रयोग काफी बढ़ा है। सुरक्षा, बचाव और उत्पादन में बड़े पैमाने पर इनका उपयोग हो रहा है। रोबोट सोफिया ने बाजार में आते ही सनसनी पैदा कर दी थी। वह पर्सनल असिस्टेंट की तरह काम कर सकती थी और इंसान की तरह हावभाव दे सकती थी। औद्योगिक इस्तेमाल में लाए जा रहे रोबोट घरेलू इस्तेमाल के लिए भी काम आ रहे हैं। 3डी प्रिंटिंग इस दशक की एक महत्त्वपूर्ण खोज है। साउथ कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में एक ऐसी तकनीक विकसित की गई की है जो खतरे का पता लगा सकती है और मौसम के अनुसार काम कर सकती है।

ब्लॉक चेन और बिट कॉइन का इस्तेमाल बढ़ा है। तकनीकी कंपनियां आभासी मुद्रा का इस्तेमाल करने की प्रक्रिया में हैं। इससे दुनिया में बिट कॉइन की मांग बढ़ी है। बिट कॉइन को भारत में संचालन की इजाजत नहीं है। पिछले एक दशक में एलईडी का उपयोग काफी बढ़ा है। सीसीटीवी कैमरा निगरानी का एक बड़ा माध्यम बन गए हैं। किंडल और ई-बुक्स ने पढ़ने का तरीका बदल दिया है। ऑडियो बुक्स और पॉडकास्ट भी जानकारी पाने का महत्त्वपूर्ण साधन बन गए हैं। पिछला दशक विभिन्न तकनीकी प्रगतियों के लिए अहम रहा है। लेकिन इस विकास को बनाए रखने के लिए साइबर सुरक्षा को मजबूत किया जाना चाहिए, वरना ये हमें खतरे में डाल सकता है।

# क्या आप भी हैं कॉफी के एडिक्ट, तो ऐसे छुड़ाएं ये आदत!



बहुत से लोगों को कॉफी यानि कैफीन का नशा होता है. कुछ लोग चाहकर भी कैफीन की लत को छोड़ नहीं पाते. आज हम आपको बता रहे हैं कैसे आप आसानी से कुछ टिप्स अपनाकर कैफीन की लत से छुटकारा पा सकते हैं.

**डीप ब्रीथ प्रैक्टिस**- कैफीन विड्रायल सिम्टम से फाइट करने के लिए डीप ब्रीथ प्रैक्टिस करें. लंबी-लंबी गहरी सांसे लेने से कैफीन की स्ट्रांग क्रेविंग, एंजाइटी और बेचैनी को भी खत्म किया जा सकता है.

**खूब पानी पीएं**- कैफीन के एडिक्शन से बचने का बेहतर तरीका है कि पानी खूब पीएं. इससे आपकी क्रेविंग भी कम होगी. रोजाना पानी की अधिक मात्रा पीने से बॉडी डिटॉक्सीफाई होगी और आपकी बॉडी को ये हाइड्रेट रखेगा.

**बेहतर नींद लें**- अच्छी नींद से भी कैफीन की लत छुड़ाने में मदद मिलती है. लेकिन कम नींद लेने से आपकी कैफीन छुड़ाने की लत पर बुरा असर पड़ता है. हेल्दी स्लिप हैबिट अपनाएंगे तो धीरे-धीरे कैफीन की क्रेविंग कम होने लगेगी.

**ग्रीन टी**- कॉफी के बदले ग्रीन टी लेने की कोशिश करें. इसे पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं तो कि बॉडी से हार्मफुल टॉक्सिंस को बाहर निकालते हैं. ग्रीन टी पीने से ओवरऑल कैफीन इंटेक कम हो जाता है. काफी के बजाय दिनभर में 3 से 4 कप ग्रीन टी पीएं.

**कुछ अन्य टिप्स-**

रोजाना सुबह एक्सरसाइज करें.हेल्दी जूस का सेवन करें.प्रोटीन और मैग्नीशियम से भरपूर सप्लीमेंट्स या फूड का सेवन करें.जिनसेन हर्ब का इस्तेमाल करें ये कैफीन की लत को छुड़ाने में मदद करेगा.

# मेकअप उतारने के कुछ आसान नैचुरल नुस्खे

ऑफिस, पार्टी, फंक्शन से आने के बाद जितना ज़रूरी कपडे बदलना होता है उतना ही ज़रुरी मेकअप उतारना होता है। इससे आपकी चेहरे की स्किन के रोम छिद्र भी खुल जाते है और पूरे दिन की धूल मिट्टी भी साफ हो जाती है। मेकअप उतारने के लिए आज बाजार में ढेरों प्रोडक्ट मौजूद है। लेकिन इन सब के ना होने के बाद भी आप अपना मेकअप उतार सकती है वो भी सुरक्षित तरीको से। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कुछ ऐसे ही सरल तरीके जिनकी मदद से आप अपना मेकअप तो उतार ही सकती है साथ ही इससे आपकी त्वचा में निखार और चमक भी बरकरार रहेगी ।

### दही

दही के फ़ायदे तो हम पहले से ही जानते हैं दही खाने और चेहरे पर लगाने से त्वचा में चमक आती है लेकिन क्या आप जानती हैं कि इसे मेकअप उतारने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। जी हां, दही एक मेकअप रिमूवर भी है 7 इसके लिए सबसे पहले दही को अच्छी तरह से फेंट लें 7 फिर इसमें कॉटन बॉल डुबोकर चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से रगड़ने के बाद जब मेकअप पूरी तरह निकल जाए तो चेहरा पानी से धो लें।

### बेबी शैम्पू

बेबी शैम्पू से भी मेकअप रिमूव कर सकते है। एक कप पानी में आठ टी-स्पून ऑलिव ऑयल या कोकोनट ऑयल और आधा टीस्पून बेबी शैम्पू मिलाकर एक बोतल में भरकर आप इसे फ्रीज़ कर सकती है और जरुरत के वक्त इसे मेकअप रिमूव के प्रयोग में ला सकती है।

### कच्चा दूध और बादाम तेल

एक टेबलस्पून कच्चे दूध में बादाम के तेल की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से मेकअप छुड़ाएं। यह आपकी त्वचा के लिए अच्छा होता है। इससे आपकी त्वचा मुलायम होती है।

### जोजोबा एंड विटामिन ई ऑयल:

विटामिन ई त्वचा को मुलायम बनाता है। यह एंटीऑक्सीडेंट के गुणों से भरपूर होता है। जोजोबा ऑयल और एक विटामिन ई कैप्सलू को मिलाकर कांच की बोतल में रख दें । इससे वाटर प्रूफ मस्कारा लिक्विड आई लाइनर भी बिना ज्यादा मेहनत के रिमूव कर सकती है।

### नारियल तेल

आपने कोकोनट ऑयल का प्रयोग मॉइश्चराइज़र, लिप बाम की तरह किया होगा। इसके साथ आप मेकअप रिमूवर के तौर पर इसे इस्तेमाल कर सकती है । थोड़ा-सा नारियल तेल हथेली पर लेकर इसे चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करे। ये स्किन को सॉफ्ट बनाता है और दाग-धब्बों को दूर करता है।



# आंखों को इस तरह से लाभ पहुंचाता है ये सेब !

सेब के तो आपने बहुत फायदे सुने होंगे लेकिन क्या आप जानते हैं ये आंखों के लिए भी बहुत फायदेमंद है. आज आचार्य बालकृष्ण जी बता रहे हैं सेब के जरिए कैसे आंखों की समस्याओं को दूर रखा जा सकता है.



**आंखों की परेशानी में सेब**-जब आंखों में सूजन हो, लाली हो या फिर कोई इंफेक्शन हो तो कच्चे सेब को आग में भूनकर इसकी पोटली से आंख की सिंकाई करें. इससे एलर्जी और आंख की बाकी समस्याओं से निजात मिलेगी.

**सेब की चाय**- सेब की चाय बनाने के लिए कच्चे सेब के टुकड़े सुखा लें. सूखने के बाद इसमें तुलसी का पत्ता, पुदीना, काली मिर्च और लौंग मिलाकर उबाल लें. ये चाय का बेहतर विकल्प है. सेब की चाय सर्दी और खांसी में आराम देती है.

**बिच्छू डंक में सेब**- सेब की पत्तियां बिच्छू डंक में बहुत ही अच्छा काम करती हैं. सेब की 10 ग्राम पत्तियों को 400 ग्राम पानी में मसलकर डालें. बचा हुए पानी जब 100 ग्राम रह जाए तो उसमें सेंधा नमक डालकर इसका सेवन करें.

सेब के पत्ते के पानी में सेंधा नमक घोलकर 4 से 5 बूंदें बिच्छू के डंक के घाव को भरने के लिए बिच्छू जिस हिस्से में काटा है उसकी दूसरी तरफ कान में डाल दीजिए. आराम मिलेगा.

# सर्दियों में हरी मटर खाने के है ये बेमिसाल फायदे, जानिए

यूं तो सभी सब्जियों के अपने अलग-अलग फायदे हैं तथा सभी सेहत के लिए लाभदायक होती हैं। लेकिन कुछ सब्जियां ऐसी होती है जो कि मौसम के अनुसार खाने से ही फायदा करती है। सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है और इस मौसम में हरी सब्जियां ज्यादा मिलती है।



मटर सर्दियों की सबसे अहम सब्जियों में से एक होती है। बहुत कम ही लोग होते है जो मटर के गुणों के बारे में जानते हैं। खाने खाने से आप कई तरह की गंभीर बीमारियों से भी बच सकते है। इसका रोजाना सेवन करने से कैंसर, मोटापा से बचाव होता है। जानिए इसको सेवन करने के फायदो के बारें में।

### कैंसर से करें बाचव

मटर के सेवन से कैंसर का खतरा कम होता है। हर रोज इसे खाने से शरीर से कैंसर के घातक एलीमेंट दूर हो जाते है।

### मोटापा से दिलाए निजात

यह फाइबर से भरपूर होती है। यह हमारी बॉडी को एनर्जी देने के साथ-साथ मेटाबॉल्जिम को बढ़ाता है। जिससे कि बॉडी से फैट की मात्रा को भी कम करता है।

### मधुमेह

मटर खाने से मधुमेह नहीं होता है। मटर शरीर में खून के स्तर को नियंत्रित करता है। जिससे की डायबिटीस की समस्या नहीं होती है।

### कोलेस्ट्रॉल को करें कम

मटर हमारी बॉडी में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ने नहीं देती है। मटर खाने से बॉडी में ट्राइग्लिसराइड्स का स्तर बढ़ता नहीं है। जिससे कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रहता है।

### उंगलियों की सूजन को करें कम

सर्दियों के दिनों जिन लोगों की उंगलियां सूज जाती है उनके लिए मटर काफी लाभदायक सिद्ध होता है। मटर के काढ़े के अंदर उंगलियां डुबोने से सूजन कम हो जाती है।

### रखें जवां

मटर खाने से आपकी त्वचा लंबे समय के लिए जवान रहती है। इसमें फ्लैवानॉइ्स, फाइटोन्यूटिंस, कैरोटिन जैसे एंटी ऑक्सीडेंट होते हैं।

### याददाश्त बढ़ाएं

मटर का सेवन करने से याददाश्त बढ़ती है और यह फेफड़ों संबंधी बीमारियों को भी दूर करती है।

### हड्डियों को रखें मजबूत

मटर में विटामिन होता है जो की हड्डियों के लिए फायदेमंद होता है। यह ऑस्टियोपोरोसिस के मरीजों के लिए असरदार होती है।

### चेहरे की झाइयों को करें कम



मटर सेहत के लिए तो लाभदायक है ही साथ ही साथ सौंदर्य के लिए भी असरदार साबित होती है । मटर के आटे का उबटन चेहरे पर लगाने से चेहरे की झाइयां कम होती है ।

# टॉन्सिल की दिक्कत से जुड़ी हुई हैं ये समस्याएं भी

टॉन्सिल होने पर गले के दोनों ओर सूजन आ जाता है। शुरुआत में मुंह के अंदर गले के दोनों ओर दर्द महसूस होता है और बार-बार बुखार भी आता है। टॉन्सिल्स सामान्य से ज्यादा लाल हो जाते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि टॉन्सिल के कारण आपको कई अन्य तरह की स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं। कुछ ऐसी ही समस्याओं पर एक नजर-



### मुंह से बदबू आना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के अनुसार, दुनिया की आधी आबादी मुंह की सफाई न करने के कारण मुंह की बदबू से ग्रस्त हैं। लेकिन टॉन्सिल की समस्या होने पर भी सांसों से बदबू आने लगती है। टॉन्सिल ग्लैंड दरारों से भरा होता है जहां बैक्टीरिया और डेड सेल्स अटक जाते हैं और इनके कारण मुंह से बदबू आने लगती है।

### खर्राटों की समस्या

गले में बढ़े हुए टॉन्सिल के कारण आपको खर्राटों की समस्या हो सकती है। अमेरिकन अकादमी ऑफ ओटालर्यनॉलजी के अनुसार, बढ़े हुए टॉन्सिल से खर्राटों की समस्या हो सकती है। जब बार-बार होने वाले संक्रमण के कारण टॉन्सिल का आकार बढ़ने लगता है तो गले में हवा के बहाव में रुकावट आने लगती है। जिससे खर्राटे की समस्या होती है।

### साइनस इन्फेक्शन

बढ़े हुए टॉन्सिल से बार-बार साइनस और कान में इन्फेक्शन की समस्या हो सकती है। ऐसा नाक और कान को जोड़ने वाली नली बंद हो जाने से होता है और कान के पर्दे के पीछे पानी जमा हो जाता है। कभी-कभी कान से पस बाहर आने लगता है। इससे सुनने की क्षमता कम होने लगती है।

### सिरदर्द की समस्या

बढ़े हुए टॉन्सिल के कारण सोते समय सांस लेने में भी परेशानी होती है। नींद में इस तरह का खलल आने से ब्रेन तक सही मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती और इसकी कमी से रक्त-वाहिनियों का आकार बढ़ जाता है और सिरदर्द होने लगता है।

# प्लास्टिक के डिब्बों को साफ करने के लिए आजमाएं ये तरीके

आज के समय में ज्यादातर लोग स्टील और एल्युमिनियम के डिब्बों की जगह प्लास्टिक के डिब्बों का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि ये डिब्बे काफी हल्के होते हैं और इनके टूटने का डर भी नहीं होता। आजकल बाजार में ऐसे कंटेनर भी आ गए हैं जिन्हें माइक्रोवेव में भी रखा जा सकता है। इनमें खाना फ्रेश बना रहता है और साथ ही यह देखने में काफी आकर्षक भी होते हैं। हालांकि प्लास्टिक के कंटेनर का इस्तेमाल बहुत लंबे समय तक नहीं करना चाहिए साथ ही इनकी सफाई का भी पूरा ख्याल रखना चाहिए, वरना ये नुकसानदेह हो सकते हैं।

कई बार प्लास्टिक के डिब्बों को अच्छे से साफ न करने पर उनमें से बदबू आने लगती है और चिकनाहट बनी रह जाती है। ऐसे में यह जरूरी है कि आपको इन्हें साफ करने का सही तरीका पता हो-

### 1. बदबू दूर करने के लिए

अगर आपके प्लास्टिक के बॉक्स से बदबू आ रही है तो यह घरेलू उपाय आपके लिए उपयोगी रहेगा। एक बाल्टी गर्म पानी ले लें और उसमें तीन चम्मच बेकिंग सोडा डाल दें। प्लास्टिक के इन बॉक्स को बाल्टी में डाल दें। कुछ देर बाद इन्हें निकालकर साफ करें। आप चाहें तो बाल्टी के इस पानी में नींबू का रस और सिरका भी मिला सकते हैं।

### 2. जिद्दी दाग

अगर आपके प्लास्टिक के डिब्बों पर जिद्दी दाग हैं तो उन्हें साफ करने के लिए क्लोरीन ब्लीच का इस्तेमाल करना सबसे अच्छा रहेगा। दाग लगे डिब्बों को ब्लीच के इस मिश्रण में डालें। कुछ देर बाद इन्हें निकालकर साबुन से धो लें। दाग दूर हो जाएंगे।

### 3. रख-रखाव

अगर आप नहीं चाहते कि प्लास्टिक के डिब्बों से बदबू आए तो एक बात का ख्याल हमेशा रखें कि इनमें लंबे समय तक खाना न रखें। साथ ही हर कंटेनर माइक्रोवेव फ्रेंडली हो, यह जरूरी नहीं। ऐसे में बिना जांचें इन्हें माइक्रोवेव में न रखें।



# सर्दियों में त्वचा को यूं बनाएं खूबसूरत !



बदलते मौसम के साथ ही स्किन की खास देखभाल करना और भी जरूरी हो जाता है. स्किन में निखार लाने के लिए क्रीम और सीरम लगाने के अलावा कुछ ऐसे इंग्रेडीएंट्स भी हैं जो आपकी त्वचा को चमकदार और खूबसूरत बना सकते हैं. काया लिमिटेड की प्रमुख मेडिकल सर्विसेज एंड आर एंड डी संगीता वेलासकर ने अपनी खूबसूरती को लेकर विशेष रूप से सजग रहने वाली महिलाओं के लिए कुछ सुझाव दिए हैं.

कोलेजन हमारी कोशिकाओं से निकलने वाले प्रोटीन हैं जो त्वचा को एक साथ जकड़ कर रखने में मददगार होता है. कोलेजन त्वचा में कसाव लाकर जवां लुक देता है. जब हम युवा होते हैं तो हमारी त्वचा मोटी और कोमल होती है लेकिन उम्र बढ़ने के साथ कोलेजन बनना कम हो जाता है, जिसके चलते झुर्रियां पड़ने लगती है और जो कोलेजन मौजूद होते हैं वह भी सूर्य की हानिकारक किरणों के कारण नष्ट हो जाते हैं, इसलिए कोलेजन युक्त उत्पादों का इस्तेमाल करें. इससे आपकी त्वचा में कसाव और चमक आएगी और झुर्रियां और महीन रेखाएं खत्म हो जाएंगी.एसेटिल हेक्सेपेप्टाइड-8 एक प्रकार से न्यूरोपेप्टाइड होता है, जिसका इस्तेमाल मांसपेशियों को आराम देने के लिए किया जाता है.

यह झुर्रियां और महीन रेखाएं भी दूर करता है, इसलिए एसेटिल हेक्सेपेप्टाइड-8 युक्त सौंदर्य उत्पाद का इस्तेमाल करें.शरीर में कोलेजन बनना कम होने से झुर्रियां पड़ने लगती है, जबकि अत्यधिक कोलेजन से त्वचा ढीली होने लगती है.

ऐसे में हायलारोनिक युक्त उत्पाद का प्रयोग त्वचा में एसिड कोलोजन के स्तर को उचित मात्रा में बनाए रखता है और त्वचा में नमी बरकरार रखता है. इससे आपकी त्वचा जवां नजर आती है.ग्लाइकोलिक एसिड गन्ने के रस से निकलता है. यह अल्फा हायड्रॉक्सी समूह के सबसे छोटे अणुओं में से एक है. यह त्वचा में गहराई से समाकर प्रभावकारी असर दिखाता है, ग्लाइकोलिक एसिड युक्त उत्पाद के इस्तेमाल से काले धब्बे, मुंहासे, डलनेस, ऑयलीनेस दूर होता है और आपकी त्वचा पहले से ज्यादा जवां और निखरी नजर आती है.

# हल्दी से घरेलू प्राथमिक उपचार

हमारे घर की रसोई में मसालों की शोभा बढाने वाली हल्दी आयुर्वेद मतानुसार यह शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता बढती है, इसको औषधीय गुणों में एंटीसेप्टिक के रूप में स्वीकार किया है। निम्न विभिन्न व्याधियों में इसका उपयोग बहुत लाभकारी है।

यह माता के दूध को शुद्ध करती है।
स्तन की सूजन मिटाती है।
यह उत्तम रक्त शोधक है।
यह कफ नाशक है।
प्रतिशाय में आराम देती है।
खांसी में हितकारी है।
टांसिल में लाभकारी है।
प्रमेह में गुणकारी है।
स्वर भेद ठीक करती है।
मुख पाक में लाभकारी है।
चोट, सूजन में इसका उपयोग लाभकारी है।
पांडू कमला में हितकारी है।
अश्मरी में गुणकारी है।
यकृत विकारों में आराम देती है।
न्यूमोनिया में आराम देती है।
शीत ज्वर में गुणकारी है।
जंतु दंश में लाभ होता है।



-वैद्य मदन मोहन छंगाणी
'आयुर्वेद रत्न'

कच्ची हल्दी की सब्जी का उपयोग सर्दी में बहुत गुणकारी है-

विभिन्न रोगों में इसका उपयोग निम्न प्रकार से किया जाता है-

1 मुख पाक- रात को सोते समय एक गिलास दूध में आधा चम्मच पीसी हल्दी और एक चम्मच घी डालकर पीने में मुखपाक में लाभ होता है।

2 टोन्सिल- हरिद्रा चूर्ण में शहद मिलाकर गले के अंदर प्रलेप करने से टोन्सिल में लाभ होता है।

3 प्रतिशाय- हल्दी के धुएं का नस्य लेने से प्रतिशाय में आराम मिलता है।

4 प्रमेह- हरिद्रा चूर्ण को घी में मिलाकर कुछ शक्कर डाल कर नियमित सेवन करने से प्रमेह में लाभ होता है। दाक हल्दी का क्वाथ शहद में मिलाकर पीने से प्रमेह दूर होता है।

5 चोट व सूजन- अंदर की चोट सूजन पर हल्दी और चूना मिलाकर लेप करने से आघात में लाभ होता है, एवं सूजन भी कम हो जाती है, एक गिलास दूध में पीसी हुई हल्दी और गुड मिलाकर पीने से अंदर की चोट व सूजन में आराम होता है।

6 स्वर भेद- हरिद्रा का चूर्ण चुटकी भर गर्म दूध में डालकर पीने से स्वर भेद ठीक होता है।

7 स्तन सूजन- हरिद्रा को ग्वार पाठे के गूदे में पीस कर स्तन पर लेप करने से स्तन की सूजन मिट जाती है।

8 रक्त शोधक- कच्ची हल्दी का रस रक्त शोधक व कफ नाशक है।

9 कफ खांसी- हरिद्रा को आग पर सेक कर इसका टुकडा सोते समय मुंह में रखकर चूसने से कफ खांसी प्रतिशाय में लाभ होता है। हल्दी सैंधा नमक एवं गुड को मिश्रित कर इसकी गोली चूसने पर खांसी में लाभकारी है।

10 जंतु दंश- हरिद्रा को घीस कर थोडा सा गर्म करके जंतु दंश पर लेप करने से लाभ होता है।

11 शीत ज्वर- गर्म दूध में हल्दी व मरिच मिश्रित कर पिलाने से शीत लग कर आने वाला ज्वर ठीक होता है।

**बनिया बाड़ा, जोधपुर (फोनः**

# 35 ग्राम पंचायतों में सरपंच चुनाव की निकाली लॉटरी

सिवाना 29 जनवरी (निसं)। पंचायत चुनाव में महिला और पुरुषों के लिए 50-50 प्रतिशत पदों के लिए लॉटरी निकाली गई। पंचायती राज आम चुनाव 2020 के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत सिवाना



पंचायत समिति की 35 ग्राम पंचायतों के सरपंच और वार्ड पंचों के लिए बुधवार को आरक्षण के लिए लॉटरी निकाली गई। पंचायत समिति सिवाना में उपखंड अधिकारी प्रमोद सिरवी, नायब तहसीलदार बाबु सिंह राजपुरोहित, विधायक हमीर सिंह भायल, पूर्व सरपंच रामनिवास आचार्य, तग सिंह सिणेर, राजेन्द्र कुमार सरगरा के अलावा सिवाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद थे। जिनकी मौजूदगी में आगामी पंचायत चुनाव 2020 में आरक्षण के लिए सरपंच और वार्ड पंच के लिए लॉटरी निकाली गई।

**इन पचायतों में होगे पुरुष उम्मीदवार**

सामान्य- इन्द्राणा, देवन्दी, महिलावास, मोतीसरा, कुसिप, सिवाना, रमणीया, मेली
एसटी - भागवा, नाल
एससी - अन्नपूर्णा नगर, भीमगोड़ा, मांगी, पादरडी कल्ला
ओबीसी - पंऊ, खाखरलाई, मोकलसर, गुड़ा

**इन पचायतों में होगे महिला उम्मीदवार**

सामान्य - पादरु, धीरा, सिणेर, मिठोड़ा, गोलियां, सैला, धारणा, थापन, कुण्डल, मवड़ी।
एससी - काठाड़ी, अर्जीयाना, भागवा रघुनाथगढ़।
एसटी- कांखी।
ओबीसी - वेरानाडी, ईटवाया, मुठली।

# जैतारण, मारवाड़ जंक्शन व सुमेरपुर में 67.14 फीसदी मतदान

पाली 29 जनवरी (निसं)। जिले में पंचायत आम चुनाव के तृतीय चरण के लिए जैतारण, मारवाड जंक्शन एवं सुमेरपुर के पंच व सरपंच पद के लिए बुधवार को हुए चुनाव में सांय 5 बजे तक 67.14 प्रतिशत औसत मतदान हुआ। सांय 5 बजे तक तीन पंचायत समिति क्षेत्रों में कुल 4 लाख 76 हजार 368 मतदाताओं में से 3 लाख 19 हजार 810 मतदाताओं ने मतदान कर लिया। जैतारण पंचायत समिति क्षेत्र में 71.40 प्रतिशत, मारवाड जंक्शन क्षेत्र में 65.87 प्रतिशत तथा सुमेरपुर क्षेत्र में 63.29 प्रतिशत मतदान होने की संभावना व्यक्त की गई है। सांय 5 बजे मतदान परिसर में पहुंच चुके मतदाताओं के मतदान की प्रक्रिया जारी है।

उन्होंने बताया कि तीनों पंचायत समिति क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे तक 12.18 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें 58 हजार 86 मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। इसी प्रकार अपराहं 12 बजे 29.77 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें एक लाख 41 हजार 822 मतदाताओं ने मतदान किया। सांय 3 बजे तक 54.36 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें 2 लाख 58 हजार 972 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

**जैतारण पंचायत समिति :** नियन्त्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार जैतारण पंचायत समिति क्षेत्र की 38 ग्राम पंचायतों के 191 मतदान केन्द्रों पर प्रातः 10 बजे तक 12.42 प्रतिशत मतदान हुआ यहां एक लाख 70 हजार 687 मतदाताओं में से 21 हजार 209 मतदाताओं ने मतदान कर लिया। दोपहर 12 बजे तक 30.72 प्रतिशत मतदान हुआ यहां 52 हजार 450 मतदाताओं ने मतदान किया, दोपहर 3 बजे 56.75 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें 96 हजार 875 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर लिया। तथा सांय 5 बजे तक 71.40 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें एक लाख 21 हजार 874 मतदाताओं ने मतदान कर लिया।

**मारवाड जंक्शन पंचायत समिति :** मारवाड जंक्शन पंचायत समिति क्षेत्र की 48 ग्राम पंचायतों के 206 मतदान केन्द्रों पर प्रातः 10 बजे तक 13.24 प्रतिशत मतदान हुआ यहां कुल एक लाख 73 हजार 298 मतदाताओं में से प्रातः 10 बजे तक 22 हजार 961 मतदाताओं ने मतदान किया। दोपहर 12 बजे



तक 31.71 प्रतिशत हुआ जिसमें 54 हजार 956 मतदाताओं ने मतदान कर लिया, दोपहर 3 बजे 55.03 प्रतिशत हुआ जिसमें 95 हजार 381 मतदाताओं ने मतदान किया तथा सांय 5 बजे तक 65.87 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमे एक लाख 14 हजार 148 मतदाताओं ने मतदान किया।

**सुमेरपुर पंचायत समिति :** सुमेरपुर पंचायत समिति क्षेत्र की 30 ग्राम पंचायतों के 127 मतदान केन्द्रों पर प्रातः 10 बजे तक 10.48 प्रतिशत हुआ यहां कुल एक लाख 32 हजार 383 मतदाताओं में से प्रातः 10 बजे तक 13 हजार 876 मतदाताओं ने मतदान किया, दोपहर 12 बजे तक 25.99 प्रतिशत हुआ जिसमें 34 हजार 416 मतदाताओं ने मतदान किया, दोपहर 3 बजे तक 50.40 प्रतिशत हुआ जिसमें 66 हजार 716 मतदाताओं ने मतदान किया तथा सांय 5 बजे तक 63.29 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें 83 हजार 788 मतदाताओं ने मतदान किया।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बारसा के मतदान केन्द्र पर 76 वर्षीय वृद्धा गंगादेवी ने उत्साह से वोट डाला। राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय खारची के मतदान केन्द्र 27 पर 63 वर्षीय बीमार महिला मतदाता सोनीदेवी ने मतदान किया। मारवाड जंक्शन की राजकीय कन्या विद्यालय में 84 वर्षीय लखवाग्रस्त पुखनाथ ने व्हीलचेयर पर आकर मतदान किया। माध्यमिक विद्यालय जाणूदा के मतदान केन्द्र 132 पर 86 वर्षीय मूली, 81 वर्षीय कंकुदेवी ने भी अपने मताधिकार का उपयोग किया।

राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय धनला के मतदान केन्द्र 126 पर 78 वर्षीय दृष्टिबाधित दिव्यांग गिरधारी ने भी अपना वोट दिया। आउवा के मतदान केन्द्र पर 70 वर्षीय देवी त्रिवेदी ने भी व्हील चेयर के माध्यम से मतदान किया। बलुन्दा के मतदान केन्द्र पर 90 वर्षी नौजाई ने मत दिया। पंचायत समिति जैतारण के लाम्बिया ग्राम पंचायत के 99 वर्षीय पतासीदेवी ने तथा बलुन्दा में 100 वर्षीय सायरीदेवी ने भी परिजनों के साथ आकर मतदान किया। पंचायत समिति मारवाड जंक्शन की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धामली में दुल्हा व दुल्हन ने साथ में आकर मतदान किया। धुंदला के मतदान केन्द्र संख्या 68 पर भी फेरे से पहले दुल्हें ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुमेरपुर पंचायत समिति के कोलीवाडा में बुर्जग व्यक्ति को गोदी में उठाकर मतदान करवाया गया यहां एक दिव्यांग को भी रिश्तेंदारों ने गोदी में उठाकर मतदान करवाया।

**महिलाओं में दिखा उत्साह :** पंच व सरपंच के चुनाव में भारी उत्साह दिखाई दिया प्रातः से महिलाओं ने अपने-अपने मतदान केन्द्र पर पहुंच कर मताधिकार का उपयोग किया। मारवाड जंक्शन पंचायत समिति के ग्राम पंचायत मुख्यालय बारसा, खारची, मारवाड जंक्शन, आउवा, मुसालिया, जाणुदा, धनला, हिंगोला खुर्द, पांचेटिया, जैतारण पंचायत समिति के लाम्बिया, रास, बलुन्दा, सांगावास, बगतपुरा, आनन्दपुर कालू, पंचायत समिति सुमेरपुर के बांकली, बलाना, कोलीवाडा, नेतरा में महिला मतदाताओं में उत्साह देखा गया।

जिले के तीन पंचायत समितियों में तृतीय चरण के मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुए। बुधवार को प्रातः 8 बजे मतदान की प्रक्रिया प्रारम्भ होते ही मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की काफी भीड जमा होने लेगी। मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कई जगहों पर लम्बी कतारें में मतदाता अपनी बारी का इंतजार करते हुए नजर आए। सांय 5 बजे तक मतदान केन्द्रों पर पहुंचे सभी मतदाताओं को मतदान करवाया गया। जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेशचन्द जैन व पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने सभी सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बसंत पंचमी मनाई

बालोतरा 29 जनवरी (निसं)। समदड़ी निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय जेठन्तरी में बसन्त पंचमी के अवसर पर विधालय में विद्या की देवी सरस्वती देवी की पूजा अर्चना की गई एवं बसन्त पंचमी इस दिन को संगीत एवं विद्या को समर्पित किया गया। मां सरस्वती सुर



एवं विद्या की जननी मानी जाती है। वादय यंत्रो व पुस्तकों का पूजन किया गया। प्रधानाचार्य कृष्ण लाल ने बसन्त पंचमी एवं बसन्त ऋतु की विस्तार पूर्व जानकारी दी। गांव के गणमान्य लोग व विद्यालय स्टाफ एवं बच्चों द्वारा उत्साह पूर्व धूमधाम से बसन्त पंचमी उत्सव मनाया गया।

इसी प्रकार पादरू कस्बे के स्थानीय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पादरू में बसंत पंचमी समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही आयुर्वेद ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेमसिंह राजपुरोहित ने आयुर्वेद विषयक स्वास्थ्य चर्चा एवं योग का आयोजन किया। डॉक्टर ने विद्यालय की सभी छात्राओं को दैनिक दिनचर्या, रात्रिचर्या एवं ऋतुचर्या के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के प्राध्यापक रामुराम देवासी ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना की गई। जिसमें पंडित बाबूलाल श्रीमाली के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा स्थापित की गई। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य महेन्द्र सिंह राठौड़ ने की। साथ ही बालिकाओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सभी छात्राओं को इनाम वितरण किया गया। विद्यालय स्टाफ़ लाखाराम चौधरी, देवकरण, महेंद्र परिहार, बृजमोहन, कूफायत तुला, खयाल बाई, सुशीला भास्कर, निर्मला, शीला, लूणचंद जीनगर, मुकेश जीनगर, चौथाराम देवासी, थानाराम शर्मा, रामलाल, मुकेश पारीक एवं ग्रमीणों ने शिरकत की।

## माघ महोत्सव 9 को

भीनमाल 29 जनवरी (निसं)। राजस्थान संस्कृत अकादमी जयपुर एवं अम्बिका शिक्षा समिति के तत्वावधान व महाकवि माघ विकास संस्थान, हिन्दु सेवा समिति सहित कई सामाजिक संस्थाओं व नगर वासियों के आत्मीय सहयोग से माघ जन्म स्थली श्रीमाल नगर में आगामी 9 फरवरी को भव्य सांकृतिक सन्ध्या, कवि सम्मेलन व माघ की प्रासंगिकता पर विविध कार्यक्रम में सभी माघ प्रेमी बन्धुगण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसमें किशनाराम माली व जे आर भाटी, दिनेश वत्सल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संयोजक डॉ घनश्याम व्यास व जे आर भाटी ने बताया कि आगामी 9 फरवरी रविवार को भव्य सांस्कृतिक संध्या व सायं दीपोत्सव कार्यक्रम व विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा।

इसी दौरान माघ पूर्णिमा रविवार को प्रातः विश्वकल्याणार्थ महायज्ञ व माघ स्मारक पर गणमान्य नागरिकों द्वारा महाकवि के महान गौरव का महापूजन का आयोजन होगा।

इस हेतु कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में माघ प्रेमियों व नगरवासियों में भारी उत्साह है। कार्यक्रम को आत्मीय सहयोग हेतु महाकवि माघ विकास संस्थान, हिन्दु सेवा समिति, समस्त सामाजिक संस्थाएं व समस्त शिक्षण संस्थाए सतत सहयोग ज्ञापित कर रही है। बैठक में एम आर वर्मा सी ओ स्काउट जालोर, दिनेश वत्सल, किशनलाल माली, जे आर भाटी, महेश देवासी, राजू सोलंकी, बाबूलाल सोनी, नवरत्न अग्रवाल, कपिल कुमार सहित कई माघ प्रेमी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहर की यातायाता व्यवस्था को सुचारू करने की मांग

बालोतरा 29 जनवरी (निसं)। भाजपा नेता मदन चौपड़ा ने अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक को पत्र भेजकर शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने की मांग की है। पत्र में बताया कि शहर में ओवरब्रिज का कार्य चलने से आबादी क्षेत्र के कई रास्तों से ट्रैफिक डाइवर्ट कर रखा है। जहां से ट्रैफिक परिवर्तित किया है उन जगहों व रास्तों के प्वाइंटों पर ट्रैफिक कर्मचारी रहते ही नहीं है।

खासतौर पर इंडस्ट्रियल एरिया व खेड़ रोड से आने वाला ट्रैफिक डागा हॉस्पिटल रोड व पुराने धर्म कांटा के सामने वाले रास्ते से निकलता है। इन रास्तों पर वाहन आमने सामने आने पर जाम लगा रहता है जिससे भयंकर परेशानी होती है। इसके साथ सेकंड रेलवे क्रॉसिंग बंद होने की स्थिति में वाहनों की लंबी कतार लगी रहती हैं। सेकंड फाटक पर फाटक बंद रहते समय कोई कर्मचारी नहीं होते हैं। इसी प्रकार आंगड़िया गली, नाहटा हॉस्पिटल रोड इत्यादि जगहों पर भी भयंकर ट्रैफिक जाम रहता है, साथ ही पुराने बस स्टैंड का शहर में आने वाला ट्रैफिक नयापुरा की गलियों से निकलता है वहां भी जाम रहता है।

# भूमि विकास बैंकों से कृषि ऋणों पर 5 फीसदी ब्याज अनुदान : रतू

बाड़मेर 29 जनवरी (निसं)। राज्य सरकार ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए दीर्घ कालीन कृषि ऋण लेने वाले काश्तकारों के लिए 5 फीसदी ब्याज अनुदान योजना लागू की है। इसके तहत समय पर ऋण का चुकारा करने वाले काश्तकारों को 7.10 प्रतिशत ब्याज दर से ऋण मिल पाएगा।

सहकारिता विभाग द्वारा जारी परिपत्र की जानकारी देते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहन दान रतू ने बताया कि यह योजना 31 मार्च तक लागू रहेगी। किसानों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर कृषि ऋण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि में ऋण लेने वाले सभी किसानो को इस योजना का लाभ मिलेगा।

रतू ने बताया कि जिन किसानो को कृषि ऋण लेना है वे जिले की प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक से संपर्क कर कृषि ऋण स्वीकृत करा सकते है। सभी बैंकों को निर्देश दिए गए है कि पात्र किसानों को तत्परता से कृषि ऋण वितरण कर लाभांवित करें।

सहकारिता विभाग के रजिस्ट्रार डॉ. नीरज के. पवन ने बताया कि दीर्घ कालीन कृषि ऋण 12.10 प्रतिशत की ब्याज दर पर देय होता है। समय पर ऋण चुकता करने वाले कृषकों को 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान देकर उन्हें राहत प्रदान की गई है। डॉ. पवन ने बताया कि यह योजना सहकारी भूमि विकास बैंकों से दीर्घ कालीन अवधि के लिए लेने वाले ऋणों पर लागू की गई है। उन्होंने बताया कि यह ब्याज दर किसी भी वाणिज्यिक बैंक की ओर से ली जाने वाली ब्याज दर से सबसे कम है। रजिस्ट्रार डॉ.पवन ने बताया कि किसानों को कृषि कार्यों के लिए ऋण की सर्वाधिक आवश्यकता होती है, लेकिन ब्याज दर सर्वाधिक होने के कारण किसान को ब्याज चुकाने में परेशानी का सामना करना पड़ता था और कृषि कार्यों में रूकावट भी पैदा होती थी।

बैंक के प्रशासक एव जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहनदान रतनू ने बैंकों से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने की बात कही। भूमि विकास बैंक लिमिटेड बालोतरा के सचिव जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि पांच फीसदी अनुदान योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर अधिकतम किसानों को लाभान्वित करवाने के साथ आवंटित लक्ष्य पूर्ण किए जाएंगे। साथ ही वसूली में इस योजना से लाभांवित करवाने का प्रयास किया जाएगा।

**इन कार्यो के लिए ऋण लेने पर मिलेगा ब्याज अनुदान:** किसान लघु सिंचाई के कार्य जैसे नवकूप, नलकूप, कूप गहरा करने, पम्पसैट, फव्वारा,ड्रिप सिंचाई, विद्युतीकरण, नाली निर्माण, डिग्गी, हौज निर्माण तथा कृषि यंत्रीकरण के कार्य जैसे ट्रेक्टर, कृषि यंत्रादि, थ्रेसर, कम्बाईन हार्वेस्टर आदि को क्रय करने के लिए दीर्घ कालीन अवधि के लिए ऋण ले सकते हैं। इसी तरह डेयरी, भूमि सुधार, भूमि समतलीकरण, कृषि भूमि क्रय, अनाज,प्याज गोदाम निर्माण, ग्रीन हाउस, कृषि कार्य के लिए सोलर प्लांट, कृषि योग्य भूमि की तारबंदी,बाउण्ड्रीवाल, पशुपालन, वर्मी कम्पोस्ट, भेड़,बकरी,सुअर,मुर्गी पालन, उद्यानीकरण, ऊंट, बैल गाड़ी क्रय जैसी कृषि संबद्ध गतिविधियों के लिए लिए गए दीर्घ कालीन ऋण भी इस योजना में कवर होंगे।

## 116 ग्राम पंचायतों में उपसरपंच चुनाव आज

पाली 29 जनवरी (निसं)। पंचायतीराज आम चुनाव के तहत तृतीय चरण में जैतारण, मारवाड जंक्शन एवं सुमेरपुर पंचायत समिति के 116 ग्राम पंचायतों में 30 जनवरी को उप सरपंच के चुनाव होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेशचन्द जैन ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार तृतीय चरण में जैतारण पंचायत समिति की 38 ग्राम पंचायतों, मारवाड जंक्शन पंचायत समिति की 48 ग्राम पंचायतों एवं सुमेरपुर पंचायत समिति की 30 ग्राम पंचायतों के लिए गुरूवार को निर्धारित मतदान प्रक्रिया के तहत उप सरपंच के चुनाव होंगे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई– निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 25.02.2020 को 15.00 बजे तक खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्याः E-119. कार्य का नाम व स्थानः सहायक मण्डल इंजीनियर, भिवानी के अधीन विभिन्न आरयूबी में वर्षा के पानी को आने से रोकने हेतु वर्तमान में स्थित रिटेनिंग वॉल की लम्बाई व उचाई बढ़ाने तथा अन्य विविध कार्य करना। अनुमानित लागत मूल्यः** Rs. 22332434.02 **धरोहर राशि** : Rs. 261700/- **निविदा संख्याः E-120. कार्य का नाम व स्थानः सहायक मण्डल इंजीनियर, भिवानी के सैक्शन में बवानी खेड़ा बैलास्ट डिपो में 65 मिमी. गेज मशीन द्वारा तोड़ी गयी रोडी संशोधित स्पेशिफिकेशन आइ.आर. एस/जी ई–I जून–2004 आर डी एस ओ ट्रैक बैलास्ट के अनुसार 25000 घनमीटर रोड़ी की सप्लाई करना और उसकी रेलवे वैगनस/होपरस में लदाई का कार्य। अनुमानित लागत मूल्यः** Rs. 17122750.00 **धरोहर राशि** : Rs. 235600/-. **नोटः**–अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **132-AJ/20**

रेल यात्री सामान्य शिकायत हेतु हैल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें




# संत नामदेव का ज्ञानोदय दिवस मनाया

भीनमाल 29 जनवरी (निसं)। नामदेव सेवा मंडल छीपा समाज द्वारा समाज के आराध्य संत नामदेव महाराज का ज्ञानोदय दिवस एवं बसंत पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर सत्संग का आयोजन किया गया। सवेरे संत नामदेव महाराज की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गयी। शोभा यात्रा में रथ पर संत नामदेव महाराज की फोटो रखी थी। इस अवसर पर समाज की माताओं-बहनों, बच्चों एवं बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए मंदिर पंहुची। समारोह में शहर सहित आस पास के गांवों के लोग भी उपस्थित रहे।

## शहीद दिवस पर 2 मिनिट का मौन रखा जायेगा

जालोर 29 जनवरी (निसं)। जिले में 30 जनवरी को शहीद दिवस पर शहीदों की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे वही कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी सर्किल पर दो मिनट का मौन रखा जायेगा।

जिला कलक्टर महेन्द्र सोनी ने जिले के उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक व जालोर नगरपरिषद के आयुक्त को निर्देशित किया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को 2 मिनट का मौन तथा तथा शिक्षण संस्थाओं में भाषण व वार्ता आदि का आयोजन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये जाये।

## शहीद दिवस आज

पाली 29 जनवरी (निसं)। स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को जिले में शहीद दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला कलक्टर दिनेशचन्द जैन ने जिले के उपखण्ड व विकास अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे अपने अपने क्षेत्र में गुरूवार को शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि के लिए प्रातः 11 बजे दो मिनट का मोन धारण करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक पाली, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद पाली को शहीद दिवस पर जिलास्तरीय कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे गांधी मूर्ति सर्किल पर आयोजित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि शहीदों की स्मृति में प्रातः 10:30 बजे गांधी मूर्ति पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। 10:40 बजे रामधुनी एवं गांधीजी के प्रिय भंजनों का गान, 11 बजे सावधान मुद्रा में दो मिनट का मोन रखा जाएगा। कार्यक्रम का समापन 11:02 मिनट पर होगा।


**आम–सूचना**

**BAJRI MINING KRISHNA KHEDA**

**पर्यावरण स्वीकृति**

मैं जुगल सांखला पुत्र श्री रतनलाल सांखला रेफरेन्स संख्या 20191000010673 निकट ग्राम कृष्ण खेड़ा, तह. लुणी, जिला जोधपुर में 2.284 हेक्टर क्षेत्र की राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण राजस्थान द्वारा पत्र संख्या F1(4) SEIAA/SEAC/RAJ/Sectt/ Project/ Cat.1(a)B2 (17233) 2019-20 दिनांक 13.01.2020 को पर्यावरण स्वीकृति जारी की गई है।


## शोक सभा आयोजित

जसोल 29 जनवरी (निसं)। जसोल कस्बे की श्रीमाली समाज की बगेसी में शोक सभा आयोजित हुई। जिसमें गजा शंकर अवस्थी (बाड़मेर) को सादर श्रद्धांजलि अर्पित की। मोक्ष दायिनी दीप जलाकर मोक्ष गति की कामना की जिसमें समाज बंधुओं ने भाग लिया। श्रद्धांजलि सभा में छोटू लाल अवस्थी, मनोहर लाल अवस्थी, घेवर चंद अवस्थी, गुलाब चंद दवे रमेश अवस्थी, ओम शर्मा पंडित राजू महाराज, जय शंकर अवस्थी भागीरथ अवस्थी, भरत अवस्थी, विनोद अवस्थी, नवनीत शर्मा सहित सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित थे।

## इच्छापूर्ण बालाजी सेवा समिति की बैठक संपन्न

जसोल 29 जनवरी (निसं)। इच्छापूर्ण बालाजी विकास सेवा समिति की वार्षिक बैठक मंगलवार को मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। जिसमें नवनिर्वाचित जसोल सरपंच ईश्वरसिंह चौहान, उप सरपंच राजेन्द्र छाजेड़, ब्लॉक अध्यक्ष भगवतसिंह राठौड़ का मंदिर कमेठी द्वारा स्वागत किया गया।

## राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

बालोतरा 29 जनवरी (निसं)। डीआरजे राजकीय कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार वैश्विक परिदृश्य में गांधी चिन्तन पर आयोजित विधायक मदन प्रजापत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा।

कार्यक्रम संरक्षक एवं प्राचार्य अर्जुनराम पूनिया ने बताया कि इस सेमीनार के मुख्य अतिथि विधायक श्री मदन प्रजापत होंगे। मुख्य वक्ता डॉ. सत्यनारायण होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य करेंगे। सेमीनार समन्वयक डॉ. उम्मेदसिंह इन्दा ने सेमीनार के संबंध में बताया कि इस सेमीनार में राजस्थान सहित अन्य राज्यों के विषय विशेषज्ञों एवं शोधार्थी व स्थानीय छात्राएं भाग लेंगे। सेमीनार के उद्घाटन एवं समापन सहित पांच सत्र होंगे, जिसमें आमंत्रित विद्वान व शोधार्थी पत्रवाचन करेंगे तथा इस शोध पत्रों को एक पुस्तक रूप में प्रकाशित करवाया जायेगा। मुगेर बिहार से प्रो. जुगलकिशोर, मुरैना (म.प्र.) से ए.जी.मोदी, दिल्ली से निधी स्वामी, उज्जैन नलीनीसिंह के साथ - साथ जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, मदस विश्वविद्यालय, अजमेर तथा जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के शोधार्थी शिरकत करेंगे। विभिन्न राजकीय महाविद्यालयसे विद्वान प्रोफेसर सेमीनार में भाग लेंग तथा प्रदेशभर से बड़ी संख्या में शोधार्थी भाग लेंगे। सेमीनार की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। सेमीनार के सफल आयोजन के लिये विभिन्न समितियों का निर्माण किया गया है।


**सार्वजनिक सूचना**

राजस्थान उपनिवेशन (इगानप क्षेत्र में राजकीय भूमि का आवंटन एवं विक्रय) नियम 1975 के नियम 12 (क) में राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमाक-प-4(16)कोल/1999 दिनांक 10.12.2019 से उनके विधिक उतराधिकारियों को भूमि आवंटन का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में भूतपूर्व सैनिक मेरे पिता श्री दान सिंह पुत्र श्री हरी सिंह जाति राजपूत निवासी हमीरपुरा तहसील लक्ष्मण गढ जिला सीकर की मृत्यु आवंटन से पूर्व दिनांक 02.02.1996 को हो चुकी है मुरब्बा नम्बर 221/06, चक 58-59 एसएलडी मोहनगढ क्षेत्रफल 24.05 कमाण्ड आवंटित किया गया था। जिनके हम निम्नांकित वारिस हैः- (1) श्रीमती जड़ाव कंवर (पत्नी दिनांक 16.08.2017 फौत) (2) रतन सिंह (पुत्र) (3) कर्णसिंह (पुत्र) (4) गोविन्द सिंह (पुत्र) (5) राजकंवर (पुत्री) (6) श्रीमती इचरज कंवर (पुत्री) है। इसके अलावा कोई वारिस नहीं है। वारिसों के संबंध में कोई आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त उपनिवेशन बीकानेर में आपत्ति पेश करें।

आवेदक
रतन सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री दान सिंह
जाति राजपूत निवासी हमीरपुरा तहसील
लक्ष्मणगढ जिला सीकर
मो.नं. 9829735779



**कार्यालय, उप वन संरक्षक जोधपुर**

पत्र क्रमांक एफ ( )उवसंजो/स्टोर/2020/519 दिनांकः 16.1.2020

**ई-निविदा**

उप वन संरक्षक जोधपुर की ओर से जलवायु एवं मरू प्रसार रोक राज्य योजना में अग्रिम कार्य हेतु फर्म/एजेन्सी से आर.सी.सी. पोस्ट, बारबड़ वायर, वेल्डमैस सामग्री क्रय करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन जमा की अंतिम दिनांक 03.02.2020 समय 6 बजे तक एवं निविदा धरोहर राशि, भौतिक रूप से जमा कराने अंतिम तिथि 04.02.2020 दोपहर 2 बजे तक है। निविदा दिनांक 05.02.2020 को 2 बजे खोली जाएगी। इस संबंध में विस्तृत विवरण http://www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN NO. FOR1920GSLB00387
NIB: FOR1920A0267

उप वन संरक्षक, जोधपुर


## सर्वोदय दिवस पर रक्तदान शिविर आज

जालोर 29 जनवरी (निसं)। जिला प्रशासन व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में निरोगी राजस्थान अभियान के तहत 30 जनवरी को सर्वोदय दिवस के अवसर पर जिले में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस.देवल ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार निरोगी राजस्थान 2020 के तहत जिले में 30 जनवरी को रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर सामान्य चिकित्सालय जालोर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीनमाल व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांचौर में 30 जनवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

# बीकानेर संभाग

**आदर्श पीएचसी की रैंकिंग में बीकानेर पहले नंबर पर**



**बीकानेर ( ए. )। प्रदेश में आदर्श पीएचसी की प्रदेशस्तरीय रेंकिंग में बीकानेर जिला पहले नंबर पर रहा है। जिले ने 33 जिलों की 861 आदर्श पीएचसी को पछाड़ते हुए यह मुकाम हासिल किया है। राज्य सरकार ने प्रदेश में ग्रामीण अंचलों में चिकित्सा व्यवस्था को जांचने के लिए वर्ष-2019 में आदर्श पीएचसी का सर्वे कराया गया। इसमें दवा उपलब्धता, जांच व्यवस्था, डिलीवरी, सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण, रोगियों की पर्चियों पर मोबाइल नंबर, ऑनलाइन कार्य, उपकरणों की उपलब्धता आदि को शामिल किया। इसमें बीकानेर जिले की आदर्श पीएचसी बेहतरीन रही।**

# बीकानेर की तर्ज पर सभी जेलों में बनेगा फिनायल

■ **बीकानेर (ए.)**

बीकानेर केन्द्रीय कारागार में बन रहे फिनायल से प्रदेशभर की जेलों को चमकाया जाएगा। बीकानेर जेल %नो-प्रोफिट-नो लोस' के उद्देश्य से बंदियों को नई दिशा देने के लिए कदम बढ़ा रही है। बीकानेर जेल से शुरू हुआ फिनायल बनाने का काम प्रदेशभर की जेलों में भी होगा। इसके लिए बकायदा प्रदेश की अन्य जेलों के बंदियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह फिनायल जेलों में काम लेने के आलावा सरकारी कार्यालयों, सामाजिक संगठनों के कार्यालयों एवं आमजन को बिक्री के लिए मुहैया कराया जाएगा। यह मुहिम जेलों में बंद बंदियों को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।

## नया फ्लेवर लॉन्च

वर्तमान में सफेद, पिंक व ग्रीन फ्लेवर में फिनायल तैयार किया जा रहा है। यह फिनायल सामान्य है लेकिन अब एक नया फ्लेवर सप्ताहभर पहले लॉंच किया गया जो लेमन फ्लेवर है। इसका रंग पीला और खुशबुदार है। इसकी कीमत 23 रुपए निर्धारित की गई है।

## प्रशिक्षण के लिए आदेश

जेल में बनाए जा रहे फिनायल को लेकर जेल



महानिदेशक ने आदेश जारी किए हैं। आदेश में बताया है कि बीकानेर जेल में बन रहे फिनायल को प्रदेश की सभी जेलों में बनवाया जाएगा। इसके लिए बीकानेर जेल प्रशासन प्रदेश की जेलों के बंदियों को प्रशिक्षण दें। डीजी के आदेश के बाद बीकानेर जेल प्रशासन ने प्रदेश की अन्य जेलों के बंदियों को प्रशिक्षण देने की तैयारियां शुरू कर दी है। अगले महीने से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## अब एक ब्रांड, एक दाम और एक लोगो

बीकानेर जेल में बन रही फिनायल वर्तमान में 'बीकानेर जेल ब्रांड' नाम से बेची जा रही है। जेल मुख्यालय ने अब फिनायल को प्रदेशभर की जेलों में तैयार करने के बाद पूरे प्रदेश में एक ही नाम से बचेगा। नए ब्रांड का नाम %राजस्थान जेल ब्रांड% रहेगा।

## अब तक एक लाख रुपए की बिक्री

जेल अधीक्षक परमजीतसिंह सिद्धू ने बताया कि बीकानेर जेल में फिनायल बनाने का काम करीब नौ महीने पहले शुरू किया गया। पहले जिले की जेलों में सप्लाई किया जाता था। इसके बाद आमजन को मुहैया कराने के लिए बाजार में स्टॉल लगाकर बेचना शुरू किया। अब तक करीब एक लाख रुपए से अधिक की फिनायल बेच चुके हैं। बीकानेर जेल में वर्तमान में चार बंदी फिनायल तैयार कर रहे हैं। हर माह करीब सात-आठ हजार की फिनायल बेची जा रही है।

## बंदियों को मिलेगा काम

फिनायल की क्वालिटी, बोटल, ब्रांड नेम व लोगों बीकानेर जेल ही तय करेगा। फिनायल संबंधी संपूर्ण मास्टर प्लान बीकानेर जेल का रहेगा। जेल में बने फिनायल की बोतल की कीमत आमजन के लिए अभी 20 रुपए तय की गई है। फिनायल बनाना आसान है। इस काम में साजायाफ्ता बंदियों को प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वे सजा पूरी करने के बाद अपना काम कर सके।

विक्रमसिंह करणावत, आइजी जेल जयपुर

## सीएलजी सदस्यों की बैठक, मंडी में कैमरे लगाने पर चर्चा

***श्रीगंगानगर ( ए. )।*** यहां बुधवार को थाना प्रभारी विजयसिंह ने मंडी के व्यापारियों सहित सीएलजी सदस्यों की बैठक ली। बैठक में मंडी में बढ़ रहे चिट्टे नशे व मेडिकल नशे की गोलियों पर अंकुश लगाने सहित मंडी में सीसीटीवी कैमरों को लगाने की बात पर बल दिया। थाना प्रभारी विजयसिंह ने मंडी की तमाम व्यापारिक संगठनों के साथ बात कर मंडी में कैमरे लगवाने पर विचार विमर्श किया। इसी के साथ शिव चौक के नजदीक रेहड़ियों को लगाकर फल व सब्जी बेचने वालों को सड़क पर एक साईड में खड़े हो अपना रोजगार चलाने व सड़क के बीचों बीच ना खड़े रहने की बात पर सभी व्यापारियों व सीएलजी सदस्यों ने एक राय में कहा कि इनको पाबन्द किया जाए। इन रेहड़ियों की वजह से यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती। इस मीटिंग में व्यापार मण्डल के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार सियाग, पूर्व सरपंच सुरजीत सिंह बारोका, कमलेश अग्रवाल, मनोहर पूनियां, प्रकाश ख़िलेरी, सुभाष भादू, राजू अरोड़ा, डॉ कुलदीप सिंह, भजनलाल कामरेड, कैलाश कचूरा, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कीटनाशक के असर से युवक की मौत

***श्रीगंगानगर ( ए. )।*** राजियासर थाना क्षेत्र के सोमासर गांव में बुधवार को कीटनाशक का असर होने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार तीन चार एस एम आर सोमासर निवासी सुंदरलाल पुत्र किशोरीलाल खाती ने थाने में दर्ज मर्ग में बताया कि उसका भतीजा कालूराम पुत्र देवीलाल (20) अपनी बाइक लेकर मंगलवार को खेत में कीटनाशक का छिड़काव करने के लिए गया था। छिड़काव करने के बाद परिजनों को अपने ननिहाल कानोर जाने को कह कर गया था। फसल में कीटनाशक का छिड़काव करने के बाद बाइक से अपने ननिहाल कानोर जाना था लेकिन देर शाम तक ननिहाल व घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। तलाश करने पर बुधवार सुबह उसका भतीजा बाइक के साथ आईजीएनपी नहर की 181 व 182 आरडी के पास गिरा पड़ा था।और कपड़ों से कीटनाशक की बदबू आ रही थी। कीटनाशक की असर से उसके भतीजे की मौत हो गई।

## बच्चे जान सकेंगे अंतरिक्ष विज्ञान के रहस्य

***हनुमानगढ़ ( ए. )।*** गांव अरड़की स्थित सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय के बच्चे भी अंतरिक्ष विज्ञान के रहस्य जान सकेंगे। विज्ञान के अत्याधुनिक उपकरणों से ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। केन्द्र सरकार के नीति आयोग की जिले की दूसरी व क्षेत्र की पहली अटल टिंकरिंग प्रयोगशाला योजना के तहत अरड़की के राउमावि का चयन किया गया है। अब तक जिले में सूरेवाला के राउमावि में ही अटल टिंकरिंग प्रयोगशाला का संचालन किया जा रहा था। अब अरड़की के विद्यार्थी भी लाभान्वित हो सकेंगे। प्रधानाचार्य पुरूषोत्तम शर्मा ने बताया कि विद्यालय में दस लाख रुपए की लागत से प्रयोगशाला विकसित की जाएगी। नीति आयोग की ओर से विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रयोगों व नवाचारों के लिए उपकरण आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें अत्याधुनिक उपकरणों के साथ मॉडल से गुरूत्वाकर्षण से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान के प्रयोगों की जानकारी दी जाएगी। प्रयोगशाला के रख-रखाव के लिए नीति आयोग की ओर से पांच साल तक प्रतिवर्ष दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी मुहैया करवाई जाएगी। प्रयोगशाला के लिए मार्च तक बजट उपलब्ध होने की संभावना है। आगामी शैक्षणिक सत्र में विद्यालय के बच्चे इसका लाभ उठा सकेंगे। अटल टिंकरिंग प्रयोगशाला योजना का लाभ सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी उठा सकते हैं। इसके लिए नीति आयोग की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए निजी या सरकारी स्कूल की नौंवी तथा दसवीं कक्षा में सौ से अधिक बच्चों का नामांकन होना आवश्यक है। साथ ही विद्यालय में प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए पन्द्रह सौ वर्ग फीट का कवर्ड क्षेत्र होना आवश्यक है। कुछ सामान्य औपचारिकताओं के बाद विद्यालय को अटल टिंकरिंग प्रयोगशाला स्थापना की स्वीकृति मिल जाती है। केन्द्र सरकार का उद्देश्य प्रयोगशालाओं की स्थापना कर बच्चों को आधुनिक विज्ञान प्रयोगों से रूबरू करवाना है। इसमें केन्द्र सरकार के निर्धारित वैंडर्स की ओर से आधुनिक उपकरण जिनमें भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान के साथ अंतरिक्ष विज्ञान तक के मॉडल व उनकी कार्यप्रणाली उपलब्ध करवाई जाती है।

## सब्जी से भरा कैंटर टकराया ट्रोले से, एक जने की मौत

***हनुमानगढ़ ( ए. )।*** संगरिया रोड पर गांव नवां के पास मंगलवार तड़के हनुमानगढ़ की तरफ आ रहे सब्जी से भरे कैंटर की ट्रोले से आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कैंटर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रोला चालक घटना के बाद वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। कैंटर में सवार अन्य लोगों व आसपास के ग्रामीणों ने जंक्शन थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराई। इस संबंध में ट्रोला चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना कारित करने का मामला दर्ज कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सब्जी से भरा कैंटर मंगलवार तड़के करीब तीन से चार बजे के बीच हनुमानगढ़ तरफ आ रहा था। संगरिया रोड पर गांव नवां व चंदड़ा के बीच सामने से आए ट्रोले से कैंटर की भिडंत हो गई। हादसे में कैंटर चालक रामकुमार की मौत हो गई। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। ट्रोले से मिले दस्तावेज के आधार पर पुलिस ने उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## टिड्डी से निपटने को अधिकारियों ने बनाई रणनीति, किसान परेशान

***हनुमानगढ़ ( ए. )।*** जिले में कुछ जगह खेतों के आसपास चार-पांच दिनों से छितराई हुई टिड्डी नजर आ रही है। हालांकि अभी टिड्डी से फसलों को अधिक नुकसान पहुंचने की आशंका नहीं है। परंतु दूसरे जिलों की तरह बाद में टिड्डी की संख्या बढ़ नहीं जाए, इसे लेकर किसानों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। जिले में करीब पांच लाख हेक्टेयर में रबी फसलों लगी हुई है। काफी बड़े क्षेत्र में खेती होने से कृषि अधिकारी भी लगातार समय रहते टिड्डी दल को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। कृषि विभाग के उपनिदेशक दानाराम गोदारा ने एहतियात के तौर पर शनिवार को कृषि विभाग कार्यालय में कीटनाशक व रसायन निर्माता कंपनी के प्रतिनिधियों की बैठक भी ली। इसमें उप निदेशक ने बताया कि टिड्डी रोकथाम को लेकर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया है। इसमें संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। कंपनी प्रतिनिधियों से उप निदेशक ने कहा कि यदि जिले में कहीं पर टिड्डी का प्रकोप होता है तो किसान हितों का ध्यान रखते हुए सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग जरूर करें।

# मेले में दिखाई प्रतिभा, बनाएं उपकरण



■ **चूरू (ए.)**

राजकीय गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में दो दिवसीय शैक्षणिक किशोरी मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसीपी राकेश कुमार भाम्बु ने कहा कि इन मेलों का उददेश्य बालक-बालिकाओं का कक्षा के अलावा कुछ सीखने की उर्जा को बनाए रखना है। ये मेले ऐसे होते हैं जिनसे बच्चे स्वयं सीखते हैं। अध्यक्षता एसीबीईओ रामकरण रूयल ने की। उन्होंने कहा कि केजीबीवी विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को समुचित सुविधाएं मिलती है। गुणात्मक शिक्षा मिले, इसका अनवरत प्रयास करते रहना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी आरिफ खां व एसीबीईओ हरिप्रसाद शर्मा, सन्दर्भ व्यक्ति रणवीर सिंह मुनडिया ने भी विचार व्यक्त किए। विद्यालय की प्रधानाध्यापक सुशीला सहारण ने बताया कि मेलें में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान व सृजनात्मक गतिविधियों के लिए विभिन्न प्रकार की स्टालें लगाई गई। इस मेले में विभिन्न स्कूलों के लगभग 400 बालिकाओं ने भाग लिया। इस मौके पर कृष्णा पचार, अनिता मांजु, सुकेश, विनोद घिंटाला आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई। इस अवसर पर अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता रही बालिकाओं को पुरस्कृत किया। संचालन कृष्णा पचार ने किया।

## तकनीकी प्रदर्शनी का आयोजन

चूरू. बिसाऊ के राजस्थान पोलिटेक्निक कॉलेज में मंगलवार को तकनीकी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें लाई फाई सिस्टम, ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाईट सिस्टम एवं हाईडो ब्रिज के प्रोजेक्ट व इसकी कार्य विधि के बारे में जानकारी दी गई। इंस्पायर अवार्ड जीत कर राज्य स्तर पर चयनित छात्रा प्रीति को सम्मानित किया गया। यह सम्पूर्ण कार्य सतीश चौधरी, भंवरसिंह, दिनेश धायल ने बच्चों को तैयार किया। नवीन सिहाग ने बताया की 2 फरवरी को बड़े स्तर पर प्रदर्शनी लगाकर क्षेत्र के कक्षा 6 से 12 वीं तक के सभी बच्चों को आधुनिक तकनीकी के मॉडल दिखाए जाएंगे।

## युवाओं ने 80 वर्ष से अधिक बुजुर्गों का सम्मान किया

***सादुलपुर ( ए. )।*** गांव गुलपुरा में राष्ट्रीय पर्व पर गांव के युवाओं ने अनोखी पहल करते हुए गांव के अस्सी वर्ष तक की उम्र के बुजुर्गों का सम्मान किया। 30 बुजुर्गों को साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, छड़ी आदि प्रदान कर सम्मान किया। सामाजिक कार्यकर्ता सुमेरसिंह सिहाग ने बताया कि राउमावि में आयोजित कार्यक्रम में बुजुर्गों का मान गांव की शान थीम पर बुजुर्गों का सम्मान किया। देश की आजादी और गुलामी को नजदीक से देखने वालों के अनुभव जाने। बुजुर्गों ने कहा कि उस वक्त जाति-पांति, धर्म-मजहब की लड़ाई नहीं थी। सिर्फ देश की आजादी की लड़ाई थी तथा हर व्यक्ति भारतीय बनकर अंग्रेजों को खदेड़ने का काम किया था। वर्तमान समय में देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों ने लोगों के दिलों में नफरत की दीवान खड़ी कर दी है। इस अवसर पर संस्था प्रधान सुनीता ने विचार व्यक्त किए। योगेश पूनिया, कृष्ण धनखड़ आदि मौजूद रहे। कैप्टन मानसिंह सिहाग ने विद्यार्थियों को खेल का सामान उपलब्ध करवाने की घोषणा की। इस अवसर पर धर्मपाल रेपसवाल, हरिसिंह तेतरवाल, जोतराम प्रजापत, घड़सीराम, राजेन्द्र पूनिया, जयसिंह पूनिया, बलवीर धनखड़ आदि उपस्थित थे।

## श्रीगंगानगर में कीचड़ से लबालब गलियों में गांव की सरकार बनाने के लिए मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

***श्रीगंगानगर ( ए. )।*** गांव की सरकार बनाने के लिए मतदाताओं में इतना अधिक उत्साह था कि बरसात से लबालब गलियों को मुश्किल से पार कर वोट पोल करने के लिए मतदान केन्द्र पर पहुंचे। सुबह आठ बजे से दोपहर तक एक एक वोट को अपने पक्ष में पोल कराने के लिए सरपंच और वार्ड पंचों के प्रत्याशी और उनके समर्थक जुटे हुए थे। श्रीगंगानगर पंचायत समिति क्षेत्र में 50 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 251 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। श्रीकरणपुर पंचायत समिति क्षेत्र में 35 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 156 उम्मीदवार है। शहर से सटे ग्राम पंचायतों में सरपंच प्रत्याशियों ने निजी वाहनों से मतदाताओं को पोलिंग बूथो पर पहुंचाया। गांव कालियां में दो बच्चों के शव मिलने के बाद ग्रामीणों में तनावपूर्ण में स्थिति बनी हुई है। हालांकि वहां वोटिंग की प्रक्रिया चल रही है। ग्राम पंचायत 5 ई छोटी में कुल साढ़े सात हजार वोट है, वोटरो के लिए अलग अलग जगह पर पोलिंग बूथ बनाए गए है। एक बूथ गणपतिनगर की गली नम्बर आठ में और तो दूसरा नाईवाला गांव में सूरतगढ़ रोड पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बनाया गया है। इन दोनों बूथों पर मतदाताओं की इतनी अधिक भीड़ थी कि मतदाताओं की लंबी लाइन स्कूल गेट तक हो गई। पुलिस कार्मिकों ने मतदाताओं को बार बार परेशान भी किया, किसी को सीधा खड़ा करने की नसीहत दे रहे थे तो किसी प्रत्याशी को एक जगह रूकने के लिए मनाही करते टोकते नजर आए। यहां तक कि मीडिया कर्मियों को लंबी लाइन में लगे मतदाताओं की फोटोग्राफी भी नहीं करने दी, जब इसकी शिकायत एसडीएम उम्मेद सिंह रतनू को मिली तो उन्होंने सैक्टर प्रभारियों के माध्यम से फोटोग्राफी करवाने की अनुमति दिलाई। इधर, ग्राम पंचायत 3 ई छोटी में सरपंच प्रत्याशियों की ओर से मतदाताओं में वोट लेने की कशमकश बनी रही। इस ग्राम पंचायत में करीब नौ हजार से अधिक वोटर है। वहीं ग्राम पंचायत 2 एमएल में सरपंच पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला बना हुआ हैं। इधर, 4 जैड ग्राम पंचायत में भी बहुकोणीय मुकाबले में प्रत्याशी और उनके समर्थक वोटरों पर जीत की आस लगाए बैठे है।

## मंडल सुरक्षा आयुक्त बोले यात्री सुरक्षा ही प्राथमिकता

***बीकानेर ( ए. )।*** उत्तर पश्चिमी रेलवे बीकानेर मंडल के नवनियुक्त सुरक्षा आयुक्त कीर्ति कुमार डी पटेल ने पदभार सम्भाल लिया। इस दौरान आयुक्त पटेल ने कहा कि ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा उनके लिए प्राथमिकता में रहेगी। साथ ही रेल की सम्पत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचाए, इसके प्रयास किए जाएंगे। पटेल ने मंगलवार को बीकानेर में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थिति रेलवे सुरक्षा बल कार्यालय में विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाला। इस दौरान पत्रिका से बातचीत में उन्होंने कहा कि रेलवे की सम्पत्ति और यात्रियों की सुरक्षा में किसी तरह की कोताही नहीं रहेगी। आने वाले दिनों में बीकानेर मंडल के स्टेशनों पर सीसी टीवी कैमरों के विस्तार की योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा, ताकि सुरक्षा और पुख्ता हो सके। अधिकारियों से इस संदर्भ में फीडबैक लिया जाएगा। मंडल सुरक्षा आयुक्त पटेल ने कहा कि आरपीएफ की सुरक्षा हेल्प लाइन 182 को लेकर जागरूकता की आवश्यकता है।

# गांव की सरकार : श्रीगंगानगर क्षेत्र में धीमा मतदान और श्रीकरणपुर में तेज गति से पड़े वोट

■ **श्रीगंगानगर (ए.)**

श्रीगंगानगर पंचायत समिति क्षेत्र की पचास ग्राम पंचायतों में सुबह दस बजे तक 14.34 प्रतिशत मतदान। दोपहर 12 बजे तक 21.26 प्रतिशत वोट पोल हुए। जबकि श्रीकरणपुर क्षेत्र में दोपहर 31.34 प्रतिशत मतदान हुआ।

गांव की सरकार बनाने के लिए मतदाताओं में इतना अधिक उत्साह था कि बरसात से लबालब गलियों को मुश्किल से पार कर वोट पोल करने के लिए मतदान केन्द्र पर पहुंचे। सुबह आठ बजे से दोपहर तक एक एक वोट को अपने पक्ष में पोल कराने के लिए सरपंच और वार्ड पंचों के प्रत्याशी और उनके समर्थक जुटे हुए थे।

श्रीगंगानगर पंचायत समिति क्षेत्र में 50 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 251 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। श्रीकरणपुर पंचायत समिति क्षेत्र में 35 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 156 उम्मीदवार है। शहर से सटे ग्राम पंचायतों में सरपंच प्रत्याशियों ने निजी वाहनों से मतदाताओं को पोलिंग बूथो पर पहुंचाया।



गांव कालियां में दो बच्चों के शव मिलने के बाद ग्रामीणों में तनावपूर्ण में स्थिति बनी हुई है। हालांकि वहां वोटिंग की प्रक्रिया चल रही है।

ग्राम पंचायत 5 ई छोटी में कुल साढ़े सात हजार वोट है, वोटरो के लिए अलग अलग जगह पर पोलिंग बूथ बनाए गए है। एक बूथ गणपतिनगर की गली नम्बर आठ में और तो दूसरा नाईवाला गांव में सूरतगढ़ रोड पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बनाया गया है।

इन दोनों बूथों पर मतदाताओं की इतनी अधिक भीड़ थी कि मतदाताओं की लंबी लाइन स्कूल गेट तक हो गई। पुलिस कार्मिकों ने मतदाताओं को बार बार परेशान भी किया, किसी को सीधा खड़ा करने की नसीहत दे रहे थे तो किसी प्रत्याशी को एक जगह रूकने के लिए मनाही करते टोकते नजर आए। यहां तक कि मीडिया कर्मियों को लंबी लाइन में लगे मतदाताओं की फोटोग्राफी भी नहीं करने दी, जब इसकी शिकायत एसडीएम उम्मेद सिंह रतनू को मिली तो उन्होंने सैक्टर प्रभारियों के माध्यम से फोटोग्राफी करवाने की अनुमति दिलाई।

इधर, ग्राम पंचायत 3 ई छोटी में सरपंच प्रत्याशियों की ओर से मतदाताओं में वोट लेने की कशमकश बनी रही। इस ग्राम पंचायत में करीब नौ हजार से अधिक वोटर है। वहीं ग्राम पंचायत 2 एमएल में सरपंच पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला बना हुआ हैं। इधर, 4 जैड ग्राम पंचायत में भी बहुकोणीय मुकाबले में प्रत्याशी और उनके समर्थक वोटरों पर जीत की आस लगाए बैठे है।

# जयपुर संभाग

**वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों ने की थी पुलिस पर फायरिंग**



झुंझुनूं (ए.) एक जनवरी 2020 से अब तक 28 दिन में चोरी व लूट की आठ वारदात करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर दो देशी कट्टे, तीन जिंदा कारतूस व एक बिना नंबरों की कैंपर गाड़ी जब्त की है। एसपी गौरव यादव ने बताया कि जिला स्पेशल टीम व चिड़ावा पुलिस की टीम ने पिलानी बाइपास रोड पर चिड़ावा पर नाकाबंदी के दौरान संदीप जाट निवासी झेरली, वीरेंद्र राजपूत निवासी झेरली तथा संदीप जाट निवासी थिरपाली बड़ी (हमीरवास) को गिरफ्तार कर दो देशी कट्टे, तीन जिंदा कारतूस, एक सफेद रंग की बिना नंबरों की कैंपर गाड़ी को जब्त किया है।

# फुहारों के साथ टपूकड़ा में ओले गिरे, बढ़ी सर्दी

■ अलवर (ए.)

मंगलवार को दिन भर रहे बादल छाए रहने और शाम को हल्की फुहार से मौसम पलटा खा गया। शाम को टपूकड़ा में ओले भी गिरे जिससे तेज सर्दी का अहसास हुआ। मंगलवार सुबह से ही वातावरण में बादल छाए रहे।

शाम करीब 4 बजे शहर के कई स्थानों पर फुहार आई। अधिकतम तापमान 20 और न्यूनतम 8 डिग्री दर्ज किया गया जबकि सोमवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री था। जिले के टपूकड़ा में शाम को बरसात के साथ ओले भी गिरे। पिछले 10 दिन में अलवर जिले में तापमान एकदम बढ़ गया था जिससे लगने लगा था कि अब सर्दी चली जाएगी। मौसम विभाग ने दो दिन पहले चेतावनी दी थी कि 29, 30 और 31 जनवरी को बरसात के साथ ओले भी गिर सकते हैं जिससे एक बार फिर मौसम करवट बदल सकता है। पिछले सात दिनों में तापमान 26 डिग्री तक पहुंच गया था जो अब 20 डिग्री पर आ गया है। इस सप्ताह न्यूनतम तापमान ही 11 डिग्री से अब 8 डिग्री तक आ गया है।



## फसल के लिए अमृत बरसा

**टहला.** कस्बे में मंगलवार दोपहर बाद हल्की बारिश होने से मौसम पलट गया। बारिश के दौरान कुछ क्षण मटर के आकार के ओले भी गिरे। बारिश करीब दस मिनट हुई। किसानों ने बारिश को फसलों के लिए अमृत बताया।

## देर रात बारिश होने से बढ़ी सर्दी

**बहरोड़.** सोमवार देर रात हुई हल्की बूंदाबांदी से क्षेत्र में सर्दी ने अपने तेवर दुबारा से दिखाने शुरू कर दिए। लोगों ने दस पन्द्रह दिन तक दिनभर तेज धूप व रात को हल्की सर्दी पड़ने से आगे सर्दी नहीं बढ़ने की बात कहीं जा रही थी। लेकिन सोमवार देर रात हुई बारिश के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिला। लोग सर्दी से बचाव के लिए दिनभर गर्म लिबासों में लिपटे रहे। वहीं हल्की बूंदाबांदी होने से किसानों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। **माजरीकलां( मांढ़ण ).** कस्बे के आसपास गांवों में सोमवार रात्रि एवं मंगलवार दिन में बारिश हुई। बारिश के चलते तापमान में गिरावट के चलते एक बार फिर से सर्दी रंगत में लौट गई और सर्दी से बचाव के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा।

## विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण

*दौसा (ए.)।* राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुढ़ाना में निःशुल्क चिकित्सा जांच परामर्श शिविर आयोजित हुआ। इसमें डॉ.अंकित शर्मा ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और दवा वितरित की। उन्होंने बीमारियों के लक्षण व बचाव के तरीके बताए। महेन्द्र शर्मा ने विद्यालय के लिए आलमारी भेंट की। इस मौके पर प्रधानाचार्य बनवारीलाल मीणा, गिर्राज मीणा, मेवाराम मीणा, शंकरलाल मीणा, केदार शर्मा, रामप्रसाद मीणा, नवल मीणा, प्रो.हिमांशु उपाध्याय आदि थे। महुवा. लायंस क्लब सिटी द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यों में बढ़ोतरी करते हुए खंडेलवाल मोटर्स लायंस क्लब सिटी एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्सक डॉ. दिनेश मीणा, जनरल फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. कपिल भारद्वाज, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवराम मीणा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार, लायंस क्लब हॉस्पिटल मंडावर ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में 250 मरीजों का चेकअप कर दवाइयां निशुल्क वितरित की गई। शिविर का शुभारम्भ लायंस क्लब अध्यक्ष दिनेश खंडेलवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश मीणा ने किया। महुवा. क्षेत्र के गांव पावटा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में मंगलवार को किशोरी मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी शिवदयाल मीणा ने दीप जला कर किया। इस दौरान मेले में बालिकाओं द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई एवं बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। मेले में 36 स्टालें लगाई गई जिनमें हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, रोचक खेल, जेंडर सवेदनशीलता और सृजनात्मकता को महत्व दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान शिक्षक शिक्षिका सहित बालिका मौजूद थी।

## नगरपालिका की साधारण सभा 3 को

*दौसा (ए.)।***लालसोट.** नगरपालिका मण्डल की साधारण सभा 3 फरवरी को प्रातः 11 बजे पालिका कार्यालय में होगी। अधिशासी अधिकारी नवरतन शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं संशोधित बजट 2019-20 पर चर्चा होगी।

## भोले की बारात में उमड़े श्रद्धालु

*दौसा (ए.)।* श्रीश्याम मंदिर चरणधाम के उन्नीसवें पाटोत्सव के तहत मंगलवार को भोले की बारात निकाली गई। बजरंग मैदान से रवाना हुई बारात में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। नाचते-गाते शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बारात श्याम मंदिर में हो रही शिव पुराण कथा में पहुंची।

## कलश यात्रा निकाली

*दौसा (ए.)।* कृषि मण्डी शिव मंदिर से मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ महिलाओं की कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य सड़क मार्ग से होती हुई खारला ढाणी वार्ड 14 पर पहुंची। जहां पर विधि-विधान एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ शिव पंचायत एवं हनुमानजी की प्रतिमा स्थापित की गई। कार्यक्रम में पल्लेदार संघ अध्यक्ष हीरालाल सैनी सहित सैकड़ों लोग थे। (नि.सं.)

## दंगल का समापन

*दौसा (ए.)।* उपखण्ड के किशोरपुरा गांव में रामदेव मंदिर बैरवा समाज के तत्वाधान में जारी दो दिवसीय सुड्डा दंगल का समापन हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि सांसद जसकौर मीना ने कहा कि समाज में पारस्परिक सद्भाव एवं समरसता को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए। समारोह में पूर्व संसदीय सचिव जितेन्द्र गोठवाल ने कहा कि पद दंगल के माध्यम से हमें प्रेरणादायी जानकारी भी मिलती है। आयोजन समिति से जुड़े बाबूलाल, रामधन व नेमीचंद समेत कई जनों ने अतिथियों का स्वागत किया। सूरतपुरा की हंसो बाई, राजोटा की कलावती, मान्यपुरा की लाली बाई व गांवड़ी की न्हालोदेवी गायक मंडलियां ने कई धार्मिक व सामाजिक रचनाएं पेश की।

## दिल्ली व जयपुर तक नियमित ट्रेन चलने की जगी आस

*झुंझुनूं (ए.)।* रेलवे के जीएम का फरवरी माह में दौरा होगा। उनके दौरे की तैयारियों को लेकर डीआरएम मंजूषा जैन ने मंगलवार को झुंझुनूं रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। वे स्पेशल ट्रेन से झुंझुनूं रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में झुंझुनूं सेक्शन में जितनी रेल चला सकते हैं वे चला रहे हैं। इस सेक्शन पर और भी रेल चलने का प्रस्ताव है। वे सक्षम अधिकारी के पास है। दिल्ली तक नियमित ट्रेन चलाने के लिए भौतिक सत्यापन करवाया जा रहा है। भौतिक सत्यापन नियमानुसार बन जाएगा तो नियमित ट्रेन चलाई जाएगी।वहीं उन्होंने कहा कि जयपुर के लिए ट्रेन चलाने का प्रस्ताव भी है। सुबह एक ट्रेन चलाई जाए। जिससे लोग सुबह 9.30 बजे तक जयपुर पहुंच जाए, जिससे वे अपने मेडिकल सहित अन्य काम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अलगे माह जीएम को दौरा होगा। यात्रियों के सामने आने वाली परेशानियों की जानकारी लेने, रेलवे की ओर से दी जा रही सुविधाओं को यात्री लाभ उठा पा रहे हैं या नहीं साथ ही अन्य कोई परेशानी हो तो उसकी जानकारी निरीक्षण के माध्यम से ली है। इस मौके पर एडीआरएम आरएस मीणा, स्टेशन अधीक्षक बजरंगसिंह शेखावत, राकेश बोयल सहित सभी ब्रांच के अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान वाटरकूलर रखने की जगह पर नीचे से गुजर रहे नाली में गंदगी फैली हुई थी। वहीं नालियों के ऊपर से कवर हटाए हुए थे। वाटर कूलर भी नहीं रखा हुआ था। इस पर डीआरएम ने संबंधित अधिकारियों से पूछा कि वाटर कूलर कहां है। अधिकारियों ने बताया कि कलर किया जा रहा है। इसलिए दूसरी जगह रख दिया। वहीं नालियों पर से कवर हटे होने तथा गंदगी होने पर उन्होंने कहा कि इसकी समय पर सफाई क्यों नहीं हो रही है। वहीं एक बैंच टूटी हुई होने पर भी उन्होंने बैंच को बदलने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वहां पर तैयार हो रहे पार्क का काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। पार्क में झूले, बैंच आदि सही तरीके से व्यवस्था करने तथा रेलवे कॉलोनी में चल रहे काम को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।डीआरएम ने रेलवे स्टेशन पर पार्किंग के लिए टेंडर करने के निर्देश भी दिए।

## नूआं के फौजी व उसके सात बेटे सेना में, जिनकी बहादुरी के आगे कांपती थी पाक सेना

*झुंझुनूं (ए.)।* झुंझुनूं शहर के निकट नूआं एक ऐसा गांव है जिसमें एक परिवार की कई पीढ़ियों ने 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्ध में दुश्मन के दांत खट्टे कर दिए थे। इस परिवार में चौथी पीढ़ी अब भी सेना में तैनात है। गांव के पूर्व सैनिक नजर मोहम्मद खान के आठ बेटे और इनमें सात बेटे सेना में अपनी बहादुरी दिखा चुके हैं। सात में चार ने 1965 और पांच ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में हिस्सा लिया। सबसे बड़ा बेटा दिव्यांग होने के चलते सेना में भर्ती नहीं हो सका। परंतु इन्होंने अपने बेटे को सेना में भर्ती कराया। इनकी बहादुरी के आगे दुश्मन कांपता था। इमरान खान के परदादा नजर मोहम्मद खान सेना में थे। इनके बहादुरी के किस्से सुन इनके आठ में से सात बेटे गौस मोहम्मद, मकसूद खान, लियाकत खान, शौकत खान, सदीक खान, फारूक खान और ईसाक खान सेना में भर्ती हुए। नजर मो. के सात में से चार बेटों ने 1965 और पांच ने 1971 का भारत-पाक युद्ध लड़ा। चौथी पीढ़ी इमरान खान इनके तीसरे बेटे मकसूद खान के पोते हैं जो सेना में हैं। इमरान खान के दादा मकसूद खान नजर मोहम्मद खान के तीसरे नंबर के बेटे थे। युद्ध में जिनके किस्से रेडियो पर सुना करते थे।

## छात्राओं को प्रताड़ित करने वाली अध्यापिका के खिलाफ मामला दर्ज

*झुंझुनूं (ए.)।* दौसा के लवाण कस्बा स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षा नौ में छात्राओं को गणित के सवाल का जवाब नहीं आने पर प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। बुधवार रात को लवाण पुलिस थाने में अध्यापिका के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारी भी जांच के लिए विद्यालय पहुंच गए हैं। तीन छात्राओं को अस्पताल में भी भर्ती कराया गया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस को छात्राओं ने बताया कि अध्यापिका ने कक्षा का गेट बंद कर दण्ड बैठक लगवाकर पिटाई की। इससे कुछ छात्राएं बेसुध होकर गिर गई तो अध्यापिका स्कूल छोड़ घर चली गई। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में छात्रा मनीषा सैनी, कोमल सैनी व किरण को भर्ती कराया गया। बाड़या की ढाणी निवासी परिजन रमेश सैनी, देवाराम, आरती, संतरा सैनी आदि ने बताया कि शाम करीब पांच बजे विद्यालय के अध्यापक तीनों छात्राओं को घर लेकर आए और यह कहकर छोड़ कर गए कि लड़कियों को कुछ खिलाओ तबीयत खराब हो गई है। कुछ देर बाद भी छात्राओं की तबीयत ठीक नहीं हुई तो अस्पताल में भर्ती कराया।

# भंडारे में उमड़ा जनसैलाब



■ सीकर (ए.)

**लक्ष्मणगढ़.** भोजासर बड़ा गांव स्थित शीलजती महाराज के आश्रम में ब्रह्मलीन महंत बजरंग जति महाराज का षोडशी भंडारा किया गया। भंडारे में विभिन्न स्थानों से सैकड़ों की संख्या में साधु-संत व जति संप्रदाय के अनुयायियों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले गाड़ोदा आश्रम के संत महावीरजति महाराज के सान्निध्य में 16 संतों को दक्षिणा के साथ साथ 16 प्रकार की वस्तुओं का दान किया गया। श्रद्धालुओं ने समाधि पर धोक लगाकर आशीर्वाद लिया। आयोजन समिति के विष्णु भूत व बाबूलाल सैनी ने बताया कि सांसद सुमेधानंद सरस्वती, गोसेवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष महंत दिनेशगिरी महाराज व पूर्व पालिकाध्यक्ष दिनेश जोशी ने आश्रम परिसर में गोशाला का उदघाटन किया। सांसद सरस्वती ने गौशाला व आश्रम के विकास के लिए सांसद कोटे से 11 लाख रूपए देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर जोबनेर के कलाडूंगरी के महंत थानापति हीरापुरी महाराज, कानपुरी महाराज, महंत मालपुरी, नरसिंह पुरी महाराज, विक्रम नाथ महाराज, महावीरयति महाराज, गंगायती महाराज, विजययति महाराज, मुरारीयति, घनश्यामयति, मानयति, ओमयति महाराज, शांतिनाथ महाराज, महेंद्रनाथ महाराज व राजू दास महाराज, शिक्षाविद पवन गोयनका, मनोज मिश्रा, प्रमोद चिरानियां, ललित भूत, सरपंच संदीप शर्मा, नरेन्द्र ढूकिया, हरि सेवदा, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री मनोज बाटड़ सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद थे।

## जसरासर में 13 वीं भंडारा आज

**लक्ष्मणगढ़.** जसरासर गांव में महेश पितरजी महाराज का 13 वां भंडारा गुरुवार को होगा। आयोजन समिति के राजू भूरिया मणासिया ने बताया कि बुधवार को सुबह हवन व रात्रि को जागरण होगा। गुरुवार सुबह ग्रामीण महिलाएं कलश यात्रा निकालेंगी। दोपहर को विशेष पूजा अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## मूर्ति को करवाया नगर भ्रमण

**जीणमाता.** जीवनपुरा गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर के मूर्ति स्थापना कार्यक्रम के दौरान कलश यात्रा व मूर्तियों का नगर भ्रमण का आयोजन हुआ। आयोजन समिति बालाजी विकास समिति के बजरंग कुमावत ने बताया कि सोमवार को मोहनपुरा गांव से नव निर्मित शिव मंदिर जीवनपुरा तक कलश यात्रा निकाली गई। मंगलवार को विशेष पूजा पाठ का आयोजन हुआ। शुक्रवार को मूर्तियों की स्थापना की जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा में निजी परीक्षक लगाने पर छिड़ी बहस

*सीकर (ए.)।* सरकारी शिक्षकों की पर्याप्त संख्या होने के बाद भी राज्य सरकार निजी स्कूल शिक्षकों को परीक्षक लगा रही हैं। परीक्षक के लिए निजी स्कूल शिक्षकों का रजिस्ट्रेशन किया गया हैं। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की साख बनाए रखने की बात को लेकर शिक्षक संगठनों ने सरकार के इस निर्णय का विरोध जताया हैं। शिक्षकों संगठनों का कहना है कि इसी कांग्रेस सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में निजी स्कूल शिक्षकों को परीक्षक नहीं लगाने का निर्णय लिया था। लेकिन इस बार सरकार ने अपने ही निर्णय को बदलकर शिक्षा नीति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शिक्षक संगठनों का आरोप है कि अगर बोर्ड परीक्षाओं में निजी शिक्षकों की ओर से किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सामने आती है, तो उन पर क्या कार्रवाई होगी। निजी शिक्षकों के सेवा रिकॉर्ड खराब करने, नौकरी से निकालने, नोटिस देने व सस्पेंड करने जैसी कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती हैं। ऐसे में निजी स्कूल शिक्षक मनचाहे तरीके से अपनी मनमानी करेंगे। शिक्षा विभाग का कोई दबाव इन पर नहीं रहता है। संगठनों का यह भी कहना है कि यदि सरकार को निजी स्कूल शिक्षकों पर इतना ही विश्वास है तो उन्हें चुनाव, जनगणना और अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों में क्यों नहीं लगाया जाता हैं। योग्यता के साथ नहीं होना चाहिए कोई समझौता निजी स्कूलों में काम करने वाले शिक्षक भी सरकारी स्कूल के शिक्षक की तरह ही काम के प्रति जिम्मेदार होते हैं। अगर गलती करते हैं, तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है।

## 6 देशी कट्टा-कारतूस सहित दो संदिग्ध पकड़े

*अलवर (ए.)।* भिवाड़ी स्थित फूलबाग थाना पुलिस ने गश्त के दौरान दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रविंद्र प्रतापसिंह ने बताया कि खिजुरीवास टोल नाके से अलवर बाईपास की ओर बाइक खड़ी कर दो संदिग्ध किसी से मोबाइल पर बात करते हुए पूछ रहे थे कि कहां आना है। बाइक पर बैठे दोनों युवकों से पुलिस ने पूछताछ कर तलाशी ली तो उनके पास से दो देसी कट्टे लोडेड व बाइक की सीट के नीचे 4 कट्टे बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि ये एक बाइक पर मौत का सामान बेचने की फिराक में थे। लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के चलते दोनों आरोपी अपने मंसूबो में कामयाब नहीं हो पाए। पकड़े गए दोनों आरोपी उत्तरप्रदेश के बरसाना निवासी हैं। पुलिस को आरोपियों के कब्जे से 6 देशी कट्टे व 6 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस अभी आरोपियों से पूछताछ कर उनकाक्रिमिनल रिकॉर्ड खंगालने में लगी है।

# भागवत कथा में मनाया नंदोत्सव

■ दौसा (ए.)

**बांदीकुई.** शहर के अग्रवाल धर्मशाला में हो रही श्रीमद्भागवत कथा में नंदोत्सव मनाया गया। इसमें भगवान श्रीकृष्ण की सजीव झांकी सजाई गई। महिलाओं ने हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैयालाल की एवं नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल सहित बधाई गीत गाए। भजनों पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर नाचे। भक्ति संगीत की धुनों पर समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया। लोगों ने टॉफियां बांटकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

कथावाचक पं. मुकेश भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान समय में धर्म के नाम पर पाखण्ड बढ़ता जा रहा है। इससे सभी को बचने की जरूरत है। उन्होंने भगवान के नाम के उच्चारण का महत्व भी बताया। इस मौके पर सूरजपोल मण्डी व्यापार एसोसिएशन अध्यक्ष हुकमचंद अग्रवाल ने भी कथावाचक का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। बुधवार को बाल चरित्र, माखन चोरी, ब्रह्मा मोह, कालिया मर्दन एवं गोवर्धन पूजा एवं गुरुवार को रास, मथुरा गमन, उद्धव गोपी संवाद एवं श्रीकृष्ण रुकमणि विवाह से जुड़ा प्रसंग सुनाया जाएगा। 1 फरवरी को को हवन यज्ञ व पूर्णाहुति कार्यक्रम होगा। इस मौके पर जगदीशप्रसाद पाठक,



धर्मचंद, राजकुमार, राजीव कुमार, रविन्द्र कुमार, राजकमल आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

दौसा. श्री संत सुन्दरदास खण्डेलवाल स्मारक समिति दौसा द्वारा गणतंत्र दिवस व खण्डेलवाल संदर्शिका 2020 के विमोचन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद जसकौर मीना एवं विशिष्ट अतिथि बाबूलाल गुप्ता, सभापति राजकुमार जायसवाल, कैलाश खण्डेलवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक मुरारीलाल मीना ने की। समारोह में 78 आजीवन सदस्यों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जसकौर ने कहा कि अपने संसदीय क्षेत्र में भरपूर विकास कराने का आश्वासन दिया। विधायक ने दौसा में पीने के पानी की समस्या के निजात दिलाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ओपी गुप्ता, मुख्य संरक्षक लक्ष्मीनारायण मेठी, दामोदर प्रसाद रावत, संतोष धौंकरिया, गिर्राज गुप्ता, लक्ष्मीनारायण रावत, बाबूलाल गुप्ता, कैलाश सर्राफ, कैलाश मेठी, रामकिशन रामेश्वर प्रसाद, मोतीलाल, राकेश चौधरी, मनोहरलाल गुप्ता, रतनलाल डंगायच, अशोक बीवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## देवनारायण जयंती की तैयारियों पर चर्चा

**लालसोट.** चांदसेन गांव स्थित देवनारायण मंदिर पर गुर्जर समाज की बैठक हुई। सुरज्ञान डोई ने बताया कि 31 जनवरी को देवनारायण जयंती व शोभायात्रा के सफल आयोजन पर चर्चाकी। शिवपाल चांदसेन एवं तहसील अध्यक्ष मुकेश घाटा ने कहा कि समाज के अधिक से अधिक लोग आयोजन में शामिल होंगे। रामजीलाल डोई, दामोदर गुर्जर, सुवालाल गुर्जर, पार्षद विजय गुर्जर आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

# अजमेर संभाग

## प्रदेश की एक लाख बेटियां गार्गी पुरस्कार से वंचित



अजमेर. बसंत पंचमी पर प्रदेश की बच्चियों को गार्गी पुरस्कार नहीं दिए जाने पर पूर्व शिक्षा मंत्री एवं अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। देवनानी ने कहा कि योग्य बच्चियों एवं प्रतिभाओं को निखारना कांग्रेस की प्राथमिकता नहीं है। प्रतिभाओं का सम्मान हो इसकी रत्तीभर भी चिंता उन्हें नहीं है वे केवल रैलियां करने में व्यस्त है।

देवनानी ने कहा कि प्रदेश में हर बसंत पंचमी पर बच्चियों एवं प्रतिभाओं को गार्गी पुरस्कार से पुरस्कृत करने की परम्परा रही है। परम्परानुसार इस बसंत पंचमी पर भी करीब एक लाख

# भूमि अवाप्ति मामलों में सरकार को प्रस्ताव भेजने की जरूरत नहीं

■ अजमेर (ए.)





राज्य सरकार ने सेक्टर रोड ह्यद्गष्ह्लश्रह्म ह्म्श्रड्डस्र व अन्य प्रोजेक्ट श्चह्म्श्रद्भद्गष्ह्लह्य के लिए लिए भूमि आवाप्त किए जाने व उसके बदले मुआवजा तथा विकसित भूमि दिए जाने के मामले में महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। यूआईटी/ प्राधिकरण अब आवाप्त भूमि के बदले 25 प्रतिशत विकसित भूमि दे सकेंगे। नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सांवत के अनुसार नए भूमि आवाप्ति अधिनियम के तहत नगर निकायों पर मुआवजे की नकद राशि का अत्याधिक भार आता है। ऐसे अवाप्त की जाने वाली भूमि के मामलों में जहां तक हो सके भूमि के बदले 25 प्रतिशत विकसित भूमि देने की कार्यवाही की जाए। नगर विकास न्यास/ प्राधिकरण द्वारा सेक्टर रोड एंव अन्य प्रोजेक्ट के लिए अवाप्त की जाने वाली भूमि के बदले नियमानुसार विकसित भूमि आवंटित किए जाने की कार्यवाही अजमेर विकास प्राधिकरण की धारा 45 एवं राजस्थान नगर विकास न्यास (नगरीय भूमि निष्पादन) नियम 1959 की धारा 51 के तहत ऐसे मामलों के लिए उन्हें सरकार को प्रस्ताव श्चह्म्श्चश्रह्यड्डद्य भेजने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। ऐसे प्रकरणों का निस्तारण प्राधिकरण अपने स्तर पर ही कर सकेंगे। एल फॉर एल के सैकड़ों प्रकरण लम्बित अजमेर विकास प्राधिकरण में भूमि के बदले भूमि (लैंड फॉर लैंड) से सम्बन्धित सैकड़ों प्रकरण लम्बित चल रहे हैं। इनका निस्तारण नहीं होने के कारण प्राधिकरण की पृथ्वीराज नगर योजना, डी.डी. पुरम योजना, महाराणा प्रताव अन्य योजनाओं का विकास अटका हुआ है। भूमि आवाप्त होने के बादजूद खातेदारों ने भूमि पर कब्जा कर रखा है। कई जगहों पर खातेदार खेती कर रहे हैं। इसके चलते कई आवंटियों को कब्जा भी नहीं सौंपा जा रहा है। योजना में जाने के लिए पहुंच मार्ग ही नहीं है। वहीं खातेदार भूमि के बदले भूमि दिए जाने के लिए एडीए के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। प्राधिकरण में वर्ष 2017 में भूमि के बदले भूमि के दिए जाने वाली कमेटी की बैठक हुई थी।

एल फॉर एल के मामलों में 25 प्रतिशत विकसित भूमि देने का प्रावधान जानकारों के अनुसार 27 अक्टूबर 2005 से पहले आवाप्त की गई भूमि के मामलों में 15 प्रतिशत विकसित आवासीय भूमि देने का प्रावधान था। जबकि इस तिथि के बाद 25 प्रतिशत विकसित भूमि दिए जाने नियम अस्तित्व में आ गया। वर्तमान में डीडी पुरम योजना में ही 25 प्रतिशत विकसित भूमि के रूप में लैंड फॉर लैंड किया गया है। इसमें 20 प्रतिशत भूमि आवासीय तथा 5 प्रतिशत भूमि व्यावसायिक के रूप में दिए जाने का प्रावधान है। इस प्रकार के मुआवजे के रूप में 25 प्रतिशत विकसित भूमि देने की स्वीकृति के भी प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज कर स्वीकृति प्राप्त की जाती है।

## सरकारी स्कूलों के बच्चों को पोषाहार में अब खिलानी होगी सब्जियां

*भीलवाड़ा ( ए. )।* सरकारी स्कूलों में पढने् वाले बच्चों को केवल दाल-चावल या कढ़ी-चावल से अतिरिक्त अब हरी सब्जियां भी खाने को मिलेगी।। इसमें पालक-मैथी, गाजर-मूली, चुकंदर आदि सब्जियां रहेगी। सर्द मौसम को ध्यान में रखते हुए मिड डे मील के अतिरिक्त आयुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारियों को एक पत्र भेजा है। इसमें स्कूलों में मिलने वाले दोपहर के भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियों की अधिकता शामिल के निर्देश दिए हैं। आयुक्तालय से आदेश मिलने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त संस्था प्रधानों को निर्देश देकर मिड डे मील योजना में मौसम के अनुसार हरी पत्तेदार सब्जियों को मीनू में शामिल करने को कहा है। आयुक्तालय के आदेश में बताया है कि मुख्यमंत्री के 100 दिवसीय कार्य योजना के तहत मिड डे मील की पौष्टिकता व गुणवत्ता को लेकर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इस योजना के सफल सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के लिए मॉनिटरिंग भी की जा रही है। आयुक्तालय ने पौष्टिक भोजन की उपलब्धता के लिए निर्देश दिए कि सर्दियां में हरी पत्तेदार सब्जियों की पैदावार प्रचुर मात्रा में होती है, जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक हैं। ऐसे में संस्था प्रधान मिड डे मील में हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मैथी, बथुआ, गाजर, मूली, चुकंदर, आंवला सहित अन्य सब्जियों को दोपहर के भोजन में शामिल कर सकते हैं। विभाग ने इससे पूर्व स्कूल में खाली जगह पर किचन गार्डन बनाने के आदेश दिए थे, ताकि उसमें उगने वाली सब्जियां मिड डे मील में काम आ सकें।

## भीलवाड़ा में दुल्हन की विदाई में बारातियों को मिला अनूठा तोहफा

*भीलवाड़ा ( ए. )।* मेवाड़ी परपंरा के अनुसार, बारातियों को नूत (उपहार) में दी जाने वाली वस्तु को सुरक्षित सफर से जोडने् की अनूठी पहल की गई है। बसंत पंचमी बुधवार को शहर में हुई एक शादी में विदाई के वक्त बारातियों को हेलमेट दिए गए। मकसद सिर्फ यही है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए और सफर सुरक्षित रहे। इस मौके पर दूल्हा-दुल्हन समेत सभी लोगों ने हेलमेट लगाकर सुरक्षित सफर का संकल्प भी लिया। बापूनगर निवासी ट्रांसपोर्ट व्यवसायी गोवर्धनसिंह की बेटी सुनीताकंवर की शादी सुभाषनगर निवासी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गजेंद्रसिंह राठौड़ के साथ हुई। नया बापूनगर में हुई इस शादी में दुल्हन के ननिहाल पक्ष की ओर से 300 बारातियों को उपहार में यह हेलमेट दिए गए हैं। जिला परिवहन अधिकारी डॉ. वीरेंद्रसिंह राठौड़ की पहल पर वितरित किए जाने वाले हेलमेट पर बंधन सुरक्षा का लोगों भी बनाया है। डीटीओ ने बताया कि उनकी भांजी सुनीताकंवर की शादी थी। इस शादी में अतिथियों को हेलमेट वितरित किए। वे चाहते हैं कि हर बाराती इस हेलमेट को लगाए और इस उपहार के लिए और लोगों को प्रेरित करें।

## डंपर से भिड़े बिजली के तार, चालक की करंट से मौत

*नागौर ( ए. )।* डेगाना. डेगाना गांव में स्थित सरस्वती स्कूल के सामने मंगलवार शाम डेगाना-निंबड़ी कलां मुख्य सड़क मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य में लगे डंपर निर्माण सामग्री खाली करते समय बिजली के तारों से लग गया। इससे आए करंट से डंपर ने आग पकड़ ली। डंपर में आग लगने से मौके पर बिजली के पोल भी क्षतिग्रस्त होकर रोड पर टूट गए। इसी बीच चालक ने डपंर को आगे लाने का प्रयास किया, पर करंट आने से मौके पर ही झुलस गया। अचानक हुए बड़े हादसे को की सूचना मिलने के बाद मौके पर लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलने के बाद डेगाना नगरपालिका की फ ायर ब्रिगेड भी तुरंत मौके पर पहुंची। डंपर में आग बुझाने का प्रयास फ ायर ब्रिगेड ने किया। जब तक फ ायर ब्रिगेड पहुंची, काफी जल चुका था क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर ही डंपर में करंट आने से झुलसे चालक जावा निवासी मंगलाराम जाट (44) पुत्र रामूराम जाट की मौके पर ही मौत हो गई।

## शहर के कचरे का निपटारा होगा बॉयो माइनिंग तकनीकी से

*अजमेर ( ए. )।* नसीराबाद रोड पर बनाए गए डम्पिंग यार्ड में पड़े कचरे 2ड्डह्यह्लद्ग व शहर में प्रतिदिन उत्पादित हो रहे कचरे का निस्तारण स्द्बह्यश्चश्रह्यद्गस्र अब स्मार्ट सिटी ह्यद्वड्डह्म्ह्ल ष्द्बह्ल4 के तहत माइनिंग लीगेसी वेस्ट प्लांन्ट ड्ढद्बश्-द्वद्बठ्ठद्बठ्ठद्द ह्लद्गष्द्धठ्ठश्रद्यश्रद्द4 के जरिए होगा। इसका निर्माण बीओटी पर होगा। इस पर 14 करोड़ रुपए खर्च होंगे। 27.23 एकड़ फैले डम्पिंग यार्ड को पूरी तरह से साफ किया जाएगा। यहां पड़े 2 लाख 20 हजार टन कचरे को पहले प्रोसेस कर हटाया जाएगा। वेस्ट बिल्डिंग मेटेरियल को लैंडफिल में डाला जाएगा। कांच व अन्य आईटम को प्रोसेज कर उपयोग में लिया जाएगा। ठेकेदार यहा बीओटी आधार पर प्लांट लगाएगा। कचरे का निस्तारण करते हुए व कचरे को बेच भी सकेगा। इससे ट्रेंचिंग गाउंड में कचरे का जमावड़ा नहीं लगेगा। गौरतलब है कि नेशनल ग्रीन ट्रब्यूनल ने कचरे के निस्तारण के लिए डायरेक्शन जारी कर रखे हैं इनकी पालना अनिवार्य है। वर्तमान में शहर के 60 वार्डो में 250 टन कचरे का उत्पादन बाजारों, आवासीय कॉलोनी व कच्ची बस्ती में प्रतिदिन होता है। यह कचरा नसीराबाद रोड माखूपुरा एरिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में वर्ष 1997 से डाला जाता है। माखूपुरा डम्पिंग ग्राउंड पहाड़ी एरिया पर है। 15 दिसम्बर 2019 तक डम्पिगं यार्ड में 360542 क्यूबिक मीटर सॉलिड वेस्ट डाला गया। यहां इस कचरे को किसी भी तरह से प्रोसेस नहीं किया जाता। यह कचरा धीरे-धीरे सड़ता है इससे आसपास के क्षेत्र में दुर्गन्ध का वातावरण रहता है। कचरे में कई बार आग लगने से सड़क व क्षेत्र में धुंआ फैल जाता है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। डम्पिंग यार्ड में पड़े कचरे तथा शहर में प्रतिदिन उत्पादित होने वाले कचरे के निस्तारण के लिए नगर निगम पूर्व में भी कई बार प्रयास कर चुका है। कचरा निस्तारण प्लांट लगाने के लिए चार बार टेंडर आमंत्रित किए गए लेकिन सफलता नहीं मिली। एक बार दो कम्पनियों ने रूचि भी दर्शाई लेकिन अधिक राशि खर्च होने के कारण नगर निगम प्लांट स्थापित नहीं करवा सका।

## अब नागौर की 306 ग्राम पंचायतों में होंगे चुनाव, छह पंचायत समितियों में वापस निकलेगी लॉटरी



*नागौर ( ए. )।* राजस्थान सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने प्रदेश के सभी जिला कलक्टर एवं उपखंड अधिकारियों को निर्देश जारी कर आगामी 5 फरवरी तक पंचायतीराज संस्थाओं के वार्डों का गठन एवं आम चुनाव-2020 में आरक्षण व्यवस्था निर्धारित करने के लिए लॉटरी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि परिसीमन व पुनर्गठन के बाद नागौर जिले में अब 15 पंचायत समितियां बन गई हैं, वहीं ग्राम पंचायतों की संख्या 500 हो चुकी हैं। जिले की छह पंचायत समिति मेड़ता, रियां, भैरूंदा, डेगाना, परबतसर एवं डीडवाना की ग्राम पंचायतों में वापस लॉटरी निकलना तय है, जबकि तीन पंचायत समिति कुचामन, मकराना व खींवसर में ग्राम पंचायतों की लॉटरी निकालने के लिए सरकार से मार्गदर्शन मांगा गया है। गौरतलब है कि प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव को लेकर हाईकोर्ट द्वारा 13 दिसम्बर को दिए गए निर्णय के विरुद्ध राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को स्थगनादेश दिया तथा इसके बाद 24 जनवरी को पारित निर्णय की पालना में राज्य सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग प्रदेश के सभी जिला कलक्टर एवं उपखंड अधिकारियों को निर्देश जारी कर आगामी 5 फरवरी तक आरक्षण निर्धारित करने के लिए लॉटरी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद 27 जनवरी को दुबारा आदेश जारी कर ग्राम पंचायतों के वार्ड पंच व सरपंच एवं पंचायत समितियों व जिला परिषदों के वार्डों में आरक्षण व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## तीन पंचायत समितियों को लेकर मांगा मार्गदर्शन

*अजमेर ( ए. )।* जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार यादव ने जिले की कुचामन, मकराना व खींवसर पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों में दुबारा लॉटरी निकालने को लेकर मार्गदर्शन मांगा है। तहसीलदार निर्वाचन रूघाराम सेन ने बताया कि इन तीनों पंचायत समितियों में सरपंचों व वार्ड पंचों के नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, इसलिए यदि लॉटरी वापस निकलेगी तो पूरी व्यवस्था बदल जाएगी। जिले की मेड़ता, रियां, भैरूंदा एवं डेगाना पंचायत समिति का पुनर्गठन व नवसृजन होने के चलते यहां पंचायत समिति सदस्यों के वार्डो का आरक्षण निर्धारित करने के लिए लॉटरी वापस निकाली जाएगी। यदि किसी पंचायत समिति में कोई नई ग्राम पंचायत का सृजन हुआ है या पुनर्गठन हआ है तो सम्पूर्ण पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों की जनसंख्या के अवरोही क्रम में रखते हुए सम्पूर्ण पंचायत समिति के सरपंच के पदों का आरक्षण पुनः नियमानुसार निर्धारित करना है, किन्तु ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन से पूर्व में निर्धारित सरपंच के पद का आरक्षण प्रभावित नहीं होता है तो वापस आरक्षण निर्धारण की आवश्यकता नहीं है।

## प्रमाण पत्र मिलने पर 1500 रुपए की पेंशन

*अजमेर ( ए. )।* कुष्ठ रोग से मुक्ति एवं निवारण के लिए निर्धारित समय सीमा में दवा एवं उपचार लेने वाले मरीजों को कुष्ठ रोग प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। यह प्रमाण पत्र संबंधित व्यक्ति को 1500 रुपए प्रतिमाह की पेंशन दिलाने में सहायक साबित हो रहा है। इस योजना के चलते नए कुष्ठ रोगियों की पहचान के साथ कुष्ठ उन्मूलन में मदद भी मिल रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से कुष्ठ रोग से पीड़ितों को चिह्नित करने के साथ उन्हें दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही है। करीब 8 माह तक सम्पूर्ण इलाज लेने वाले पीड़ित को विभाग की ओर से प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। इसके बाद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संबंधित व्यक्ति की 1500 रुपए प्रतिमाह पेंशन जारी की जा रही है। ताकि अपना भरण-पोषण व्यक्ति खुद कर सके। वहीं आशा सहयोगिनियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे फील्ड में जाकर ऐसे कुष्ठ रोगी जो उपचार व दवा लेने के डिफाल्टर हैं, उन्हें उपचार के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## नगर निगम की कार्रवाई से दरगाह क्षेत्र में मचा हडकंप, सामान उठाकर भागने लगे लोग

*अजमेर ( ए. )।* नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ टीम ने बुधवार को दरगाह क्षेत्र से अस्थाई अतिक्रमण हटाकर सामान जब्त किया। नगर निगम की टीम की ओर से यह कार्रवाई आगामी दिनों में भी जारी रहेगी।ख्वाजा गरीब नवाज का सालाना उर्स 20 फरवरी से शुरू होगा। उर्स की तैयारी शुरू हो गई है। इसके तहत बुधवार को नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ टीम दरगाह क्षेत्र में पहुंची। टीम को देखते ही अतिक्रमियों में खलबली मच गई। दरगाह थाना पुलिस के सहयोग से अतिक्रमियों का सामान जब्त किया गया। वहीं कुछ लोगों को समझाइश कर छोड़ दिया गया। नगर निगम की ओर से आगामी दिनों में अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी है। उर्स के मद्देनजर 5 फरवरी को दरगाह रोड पर सफेद लाइनिंग की जाएगी। इसके बाद भी अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**निगम ने खोली ब्लॉक सीवरेज लाइन.** अजमेर. नगर निगम की सीवरेज टीम ने कई दिनों से ओवरफ्लो हो रही सीवरेज लाइन को दुरुस्त किया। सीवरेज ओमप्रकाश धींधवाल ने बताया कि आरयूडीपीआई की ओर से 2009 में केसरगंज, रामगंज, पहाडगंज, अजयनगर क्षेत्र में 54 किलोमीटर सीवरेज लाइन बिछाई गई थी। पिछले कई दिनों से केसरगंज क्षेत्र में सीवरेज लाइन ओवरफ्लो हो रही थी। सीवरेज टीम ने बुधवार को केसरगंज स्थित सीवर लाईनों के ब्लॉकेज दुरुस्त कर दिए। वर्तमान में उस क्षेत्र की सम्पूर्ण सीवरेज लाइनों में मल प्रवाहित हो रहा है।

## ईओ व एसडीओ ने नहीं सुनी तो विधायक के पास पहुंचे लोग

*टोंक ( ए. )।* शिवाजी कॉलोनी अम्बेडकर सर्कल के पास कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिए जाने पर वार्ड वासियों ने विधायक प्रशांत बैरवा अतिक्रमण हटाने की मांग का ज्ञापन सौंपा। विधायक बैरवा को घनश्याम सैनी, छोटूलाल, दीया, मनोज सैनी, कालू, नवरतन सैनी, घासी सैनी, रमेश सैनी, प्रहलाद सैनी सहित वार्ड वासियों ने बताया कि वार्ड नम्बर 24 शिवाजी कॉलोनी अम्बेडकर सर्कल गली नम्बर 17 के आम रास्ते पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर पक्की दीवार बना ली है, जिससे वार्ड वासियों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। विधायक को यह भी बताया कि पूर्व में नगरपालिका एवं एसडीएम को भी ज्ञापन सौंप गया था, लेकिन प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं देने से वार्डवासियों में रोष व्याप्त है।

## कर्मचारियों की मांगों का करे निस्तारण

*टोंक ( ए. )।* राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर् शाखा पीपलू ने उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों की मांगों के निस्तारण करने को लेकर ज्ञापन सौंपा हैं। ज्ञापन में लिखा है कि आरक्षित पदों को आरक्षित श्रेणी से भरा जाएं एवं वर्तमान में जारी किए गए आदेश को तुरंत प्रभाव से निष्प्रभावित किया जाए।

# विद्यार्थियों ने किया मातृ-पितृ पूजन, मंत्रोच्चार के साथ पूजा कर लिया आशीर्वाद

■ टोंक (ए.)

**देवली.** योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को केशव वैली सैकण्डरी स्कूल में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूली विद्यार्थियों ने अपने-अपने माता-पिता की पूजा कर आशीर्वाद लिया। प्रिंसिपल मेधावती राजावत ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल निदेशक मनीष बागड़ी एवं सचिव आशीष कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर की।

योग वेदांत सेवा समिति की मीना गिदवानी ने शुरुआत में योग प्राणायाम का महत्व बताते हुए मातृ-पितृ पूजन की जानकारी दी। इस दौरान विधिवत् मंत्रोच्चार के साथ विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के तिलक कर लच्छा बांधा एवं आरती, परिक्रमा कर मातृ-पितृ पूजन किया।

साथ ही अभिभावकों ने भी अपने बच्चों को माला पहनाकर दुलार किया। इस मौके पर विद्यार्थियों को आगामी 14 फरवरी को उक्त दिवस मनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को राजेन्द्र पालीवाल, नवल गर्ग सहित आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में योग वेदांत सेवा समिति के संतोष, देविका बहन, मंजू सेन, गीता राजवानी सहित उपस्थित थे।



## मेले में छात्राओं ने निभाई भागीदारी

टोंक. कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में मंगलवार को किशोरी मेले का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापिका सना फिरदोस ने बताया कि मेले में मुख्य अतिथि दुर्गेश चतुर्वेदी थे। अध्यक्षता सना फिरोदस ने की। विशिष्ट अतिथि एडीइओ मारिफ थे। मेले में बालिकाओं के सर्वांगिण विकास एवं शिक्षा को बढ़ाने के लिए बच्चों की दक्षताओं, क्षमताओं, कौशल ज्ञान, अनुभवों को एक-दूसरे में बांटना एवं आत्मरक्षा का प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। संचालन मुनव्वर शाह तथा सुमन लता ने किया। किशोरी मेले की दुकानों का संचालन वार्डन गीता शर्मा, सुमन शर्मा, पूजा, वीणा ओझा, फिराजा खान ने किया। मेले का अतिथियों ने अवलोकन किया। समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित इस मेले में विभिन्न विद्यालयों की करीब 350 छात्राओं ने भागीदारी निभाई।

महिला शिक्षा केन्द्र प्रभारी सानिया मुनव्वर, जिला समन्वय असमा खान व सरोज बैरवा ने महिला अधिकारिता विभाग से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री राजश्री योजना तथा बाल विवाह रोकथाम अभियान के बारे में बताया गया।

# उदयपुर संभाग

**समुदाय में जागरूकता से ही बाल श्रम पर रोकथाम संभव**



बांसवाड़ा ( ए. )। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला प्रशासन और सेव द चिल्ड्रन संगठन के तत्वावधान में बाल श्रम एवं तस्करी पर रोकथाम के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीआर केंद्र पर किया गया। मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अंतरसिंह नेहरा ने बाल संरक्षण ढ़ाचों को सुदृढ़ करने और समुदाय को जागरूक करने की दिशा में कार्य करने पर जोर दिया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीएस तोमर ने कहा कि दक्षिणी राजस्थान में बाल श्रम की समस्या प्रमुख है, जिस पर सभी संगठनों को एक छत के नीचे आकर समेकित रूप से प्रयास करना चाहिए।

# निरक्षर चाय वाले ने सरकारी स्कूल को भेंट किया 10 लाख का कमरा व बरामदा...

■ उदयपुर (ए.)

**भीण्डर.** बचपन में जिसने स्कूल की दहलीज नहीं देखी, रोजगार के लिए गांव से पलायन कर मेट्रो सिटी में चाय बेचकर गुजारा किया। ऐसे व्यक्ति ने अपनी गाढ़ी कमाई से गांव के बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए 10 लाख रुपए की लागत से कमरा व बरामदा बनाकर सरकारी स्कूल को भेंट किया। चारगदिया गांव निवासी किशनलाल जाट गत 45 वर्ष से मेट्रो सिटी मुम्बई में चाय की थड़ी लगाकर रोजगार कर रहे हैं। इस रोजगार से उन्होंने जो गाढ़ी कमाई एकत्रित की उसमें से अपने गांव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चारगदिया में कमरों की कमी को देखते हुए बच्चों के सुनहरे भविष्य के निर्माण में लगा दी। कमरा व बरामदे का लोकार्पण समारोह में विद्यालय परिवार की तरफ से



किशनलाल जाट को अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ललित सेन, सरपंच इन्द्रदेवी मीणा, सचिव बोलताराम, इन्द्रलाल फान्दोत आदि उपस्थित थे।

## पालीवाल ने किया प्रेरित तो किशन ने उठाया कदम

शिक्षक रामचन्द्र पालीवाल विद्यालय विकास के लिए गांव के नागरिकों को प्रेरित करते रहते हैं। उन्होंने मुम्बई में रोजगार करने वाले किशनलाल को गांव आने के दौरान सरस्वती मन्दिर में स्टील दरवाजे लगाने के लिए प्रेरित किया तो उन्होंने सहर्ष तैयार होकर 15 हजार की लागत से दरवाजे लगवा दिए। उन्होंने उनसे कमरों की कमी बात की तो उन्होंने बने नए कमरे के समकक्ष ही दूसरा कमरा व बरामदा बनाने की घोषणा की। जिसमें उन्होंने करीब 10 लाख की लागत से निर्माण करवा करके 26 जनवरी 2020 को कमरा व बरामदा स्कूल को भेंट कर दिया। इसका लोकार्पण उनकी माता हमेरी बाई के हाथों से करवाया।

## बच्चों की जन्मजात विकृतियों को पहचाने : डॉ मीणा

***राजसमंद ( ए. )।*** जन्म के तुरंत बाद शिशु में जन्मजात विकृतियों एवं बीमारियों को पहचान कर राष्टीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में उपचार के लिए उच्च चिकित्सा संस्थान पर तत्काल रैफर करें। जिससे शिशुओं की विकृतियों एवं बीमारियों का उपचार समय पर ही हो जाए तथा वे शीघ्र स्वस्थ होकर एक सामान्य जीवन जी सकें। यह निर्देश जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश मीणा ने स्वास्थ्य भवन में आरबीएसके के तहत आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में डिलवरी पोईन्ट पर कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों एवं नर्सिंग स्टाफ को दिए। उन्होंने बताया कि मोबाईल हैल्थ टीमों द्वारा विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। जहां बच्चों में जन्मजात विकृतियों एवं बीमारियों के होने पर उनको उच्च चिकित्सा संस्थान पर भिजवाकर निन्शुल्क उपचार करवाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत सुविधा है की हम शिशुओं को प्रसव वाले चिकित्सा संस्थान से सीधे ही उच्च चिकित्सा संस्थान पर रैफर करें, जिससे समय पर ही उनका ईलाज हो जाए और वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें। प्रशिक्षण में आरके राजकीय जिला चिकित्सालय से स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉ प्रदीप सोनी ने जानकारी दी की गर्भवती महिला को गर्भावस्था के प्रथम तिमाही में फोलिक ऐसिड की टेबलेट दी जानी चाहिए, जो निन्शुल्क है। जिससे शिशु को न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट से बचाया जा सके। वहीं 16 से 18 सप्ताह के बीच गर्भवती महिला को अनोमली स्केन के लिए भी कहा जाना चाहिए। प्रशिक्षण में अतिरिक्त जिला नोडल अधिकारी डॉ दीपिका दाधीच ने बच्चों में होने वाली जन्मजात विकृतियों एवं बीमारियों जैसे न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, डाउन सिन्ड्रोम, कटे-फटे होंठ एवं तालु, क्लब फूट, जन्मजात मोतियाबिंद, बहरापन एवं लक्षण बताएं। प्रशिक्षण में सीएचसी केलवा, कांकरोली, रेलमगरा, भीम, आमेट पीएचसी कुंवारिया, गिलूण्ड, कुरज, सरदारगढ़, बार, बरार, उपस्वास्थ्य केन्द्र पसुन्द, बग्गड़, आर.के राजकीय जिला चिकित्सालय, सामान्य चिकित्सालय नाथद्वारा से चिकित्सा अधिकारी एवं लेबर रूम स्टाफ ने प्रशिक्षण लिया। सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर ने निरोगी राजस्थान अभियान के तहत आगामी 30 जनवरी को आयोजित होने वाले स्वेच्छिक रक्तदान शिविर को लेकर सामान्य चिकित्सालय नाथद्वारा में तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने रक्तदाताओं की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजाम करने तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ आरके यादव, उपनियंत्रक डॉ सतीश सिंघल एवं जिला एपीडिमियोलोजिस्ट हरिश कुमार पलासिया उपस्थित थे।

## बालश्रम पर नकेल के लिए जिला प्रशासन सख्त

***बांसवाड़ा ( ए. )।*** जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में बाल श्रम तथा तस्करी से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए जिला मजिस्ट्रेट अन्तरसिंह नेहरा ने विभिन्न विभागाधिकारियों को बाल श्रम उन्मूलन एवं अवैध परिवहन नियंत्रण के लिए दायित्व सौपे हैं। इस संबंध में कलक्टर ने जिला पुलिस अधीक्षक को बांसवाड़ा जिले के सीमावर्ती जिले रतलाम, झाबुआ, दाहोद, गोधरा, पंचमहल मार्गों पर पुलिस चैक पोस्ट कायम करने को कहा है। उन्होंने राजस्व पुलिस व परिवहन विभाग का उपखण्ड क्षेत्रवार संयुक्त दल का भी गठन किया है जिसमें उपखण्ड अधिकारी को प्रभारी, परिवहन अधिकारी को सदस्य सचिव एवं पुलिस उपअधीक्षक को सदस्य बनाया है। इसके तहत परिवहन विभाग वाहनों की जांच के साथ ही बच्चों की तस्करी और परिवहन पर काबू पाने के लिए गाडियों की जांच के निर्देश दिए है। इसी प्रकार सभी थानाधिकारियों को अपने क्षेत्र में बीट अधिकारियों से सूचना लेकर दोषियों पर कार्रवाई करने, बाल संरक्षण ईकाई एवं विकास अधिकारियों को बाल श्रमिकों का पुनर्वास सुनिश्चित करने, मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से संबंधित परिवारों की आजिविका व्यवस्था सुनिश्चित करने, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकार व विकास अधिकारियों को बाल श्रमिकों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने, महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा एवं उपखंड मजिस्ट्रेटों को विद्यालय में दस दिन से अनुपस्थित विद्यार्थी के बारें में जानकारी करने और बाल श्रम पलायन संबंधित सूचना मिलने पर अधिकारियों को अवगत कराने, मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ऐसे गांव और परिवारों को चिन्हित कर समुचित कार्रवाई करने और जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी को जिला स्तर पर टोल फ्री नंबर 100 पर प्रकरणों की जानकारी देने के लिए जनसामान्य को प्रेरित करने तथा कंट्रोल रूम पर सूचना मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाईआधे घंटे में आ गया सरपंच का चुनाव परिणाम, कलक्टर का दावा सबसे पहले चित्तौड़ ने दिए रिजल्ट करने के निर्देश दिए है।

## सफाई के लिए साल में समर्पित करेंगे 70 घंटे, बदल जाएगी दशा



■ चित्तौड़गढ़ (ए.)

संविधान में विश्वास रखने के साथ स्वच्छता एवं प्लॉस्टिक मुक्ति का संदेश देने वाले स्वर्णिम भारत अभियान का गणतंत्र दिवस पर आगाज हो गया। इस मौके पर बच्चें हो या बुर्जुग, युवा हो या महिलाएं सभी अभियान में भागीदार बनने के लिए आगे आए। चित्तौड़ शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने शपथ ली। गणतंत्र दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों में हजारों लोगों ने इस बात की शपथ ली कि पत्रिका के इस महाभियान के साथ जुड़कर वे वर्ष में कम से कम 70 घंटे यानि प्रतिदिन साढ़े ग्यारह मिनट स्वच्छता के लिए समर्पित करेंगे। लोगों ने शपथ ली कि वे सिंगल यूज प्लॉस्टिक का भी उपयोग नहीं करेंगे एवं दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे। चित्तौडगढ़ शहर में कुंभा नगर स्थित न्यू सीकर एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परिसर में संस्था निदेशक डॉ. प्रहलाद शर्मा ने अभियान की जानकारी देते हुए सभी से आह्वान किया कि इस साल अपने गांव/शहर को स्वच्छता के लिए 70 घंटे जरूर दें। रोज साढ़े ग्यारह मिनट सफाई और प्लास्टिक से मुक्ति के लिए काम करें।शपथ लेने वालों में गण्तंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि भाजयुमो जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह रूद,अध्यक्षता कर रहे अजमेर डिस्कॉम के अधिशासी अभियन्ता वीरेंद्र सिंह अत्री, प्रबंधक राधाकृष्ण हॉस्पिटल प्रशांत शर्मा,प्रधानाचार्य बजरंग लाल,उप प्रधानाचार्य आशीष जांगिड़ सहित स्टॉफ सदस्य व विद्यार्थी शामिल थे।

रोडवेज बस स्टैंड के पीछे स्थित रॉकव्यू स्कूल में राजस्थान पत्रिका अभियान के तहत शपथ दिलवाई गई। विद्यालय के निदेशक योगेश अग्रवाल ने बताया कि बच्चों व स्टॉफ ने संविधान व स्वच्छता की शपथ ली। कुंभा नगर स्थित नोबल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर पत्रिका के महाभियान के तहत स्वच्छता की शपथ दिलाइ।गई। विद्यालय के निदेशक संपत सिंह शेखावत ने बताया कि यह एक सराहनीय पहल है

## मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ

***डूंगला।*** राजस्थान पत्रिका के स्वर्णिम भारत अभियान के तहत कस्बे में स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में मंगलवार को विद्यार्थियों ने शपथ ली।इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने जीवन में साल के 70 घंटे इस महा अभियान में देने की शपथ ली। विद्यालय के प्रभारी रामबाबू मीणा ने अभियान के तहत बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। नवनीत टेलर ने स्वच्छता की शपथ दिलाई एवं कार्यक्रम की जानकारी दी।

देश के संविधान में विश्वास रखते हुए अपने मौलिक अधिकारों और सदैव देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे। देश हित को सदैव निजी हित से उपर रखेंगे एवं देश की समृद्ध विरासत और प्रकृति का सम्मान करेंगे। जाति एवं धर्म से उपर उठकर सभी के साथ समानता का व्यवहार करेंगे।

## रोगियों व बंदियों की दाढ़ी-कटिंग बनाने के लिए रहता है पंकज का इंतजार

***चित्तौड़गढ़ ( ए. )।*** सेवा के साथ स्वच्छता का संदेश फैलाने का जज्बा भी मन में है। इसी जज्बे के चलते चित्तौडगढ़ में एक सैलून संचालक हर मंगलवार को साप्ताहिक अवकाश रहने पर अस्पताल, जेल, मूक-बधिर स्कूल आदि में जाकर निन्शुल्क शैविंग व कटिंग करते है। कहीं भी कार्य करने पर सबसे पहले नाखून काट कर स्वच्छता का संदेश दिया जाता है। शहर के गांधीनगर सेक्टर-दो क्षेत्र में श्रीराम सैलून नाम की दुकान चलाने वाले पंकज सेन इसलिए चर्चा में है कि वो मंगलवार को अवकाश रहने पर अन्य सैलून संचालकों से कुछ अलग समय बिताते है। इस दिन वो जिला चिकित्सालय, जिला कारागृह या मूक बधिर स्कूल कहीं भी पहुंच जाते है। रोगियों, बंदियों या मूक-बधिर बच्चों को निन्शुल्क कटिंग व शेविंग करते है। पंकज के अनुसार सबसे पहले वो नाखून काटते है क्योंकि बढ़े नाखून ही गदंगी के प्रतीक है उनमें जमा मैल बीमारियों का कारण भी बनता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित पंकज स्वच्छता का संदेश भी हर जगह देते है। बिना पैसे लिए दाढ़ी, कटिंग करने से जेल में बंदियों को उनका इंतजार रहता है तो अस्पताल में भी वो जाते है तो वार्ड में ही भर्ती रोगियों की सेवा में लग जाते है। मूक बधिर स्कूल के बच्चों के मध्य भी नियमित अन्तराल पर जाने वाले पंकज के साथ दीपक सेन भी सेवाएं देते है। पंकज के अनुसार मूक बधिर बच्चों की सेवा में जो सुख मिलता है वो कहीं भी नहीं मिल सकता।

## वाहन चोर गिरोह के तीन मुर्गे गिरफ्तार

***प्रतापगढ़ ( ए. )।*** सालमगढ़ पुलिस ने वाहन चोर गिरोह को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर आठ मोटराइकिलें और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद की है। पुलिस पूछताछ में गिरोह से और भी वाहन चोरी के मामलों का खुलासा होने की संभावना है। सालमगढ़ थाना अधिकारी केशुलाल खटीक ने बताया कि 30 नंबर 2019 को दलोट निवासी महेश पुत्र हंसराज कुमावत ने रिपोर्ट पेश की थी। जिसमें बताया था कि उसके घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर-ट्राली चोरी हो गया है। इसके अलाव गत दिनों और भी बाइकें चोरी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस पर पुलिस ने टीम का गठन किया। विशेष टीम ने साइबर सेल इंचार्ज हेड कांस्टेबल फैलीराम के सहयोग से घटना स्थल की बीटीएस निकलवाई। जिसमें कलजी पुत्र जीवना और कालूराम पुत्र बहादुरलाल निवासी छायन बाड़ी थाना दानपुर जिला बांसवाड़ा को गिरफ्तार किया। दोनों ने शांतिलाल पुत्र हुकुमा निवासी छायन बाड़ी व प्रेम पुत्र बहादुर मीणा निवासी छायन बाड़ी थाना दानपुर के साथ मिलकर 29 नवंबर की रात्रि को ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करना कबूला। जिस पर हिरासत में लेने पर गहनता से पूछताछ पर कालूराम की निशानदेही से चोरी किया गया ट्रैक्टर व अन्य स्थानों से चोरी की गई पांच मोटरसाइकिलें बरामद की। कलजी मीणा की निशानदेही से चोरी की गई ट्रैक्टर ट्रॉली व अन्य स्थानों से चोरी गई तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गई। दोनों से कुल एक ट्रैक्टर.ट्राली व बांसवाड़ा प्रतापगढ़, दानपुर, मध्य प्रदेश की तरफ से चोरी की गई 8 मोटरसाइकिलें बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। वाहन चोर का मुख्य सरगना प्रेम निवासी थाना छायन बाड़ी थाना दानपुर है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। अन्य चोरी के मामलों का खुलासा होने की संभावना है।

## घर में घुसकर बुजुर्ग को डायन बताकर की मारपीट,

***प्रतापगढ़ ( ए. )।*** छोटीसादड़ी इलाके में एक वृद्ध महिला से गांव के ही लोगों द्वारा डायन कहते हुए मारपीट और प्रताड़ित करने का सनसनीखजे मामला सामने आया है। इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। थानाधिकारी डूंगर सिंह चुंडावत ने बताया कि तहसील के साकरिया गांव की एक वृद्ध महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि गांव के ही कुछ लोगों ने उसके घर मे घुसकर डायन कहते हुए गांव से बाहर निकालने की धमकी देते हुए मारपीट की।

## पक्षियों से चहक रही है राजसमंद झील

***राजसमन्द ( ए. )।*** राजसमंद वनमंडल से जुड़े करीब 7 जलाशयों में बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ पक्षी प्रेमियों ने पक्षियों की गणना की। इस दौरान 38 से अधिक देसी तथा 12 से अधिक प्रजाति के विदेशी पक्षी गणकों को नजर आए। सुबह आठ बजे से राजसमंद झील किनारे वनविभाग के सहायक वनपाल नैनाराम विभाग को दो गार्ड, पक्षी प्रेमी हिमांशुसिंह चंद्रावत, नरेंद्र पालीवाल आदि ने गणना शुरू की। पहले उन्होंने झील के नीचे वासोल के पास पक्षियों को देखा। यहां पेलिकन, ग्रे लेग गूज, आस्प्रे, पिंटल, सावलर, ब्लैक नेक स्टॉर्क सहित कई तरह के पक्षी दिखी। बाद में टीम नौचौकी क्षेत्र के निचले हिस्से से, भाणा के निचले हिस्से आदि जगहों पर जाकर पक्षियों को देखा। यहां पलास गल, पिंटल, सावलर, पोचार्ड, ग्लोसीआईविश, व्हाइट आईविश, स्पूनबिल, ओस्प्रे, कॉमनकूट जैसे 50 से अधिक प्रजाति के देसी-विदेशी पक्षियों को देखकर उनके नाम लिखे। गतवर्ष यहां हुए पक्षी गणना में पेलिकन, फ्लेमिंगो, पाइड एबोसेट, कॉमन टेल, पिनटेल, पन-कौआ, ओसप्रे, कौमन कूट, कौमन पोचार्ड, रिवर्टन जैसे पक्षी नजर आए थे। राजसमंद एसीएफ विनोद राय ने बताया कि आज करीब 8 जलाशयों में गणना हुई है।

## आग लगने से हुआ लाखों का नुकसान, जला चारा

***उदयपुर ( ए. )।*** मावली. मावली तहसील की ग्राम पंचायत नुरडा के झालों का ढाणा में बाड़े में आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। दोपहर 1.30 बजे भंवरसिंह, भीमसिंह, भोपालसिंह, गुमानसिंह, कालुसिंह व देवीसिंह के बाड़े में रखे चारे, कड़ब, सुखले व ज्वार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने के लिए टैंकर आदि से प्रयास किया लेकिन आग बुझाने मे सफल नही हो सके। सूचना पर उदयपुर व फतहनगर नगरपालिका की फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची व आग पर काबू पाया। घासा थानाधिकारी सज्जनसिंह भी मय जाप्ता पहुंचे। पटवारी ने मौका पर्चा बनाया।बाड़े से धुंआ उठते देख ग्रामीण आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। आग की सूचना से गांव में हडकम्प मच गया। मौके पर ग्रामीणों ने बाल्टी, बर्तन एवं टैंकर की सहायता से आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग ने और विकराल रूप ले लिया। स्थिति काबू में नहीं होने पर फतहनगर सनवाड़ नगरपालिका एवं उदयपुर से दमकल को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दोनों दमकलों ने 2 घण्टे की मशक् कत के बाद आग बुझाई। आग लगने के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका।

## 15 होटल, ढाबों में कार्य कर रहे 16 बच्चों को कराया मुक्त

***गोगुंदा ( ए. )।*** बाल सरंक्षण आयोग व बाल कल्याण समिति सहित अन्य संगठनों की ओर से मंगलवार को क्षेत्र के होटलों व ढाबों पर कार्रवाई कर यहां कार्य कर रहे 16 छोटे बच्चों को मुक्त करवाया गया। सभी बच्चों को उदयपुर बाल कल्याण समिति को सुपुर्द किए गए हैं।विभिन्न संगठनों की ओर से क्षेत्र की होटलों व ढाबों पर बाल श्रम करवाने की सूचना पर मंगलवार को बाल सरंक्षण आयोग के सदस्य डा. शैलेन्द्र पण्ड्या, कोटड़ा उपखंड अधिकारी टी. शुभमंगला, गोगुंदा विकास अधिकारी अर्जुनसिंह शेखावत सहित संगठनों के पदाधिकारियों ने पुलिस जाब्ते ने साथ कार्रवाई की।

# 'बीडीओ को एपीओ कराओ, नहीं तो आंदोलन'

■ बांसवाड़ा (ए.)

घाटोल पंचायत समिति के विकास अधिकारी की ओर से भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेंद्र पंचाल के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को भाजपा नेताओं ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। साथ ही विकास अधिकारी को एपीओ कराने की मांग की।

भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंदसिंह राव के नेतृत्व में विधायक हरेंद्र निनामा, पूर्व राज्यमंत्री भवानी जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष भगवतपुरी, मनोहर पटेल, हकरू मईड़ा सहित कई पदाधिकारी कलक्ट्री में एकत्र हुए। यहां उन्होंने नारेबाजी की। इसके बाद जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया। इसमें कहा कि विकास अधिकारी के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराने पर पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर पार्टी पदाधिकारी पंचाल के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। विकास अधिकारी की ओर से जनप्रतिनिधियों से पूर्व में भी दुर्व्यवहार किया गया है और जिला परिषद की बैठक में भी यह मुद्दा उठा है। उन्होंने विकास अधिकारी को तत्काल



जिले से एपीओ कराने की कार्यवाई की मांग की। इस दौरान जिला महामंत्री लालसिंह पाटीदार, प्रधान सेना देवी, मंडल अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह चंद्रावत, आजम खान, लक्ष्मणलाल सहित घाटोल विधानसभा क्षेत्र के अधीन आने वाले पार्टी के विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष व पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### लेक्स स्पोर्टेल विजन प्रा.लि. ने भारत में 1 स्पोर्ट्स के शुभारंभ की घोषणा

■ एजेंसी, नई दिल्ली

गुड़गांव स्थित लेक्स स्पोर्टेल विजन प्रा. लिमिटेड ने अपने चैनल 1स्पोर्ट्स पर अपने खेल प्रोग्रामिंग प्रदर्शनों की सूची के साथ भारतीय खेल प्रशंसकों के लिए एक प्रीमियम स्पोर्ट्स चैनल की पेशकश की घोषणा की। 1स्पोर्ट्स भारतीय दर्शकों के लिए सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता प्रसारण के साथ उच्च गुणवत्ता वाली खेल कार्रवाई लाना जारी रखेगा। लेक्स स्पोर्टेल के एम.डी. आर.सी.वेनकटेश ने इस मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा, लेक्स स्पोर्टेल के रूप में, हम भारतीय खेल प्रशंसकों के लिए सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाली खेल कार्रवाई ला रहे हैं। 1स्पोर्ट्स एक अलग ब्रांड के साथ प्रशंसकों को पहले ही उपलब्ध कराए गए खेल जगत की संपत्तियों को जारी रखेगा। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि प्रशंसकों को हमारे चैनल पर अपने पसंदीदा खेलों की पेशकश मिलती रहे।

### एक्सिस बैंक ने सेवाओं में बदलाव कर अपने ब्रांड के विचार को 'ओपन' टू लाइफ किया

■ एजेंसी, मुबई

देश में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े बैंक एक्सिस बैंक ने अपना नया ब्रांड कैम्पेन 'ओपन' शुरू किया है। इस कैम्पेन में सेवा के स्तर को बढ़ाते हुए खुले दिमाग के मानवीय संवाद को बढ़ाने पर जोर रहेगा, ताकि बैंकिंग सेवाओं की सामान्य और स्वचालित दुनिया में कुछ बदलाव नजर आए। जबरदस्त तकनीकी प्रगति ने हर इंडस्ट्री को प्रभावित किया है और पूरी दुनिया में बैंक भी इससे अछूते नहीं हैं। हालांकि डिजिटल बैंकिंग के बावजूद जब निजी निवेश की बात आती है, तो ग्राहक आज भी खुद बात करना चाहते हैं और संवाद की जरुरत महसूस करते हैं। हमारा नया कैम्पेन 'ओपन' इसी विचार पर आधारित है और जो एक्सिस बैंक के लिए हमेशा से एक गाइडिंग प्रिंसीपल रहा है। जहां एक तरफ बैंक ने तकनीकी नवाचार में हमेशा पहल की है, वहीं ग्राहकों के साथ संवाद और रिश्ता कायम करने में भी आगे रहा है। एक्सिस बैंक का मोबाइल एप सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने वाला और सबसे ज्यादा रेटिंग प्राप्त एप है।

### कल्याण ज्वैलर्स ने लॉन्च किया एक्सक्लूसिव वेलेंटाइन डे कलेक्शन

■ एजेंसी, नई दिल्ली

वैलेंटाइन डे को शानदार तरीके से मनाने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है कि आप एक खूबसूरत ज्वैलरी उपहार में भेंट करें। वैलेंटाइन डे की इसी रोमांटिक भावना के साथ कल्याण ज्वैलर्स ने अपने प्यार को महसूस करने वालों के लिए एक विशेष वेलेंटाइन डे कलैक्शन तैयार किया है। यह कलेक्शन खास तौर पर उन लोगों के लिए है, जो अपनी मुहब्बत का इजहार करने के लिए स्वर्ण और हीरे जड़ित आभूषणों का सहारा लेना चाहते हैं। नए कलेक्शन में दिल के आकार का एक पेंडेंट भी है, जो सोने से बना है और जिसमें कीमती रंगीन पत्थर और हीरे जड़े हैं। इसके अलावा, आपके प्रियतम के लिए दिल के आकार के अलग-अलग शैली में रचे गए डायमंड के पेंडेंट भी हैं। इनमें माणिक पत्थरों के साथ पुष्प डिजाइन शामिल हैं, जबकि दूसरा एक विशेष दिल के आकार में डिजाइन किया गया है, जिस पर 'आई लव यू' का स्पेशल मैसेज भी उकेरा गया है। कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा, 'हमारा नया वेलेन्टाइन डे कलेक्शन 18 कैरट गुलाब, पीले और सफेद सोने और हीरे के साथ बनाया गया है और ये बेहद खूबसूरत आभूषण स्टाइलिश और हल्के वजन के हैं। जाहिर है कि उपहार देने के लिहाज से यह बेहद शानदार और अनूठे हैं।' कल्याण ज्वैलर्स ने प्यार के मौसम का जश्न मनाने के लिए एक विशेष ऑफर भी पेश किया है। ग्राहक 10,000 रुपए से अधिक मूल्य के हीरे के गहनों पर 10 प्रतिशत की छूट उठा सकते हैं।

# कामधेनु लिमिटेड ने पेश किया नये जमाने का कंस्ट्रक्शन स्टील

■ एजेंसी, नई दिल्ली



कंस्ट्रक्शन स्टील के क्षेत्र में एक बार फिर इनोवेटिव स्टील को पेश करते हुए, कामधेनु लिमिटेड ने देश में अपनी तरह के नए स्टील पावर अलॉय स्टील 10000 को पेश किया है। मेटल अलॉय की खूबियों के साथ भारतीय बाजार में पेश किया गया। पीएएस 10000 कंस्ट्रक्शन को बेजोड़ मजबूती और सुरक्षा देने में सक्षम है। इसका अनूठा डिजाइन कंक्रीट के साथ 3600 की लॉकिंग देता है, जिससे कंक्रीट के साथ 10000 पीएसआई तक की मतबूती मिलती है।

कामधेनु लिमिटेड ने रिबार के क्षेत्र में अनुसंधान कर रिबार को बेजोड़ क्षमता के साथ पेश किया है। कंपनी का ये अनुसंधान रिबार उद्योग/स्टील इंडस्ट्रीज को अगले स्तर पर ले कर जाएगा। कंपनी ने इसे पावर अलॉय स्टील 10000 का नाम दिया है। इसके मानक जैसे बीआईएस और अन्तरराष्ट्रीय मानकों से भी बेहतर है। अलॉय के साथ पेश करने के साथ ही कंपनी ने इसके रिब डिजाइन को भी अनूठा बनाया है जो 3600 की लॉकिंग देता है। इसकी अलॉय की खूबियां बेहतर जंगरोधक क्षमता प्रदान करने के साथ ही इस रिबार को 28 प्रतिशत ज्यादा भार वहन क्षमता देता है। इसके साथ ही यह इमारत को दोगुना भूकंपरोधी क्षमता प्रदान करता है।

नए जमाने की जरुरत और नए जमाने की बिल्डिंग में सरिए की भूमिका और ज्यादा बढ़ गई है। गगनचुंबी इमारत के लिए सरिए में ज्यादा मजबूती, ज्यादा भार वहन क्षमता, बेहतरीन डक्टिलिटी और बेहतरीन जंगरोधक क्षमता का होना जरूरी है। इन सभी जरूरतों को पीएएस10000 पूरा करने में सक्षम है। इन सारी खासियतों के अनुसार ये भारत का पहला पावर अलॉय स्टील है। कामधेनु लिमिटेड के निदेशक, सचिन अग्रवाल ने कहा, 'हमने गहन अनुसंधान के बाद पीएएस10000 को बनाया है, जो कि नई जनेरेशन के स्ट्रक्चर को सुरक्षा और मजबूती प्रदान करेगा। इसके साथ ही पीएएस10000 स्टील उद्योग को भी नया आयाम प्रदान करेगा। ये पूरे कामधेनु परिवार के लिए भी खुशी की बात है कि हम रिबार स्टील को नया आयाम दे रहे हैं और भारत का पहला अलॉय स्टील पेश कर रहे हैं।'

### इंडिया निवेश ने प्रेमल दोशी को प्रबंध निदेशक-निवेश बैंकिंग नियुक्त किया

■ एजेंसी, मुंबई



भारत की सबसे तेजी से बढ़ती वित्तीय सेवा फर्मों में से एक इंडिया निवेश ने प्रेमल दोशी को प्रबंध निदेशक-निवेश बैंकिंग नियुक्त किया है। बैंकिंग और वित्तीय सेवा उद्योग में 25 से अधिक वर्षों के समृद्ध और विविध अनुभव के साथ प्रेमल एक प्रसिद्ध उद्योग के दिग्गज और सार्वजनिक बाजार की पूंजी जुटाने में अग्रणी विशेषज्ञ हैं। अपने दो दशकों से अधिक लंबे करियर के दौरान उन्होंने बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में कई संगठनों में वरिष्ठ पदों पर कार्य किया है। इंडिया निवेश से जुड़ने से पहले प्रेमल इंडसइंड बैंक के इक्विटी कैपिटल मार्केट्स के कार्यकारी उपाध्यक्ष के पद पर थे, जहां उन्होंने बैंक के लिए पब्लिक इक्विटी मार्केट्स कारोबार की शुरुआत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इंडसइंड बैंक से पहले प्रेमल ने कई प्रमुख वित्तीय सेवा फर्मों जैसे एमबिट कॉरपोरेट फाइनेंस, एंटीक कैपिटल मार्केट्स, मोतीलाल ओसवाल इनवेस्टमेंट एडवाइजर्स, लाजार्ड इंडिया और जे पी मॉर्गन में अग्रणी पदों पर कार्य किया। इंडिया बैंकिंग में मैनेजिंग डायरेक्टर-निवेश बैंकिंग की नई भूमिका संभालने के बाद प्रेमल ने कहा, इंडिया निवेश व्यवसाय को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने पर विशेष ध्यान देने के साथ अपनी निवेश बैंकिंग सेवा को मजबूत कर रहा है। अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा और पहले से ही एक मजबूत मंच होने के बाद अब मध्य-स्तरीय कॉर्पोरेट ग्राहकों के साथ-साथ सेक्टरों में प्रमोटरों को सेवा देने पर जोर दिया जाएगा। भारत निवेश अपने इक्विटी कैपिटल मार्केट्स को मजबूत करने और वेल्थ मैनेजमेंट, एनबीएफसी और प्राइवेट इक्विटी जैसी अन्य सेवाओं के साथ अपनी सेवा प्रदान करेगा और मध्य-मध्य कॉर्पोरेट और अन्य लोगों के लिए वन-स्टॉप-शॉप समाधान प्रदाता के रूप में कार्य करने में सक्षम होगा। राजेश नुवाल संस्थापक और प्रबंध निदेशक, इंडिया निवेश ने कहा कॉर्पोरेट इंडिया 2024 तक 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने के साथ प्राथमिक बाजार की गतिविधियों में तेजी से उछाल आएगा।

### आईडीबीआई बैंक ने सेंट्रलाइज्ड ट्रेड प्रोसेसिंग सेंटर (सीटीपीसी) का किया उद्घाटन

■ एजेंसी, मुंबई

आईडीबीआई बैंक के एमडी और सीईओ राकेश शर्मा ने नरीमन प्वाइंट, मुंबई में आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के सेंट्रलाइज्ड ट्रेड प्रोसेसिंग सेंटर (सीटीपीसी) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आईडीबीआई बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर सेमुअल जोसेफ और सुरेश खातनहर और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर-ट्रेड फाइनेंस राजीव कुमार और बैंक के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। सीटीपीसी के माध्यम से बैंक को उत्पाद वितरण में दक्षता के उच्च स्तर की सुविधा मिलने लगेगी, परिचालन जोखिम को कम करने का अवसर मिलेगा और साथ ही टीएटी को कम करने और ग्राहक सेवा में और सुधार करने की सुविधा भी हासिल होगी। बैंक ने दस्तावेज रिपॉजिटरी के साथ एक स्वचालित कार्य-प्रवाह समाधान तैनात किया है। सीटीपीसी मुंबई के एक प्रमुख व्यवसाय केंद्र, नरीमन पॉइंट पर स्थित है। इस अवसर पर बोलते हुए, राकेश शर्मा ने कहा, 'वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के मौजूदा दौर में लागत में कमी और प्रभावी जोखिम प्रबंधन किसी भी संगठन के लिए महत्वपूर्ण प्राथमिकताएं हैं। इसके अतिरिक्त, समय-समय पर और प्रभावी नियामक अनुपालन की बदलती-बढ़ती जिम्मेदारी व्यापार संचालन के क्षेत्र में एक चुनौती है। सीटीपीसी चुनौतियों को प्रभावी ढ़ंग से संभालने और लेनदेन बैंकिंग के अगले स्तर पर जाने के लिए तैयार है। बैंक जल्द ही चेन्नई में दूसरा सीटीपीसी भी खोलेगा।

### Apple ने दिसंबर तिमाही में कमाया रिकॉर्ड 1.56 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा

■ एजेंसी, सैन फ्रांसिस्को

**सैन फ्रांसिस्को।** आईफोन बनाने वाली कंपनी ऐपल ने पिछले साल की अक्टूबर-दिसंबर में तिमाही में रिकॉर्ड मुनाफा कमाया है। कंपनी की डिजिटल सेवाओं और पहनने योग्य प्रौद्योगिकी उपकरणों की बिक्री के साथ-साथ आईफोन की बढ़ी बिक्री ने भी कंपनी को लाभ कमाने में मदद की है। समीक्षावधि में कंपनी का नेट प्रॉफिट अब तक का सबसे ऊंचा यानी 1.56 लाख करोड़ रुपए (22 अरब डॉलर) रहा। जबकि इस दौरान कंपनी की कुल राजस्व आय 6.52 लाख करोड़ रुपए (91.8 अरब डॉलर) रही। कंपनी के मुख्य कार्यकारी टिम कुक ने कहा, एपल की अब तक की सबसे अधिक तिमाही आय से हम रोमांचित हैं।

# घट गए सोने के दाम, चांदी में भी आई भारी गिरावट

■ एजेंसी, नई दिल्ली

सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। सोने में बुधवार को 182 रुपए की गिरावट आई है। इस गिरावट से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अब सोने की कीमत 41,019 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई है।

एचडीएफसी सिक्युरिटीज के अनुसार, रुपए में मजबूती के चलते सोने की कीमत में यह गिरावट दर्ज की गई है। गौरतलब है कि सोना मंगलवार को 41,201 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने के साथ ही चांदी में बुधवार को भारी गिरावट दर्ज की गई है। चांदी में बुधवार को 1,083 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है।

इस गिरावट से अब चांदी का भाव 46,610 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया है। गौरतलब है कि चांदी मंगलवार को 47,693 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई थी। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का कारोबारियों की लिवाली कम होने के चलते चांदी में यह गिरावट देखी गई है। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी) तपन पटेल ने बताया कि दिल्ली में 24 कैरेट सोने के दाम में भी बुधवार को 182 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में गिरावट और रुपये की मजबूती के चलते सोने में यह गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि भारतीय रुपया गुरुवार को एक डॉलर के मुकाबले 12 पैसे मजबूत होकर कारोबार कर रहा था। भारतीय रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में एक डॉलर के मुकाबले 10 पैसे मजबूत होकर 71.21 पर ट्रेंड कर रहा था। वहीं, वैश्विक बाजार की बात करें, तो सोना मामूली बढ़त के साथ 1,568 डॉलर प्रति औंस पर और चांदी 17.47 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेंड कर रही थी।



## सार-समाचार

### नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया

■ एजेंसी, पोटचेफ्स्ट्रूम

भारत के स्टार चक्काफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कोहनी की चोट से उबरने के बाद प्रभावी वापसी करते हुए एसीएनई लीग में 87.86 मीटर का थ्रो फेंककर तोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर लिया। बाईस वर्ष के चोपड़ा 2019 में चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर रहे थे। उन्होंने अपने चौथे प्रयास में 85 मीटर का ओलंपिक क्वालीफिकेशन मार्क हासिल किया। उन्होंने शुरूआत 81.76 मीटर से की और हर थ्रो के साथ बेहतर स्कोर करते गए। उनका दूसरा प्रयास 82 मीटर और तीसरा 82.57 मीटर का था। नीरज ने ट्वीट किया, '' प्रतिस्पर्धा में लौटकर अच्छा लग रहा है। सभी को उनकी शुभकामनाओं और सहयोग के लिए धन्यवाद।'' भारत के रोहित यादव 77.61 मीटर का थ्रो फेंककर दूसरे स्थान पर रहे। बाकी तीन प्रतियोगी 70 मीटर के पार भी नहीं जा सके। नीरज पिछले साल आईएएएफ विश्व चैम्पियनशिप, डायमंड लीग और एशियाई चैम्पियनशिप से चोट के कारण बाहर रहे थे। उन्होंने आखिरी बड़ा टूर्नामेंट जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में भाग लिया था जिसमें 88.06 मीटर के रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता था । नीरज का मई में ऑपरेशन हुआ। उन्हें साल के आखिर में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उतरना था लेकिन एएफआई से हरी झंडी नहीं मिली। राष्ट्रीय रिकार्डधारी केटी इरफान पैदल चाल में, अविनाश साबले पुरुषों के 3000 मीटर स्टीपलचेस और देश की मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम भी ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।

### रवि यादव ने रचा इतिहास, डेब्यू मैच के पहले ही ओवर में ली हैट्रिक

■ एजेंसी, नई दिल्ली

इंदौर में मध्य प्रदेश और और उत्तर प्रदेश के बीच खेले जा रहे रणजी मुकाबले में रवि यादव ने वो कारनामा कर दिया है, जो आजतक कोई गेंदबाज नहीं कर पाया है। रणजी ट्रॉफी में रवि यादव का यह डेब्यू मैच था।



मध्य प्रदेश के पेसर ने अपने पहले मैच के पहले ही ओवर में हैट्रिक लेकर रणजी क्रिकेट में एक नया इतिहास रच दिया है। उत्तर प्रदेश के खिलाफ इंदौर के होल्कर स्टेडियम में उन्होंने पांच विकेट लिए। चोटों की वजह से 28 वर्षीय रवि यादव को डेब्यू करने में समय लगा। लेकिन पहले ही ओवर में उन्होंने आर्यन जुयाल, अंकित राजपूत और समीर रिजवी की विकेट लेकर हैट्रिक बनाई। रवि यादव ने तीसरी गेंद पर विकेटों का खाता खोला। रवि यादव की गेंद पर आर्यन जुयाल 13 रन बनाकर अजय रोहेरा द्वारा कैच आउट हो गए। इसके बाद दो लगातार गेंदों पर उन्होंने अंकित राजपूत और समीर रिजवी को आउट कर दिया। अंकित और समीर दोनों ही रवि यादव की गति से चकमा खाकर बोल्ड आउट हुए। इससे पहले मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 230 रन बनाए। यश दुबे ने हाफ सेंचुरी बनाई। इस मैच में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सौरभ कुमार की 98 रन की नाबाद पारी खेल उत्तर प्रदेश को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला, जिन्होंने टीम मध्य प्रदेश की पहली पारी में 230 रन के जबाब में 216 रन बना सकी। दिन का खेल खत्म होने तक मध्य प्रदेश ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 105 रन बना ली थी, जिससे उनकी कुल बढ़त 119 रन की हो गई थी। उत्तर प्रदेश ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 22 रन से की लेकिन रवि यादव (61 रन पर पांच विकेट) और गौरव यादव (73 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने टीम ने 46 रन पर सातवां विकेट गंवा दिया।

# रोहित के लगातार 2 छक्कों से सुपर ओवर में जीता भारत, न्यूजीलैंड में रचा इतिहास

■ एजेंसी, हेमिल्टन



भारत ने हेमिल्टन टी-20 मैच को सुपरओवर में जीत लिया है। सुपर ओवर में न्यूजीलैंड की तरफ से केन विलियमसन और मार्टिन गप्टिल बल्लेबाजी के लिए उतरे। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने सुपर ओवर किया। सुपरओवर में न्यूजीलैंड ने 17 रन बनाए और भारत को जीत के लिए 18 रनों का टारगेट दिया। जवाब में रोहित शर्मा और केएल राहुल सुपरओवर खेलने के लिए उतरे। न्यूजीलैंड की तरफ से टिम सउदी ने सुपर ओवर डाला। आखिरी की दो गेंदों पर भारत को जीत के लिए 10 रनों की जरूरत थी। ऐसे में रोहित ने आखिरी की दो गेंदों पर लगातार दो छक्के जड़कर भारत को जीत दिला दी।

भारत ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली है। भारत ने यह मैच जीतकर न्यूजीलैंड की धरती पर इतिहास रच दिया है। इस मैच में जीत के साथ ही भारत ने पहली बार न्यूजीलैंड की धरती पर कीवियों के खिलाफ द्विपक्षीय टी-20 इंटरनेशनल सीरीज फतह कर ली। भारत इससे पहले न्यूजीलैंड की धरती पर द्विपक्षीय टी-20 इंटरनेशनल सीरीज नहीं जीत पाया था।

भारत ने न्यूजीलैंड की धरती पर कीवियों के खिलाफ पहली बार द्विपक्षीय टी-20 इंटरनेशनल सीरीज साल 2008-2009 में खेली गई थी। दो मैचों की इस टी-20 सीरीज में भारत को 0-2 से हार झेलनी पड़ी थी। इसके बाद भारत को 2018-2019 में खेली गई टी-20 इंटरनेशनल सीरीज में न्यूजीलैंड ने 2-1 से हराया था। इसी के साथ ही भारत ने 11 साल में पहली बार न्यूजीलैंड की धरती पर द्विपक्षीय टी-20 इंटरनेशनल सीरीज जीती है। बता दें कि मौजूदा टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 6 विकेट से शिकस्त दी थी। इसके बाद दूसरे टी-20 मैच को भी भारत ने 7 विकेट से जीता और अब हेमिल्टन में भी तीसरे टी-20 में जीत के साथ भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली।

न्यूजीलैंड के लिए कप्तान केन विलियमसन ने 95 रनों की पारी खेली, लेकिन वे जीत नहीं दिला सके। न्यूजीलैंड को आखिरी ओवर में जीत के लिए 9 रन बनाने थे, लेकिन मोहम्मद शमी ने सिर्फ 8 रन ही दिए। उन्होंने आखिरी गेंद पर रॉस टेलर को आउट कर मैच टाई करा दिया। मार्टिन गुप्टिल 31 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने कॉलिन मुनरो के साथ पहले विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी की। गप्टिल को शार्दुल ने आउट किया। मुनरो (14) को जडेजा ने राहुल के हाथों स्टंप कराया। मिशेल सेंटनर (9) को चहल ने बोल्ड किया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट गंवा कर 179 रन बनाए और न्यूजीलैंड को जीत के लिए 180 रनों का टारगेट दिया। भारत के लिए रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा 65 रनों की पारी खेली। इससे पहले न्यूजीलैंड ने लगातार तीसरी बार टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। मेजबान टीम में ब्लेयर टिक्नेर की जगह स्कॉट कुग्गेलैन को शामिल किया गया। भारतीय टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया था। राहुल और रोहित ने आते ही आक्रामक अंदाज में खेलते हुए न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की मैदान के चारों ओर धुनाई की। टिम साउदी और हामिश बेनेट दोनों महंगे साबित हुए। साउदी को कोई विकेट भी नहीं मिल सका, जबकि बेनेट ने तीन विकेट चटकाए।

### विराट कोहली टी-20 में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय, धोनी को पीछे छोड़ा



■ एजेंसी, नई दिल्ली

विराट कोहली टी-20 में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा 1126 रन बनाने वाले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी (1112 रन) को पीछे छोड़ दिया है। कोहली ने यह उपलब्धि बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ हैमिल्टन मैच में हासिल की। उन्होंने मैच में अपना 25 रन पूरा करते ही धोनी को पीछे छोड़ दिया था। कोहली ने मैच में 27 गेंद पर 38 रन की पारी खेली। धोनी ने बतौर कप्तान 72 मैच में 37.06 की औसत से 1112 रन बनाए थे। कोहली ने उन्हें 36वें मैच में ही पीछे छोड़ दिया और 45.04 की औसत से 1126 रन बनाए। तीसरे स्थान पर रोहित शर्मा हैं। उन्होंने 18 मैच में 38.35 की औसत से 652 रन बनाए।

कोहली ने टी-20 करियर में 80 मैच खेले हैं, जिनमें 51.54 की औसत से 2783 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 24 अर्धशतक लगाए। वे शतक लगाने में कामयाब नहीं हो सके। वहीं, धोनी ने 98 टी-20 खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 37.60 की औसत से 1617 रन बनाए हैं। उन्होंने अपना पिछला मैच 27 फरवरी 2019 को बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

### सचिन तेंदुलकर ने युवाओं को दी नसीहत, कहा- शॉर्ट कट लेने और धोखा देने से बचें

■ एजेंसी, मुंबई

भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज और महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने युवाओं को नसीहत दी है। सचिन तेंदुलकर ने अपना उदाहरण देते हुए युवाओं से कहा कि अगर वे दुनिया के सामने अपनी कमजोरी नहीं लाना चाहते हैं तो शॉर्ट कट लेने और धोखा देने से बचें।

सचिन तेंदुलकर ने कहा, मैंने अपनी जिंदगी में कई चीजें देखी हैं। जिसमें जो बात मुझे याद आती है वह है अनुशासन, एकाग्रता, ध्यान और योजना के बारे में बात करना, लेकिन इन सबसे ऊपर मुझे लगता है कि ऐसे कई मौके आए जब मैं अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। मैं विफल भी हुआ, लेकिन खेल और सही टीम ने मुझे बिना किसी शॉर्ट कट के फिर से अपने पैरों पर खड़ा होने के बारे में सिखाया। आपके रास्ते में कई कड़ी चुनौती आएंगी, लेकिन अगर आप ईमानदारी से उनका सामना करेंगे तो दुनिया के सामने आपकी कमजोरी उजागर नहीं होगी। तेंदुलकर यहां इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक गैटिंग और मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष विजय पाटिल के साथ तेंदुलकर मिडिलसेक्स ग्लोबल अकादमी डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स सेंटर के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। उन्होंने छात्रों को खेल और पढ़ाई के बीच सामंजस्य बैठाने की सलाह दी। तेंदुलकर ने कहा, मैं कहना चाहूंगा कि दोनों चीजों पर ध्यान देना जरूरी है। सामंजस्य बैठाना जरूरी है। जब आप मैदान में होते हैं तो खेल पर ध्यान दें और जब आप पढ़ाई कर रहे होते हैं तो उसके बारे में ही सोचें।

# BCCI ने कहा एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान भले करे लेकिन हम पाकिस्तान कतई नहीं जाएंगे

■ एजेंसी, नई दिल्ली




भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने साफ कर दिया है कि उसे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एशिया कप की मेजबानी करने से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन वो टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। बीसीसीआई ने कहा है कि एशिया कप का स्तर तटस्थ होना चाहिए, क्योंकि उसके लिए इस समय पाकिस्तान जाना विकल्प ही नहीं है।

इसी साल एशिया कप खेला जाना है, जो इसी साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्वकप की तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा है कि मेजबानी का कोई मुद्दा नहीं है और यह सिर्फ तटस्थ स्थल पर खेलने की बात है, क्योंकि भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। अधिकारी ने कहा, सवाल यह नहीं है कि पीसीबी मेजबानी कर रही है। यह टूर्नामेंट के स्थल की बात है। अभी इस समय जैसी चीजें हैं, यह साफ है कि हमें तटस्थ स्थल चाहिए होंगे। ऐसी कोई संभावना नहीं है कि भारत मल्टीनेशन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने भी पाकिस्तान जाए। अगर एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) इस बात से खुश है कि एशिया कप बिना भारत के हो तो यह अलग बात है। लेकिन अगर भारत को एशिया कप का हिस्सा होना है तो यह जरूरी है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में न हो।

2018 में एशिया कप भारत में होना था, लेकिन पाकिस्तानी खिलाड़ियों को लेकर वीजा की समस्या हुई थी और इसी कारण एशिया कप संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में कराया गया था और इसकी मेजबानी बीसीसीआई ने की थी। अधिकारी ने कहा कि पीसीबी भी यही कर सकता है। उन्होंने कहा, तटस्थ स्थल हमेशा से विकल्प रहते हैं। बीसीसीआई ने 2018 में यह किया था। पाकिस्तान में 2009 में श्रीलंका क्रिकेट टीम की बस पर आतंकवादियों में हमला कर दिया था तब से पाकिस्तान में इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं हुआ था, लेकिन हाल ही में श्रीलंका ने पाकिस्तान का दौरा किया और अभी इस समय बांग्लादेश भी दौरे पर है। भारत और पाकिस्तान का मुद्दा हालांकि इससे भी ज्यादा है। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंधों के कारण यह स्थिति है कि भारत किसी भी सूरत में मौजूदा हाल में पाकिस्तान का दौरा नहीं कर सकता।

MARUTI SUZUKI ARENA

HAPPY New Year 2020

# मारुति सुज़ुकी कार के साथ अपने नए साल को बनायें और भी खास.

घर ले आएं अपनी पसंदीदा कार, आकर्षक ऑफ़र्स के साथ.




## बड़ी बचत

WAGONR ₹35 100*
DZIRE ₹77 000*
ALTO ₹50 100*
SWIFT ₹70 750*
S-PRESSO ₹17 500*
CELERIO ₹45 100*
VITARA BREZZA ₹84 500*
EECO ₹40 100*

2 दिन बाकी

WAGONR ALTO S-PRESSO ERTIGA VITARA BREZZA DZIRE SWIFT CELERIO EECO

E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: ankit.syal@maruti.co.in | **अतिरिक्त ऑफ़र: पाएं 2019 स्टॉक पर ₹10 000 तक की अतिरिक्त बचत.

**AUTHORISED DEALERS: JODHPUR: SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: CALL: 9929220914, 9929100157, 9929244412. BHINMAL: CALL: 02969-222438, 9929244404. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: CALL: 0291- 2630478 / 79 / 80, 8094017715. **AUDI MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 7412092350. **JAIPUR: PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: CALL: 8058794167 / 8058794137. SAWAI MADHOPUR: CALL: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: CALL: 8058794021. BAGRU: CALL: 8058794032. KOTPUTLI: CALL: 8058794121. JOBNER: CALL: 8058796065. RENWAL: CALL: 8058600117. DUDU: CALL: 8058794168. PHAGI: CALL: 8058403338. KANOTA: CALL: 8058794341. **VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: CALL: 9460654936. LALSOT: CALL: 9928823931. BANDIKUI: CALL: 9887456970. MAHWA: CALL: 8949911328. MEHANDIPUR BALAJI: CALL: 9414389047. UNIARA: CALL: 9694899000. **MG MOTORS:** TODABHEEM: CALL: 9116149699. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: CALL: 9549651924. CHAKSU: CALL: 9549651926. SHAHPURA: CALL: 8696925275. DEOLI: CALL: 8696934957. MALPURA: CALL: 9549650513. NIWAI: CALL: 9667777114. PAOTA: CALL: 9549650495. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** CHOMU: (MORIJA ROAD): CALL: 9772210096 / 9772210906. GOVINDGARH: CALL: 9772210451. **AJMER: RELAN MOTORS**: CALL: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: CALL: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. **ALWAR: MG MOTORS**: CALL: 9001795510, 9001785515, 9001795517, 8003692651, 7073458904. **BIKANER: AUDI MOTORS**: CALL: 0151-2251819, 9414138509. **DUDI AUTOMOBILES:** CALL: 7412075123, 7412075151. **SRIGANGANAGAR: AUDI MOTORS**: CALL: 0154-2466225, 8955559963. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: 9828524515. **JHUNJHUNU: AUDI MOTORS**: CALL: (01595) 250025, 8955664400. **CHURU: AUDI MOTORS:** CALL: 01562-250696, 8875010502. **KOTA: SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: CALL: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. **BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: CALL: 0744-2365092, 9829035100. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: CALL: 0744-2439000, 7230006839. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: CALL: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** CALL: 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** CALL: 02972-222917-18, 7665010638. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: CALL: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: CALL: 0294-2415142, 7230046381. **TECHNOY MOTORS**: GOVARDHAN VILLAS: CALL: 0294-2485158, 2485738, 9530396828. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: CALL: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES**: CALL: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. **CHAMPION CARS**: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: CALL: 9571272999.

* Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer, rural offer/corporate offer (Wherever Applicable) on New WagonR (all variants), New Alto (all variants), S Presso (all variants), Vitara Brezza Diesel (all variants), Dzire Diesel (all variants), Swift Diesel (all variants), Celerio (all variants) and Eeco (all variants). Free 5 year warranty (2 years standard + 3 years extended) is applicable only on Dzire Diesel, Swift Diesel and Vitara Brezza Diesel and the above offers for the same are inclusive of the warranty amount. **Additional offer up to ₹10 000 is applicable on selected models and variants of 2019 stock. Additional offer is valid only if invoicing is done from 1st January 2020 to 31st January 2020 and purchase of Maruti insurance from 1st January 2020 to 5th February 2020. Additional offer is valid till 2019 stock lasts. Terms and Conditions apply. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For Diesel variants, warranty amount or equivalent cash discount amount calculated is of the highest variant. Accessories and features shown in the pictures may not be a part of the standard equipment and may vary according to the variant. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Offers valid till 31st January 2020.


मैसर्स जलतेदीप की ओर से मुद्रक प्रकाशक पदम मेहता द्वारा मेहता ऑफसेट प्रिंटर्स, मानजी का हत्था, पावटा, जोधपुर से मुद्रित तथा जलतेदीप कार्यालय, मानजी का हत्था, पावटा, जोधपुर द्वारा प्रकाशित। प्रधान संपादक : पदम मेहता फोन : 2546896 फैक्स : 2544896